बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 15 मई 2024
वर्ष 4, अंक 87, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

व्यापक क्षेत्र में फैली हुई हैं उपग्रह आकाशगंगा 14

अच्छा है इंपेक्ट प्लेयर नियम : शास्त्री 13

CYNTHIA
SR SEC SCHOOL HALDWANI

Kudos
ACHIEVERS
CBSE BOARD RESULTS (2023-24)

TOPPERS OF CLASS XII

MISHA BANGIA (96.8%)

SHREYA NAINIWAL (96%)

SHEETAL SHAH (95%)

AMAN PURI (94.8%)

MANAS JOSHI (92.8%)

RIYA (92.6%)

TANISHK JOSHI (91.8%)

SHIVAM LOHANI (91.8%)

KARTIKEY BHAKUNI (91.2%)

RISABH NAINWAL (91%)

KOMAL ANAND (90.8%)

RAHUL BORA (90.2%)

TOPPERS OF CLASS X

BHAWESH JOSHI (98.4%)

TANISHA JOSHI (97.8%)

SHAURYA KATYURA (97.4%)

PANKAJ RAUTELA (95.8%)

VARTIKA PANT (95.4%)

ANSHIKA GARG (95.2%)

TANU SINGH (95.2%)

VAIBHAV JOSHI (95%)

NIKITA JOSHI (94.6%)

VINEET CHAUDHARY (94%)

PRANAV PANDEY (93.8%)

RITIK BHATT (93.8%)

KRISHNA BISHT (93.2%)

PRERANA JOSHI (93.2%)

VANDANA JOSHI (93%)

PRAFFUL PRABHAV PANT (92.2%)

SUBHAM MEHTA (92.2%)

DEEPIKA DEWAL (90.8%)

ISHITA JOSHI (90.4%)

VAIBHAV (90.4%)

ARADHYA S JOSHI (90.2%)

SHRISHTI JOSHI (90.2%)

RAKSHIT TRIPATHI (90.2%)

आम लोगों, स्थानीय व्यापारियों और पर्यटकों को जाम से मुक्ति मिलने की उम्मीद, बहुत जल्दी हो जायेगी पार्किंग की शुरुआत

अंतिम चरण में है भवाली की मल्टीस्टोरी पार्किंग का निर्माण

संवाददाता, भवाली

अमृत विचार : भवाली चौराहे पर रोडवेज कार्यशाला में लगभग 12 करोड़ से बन रही मल्टीस्टोरी पार्किंग का निर्माण अन्तिम चरण में है। बहुत जल्दी इस मल्टीस्टोरी पार्किंग की शुरुआत हो जायेगी, जिससे आम लोगों व स्थानीय व्यापारियों व पर्यटकों को भवाली में लगने वाले जाम से कुछ हद तक मुक्ति मिल जायेगी, क्योंकि अभी तक स्थानीय लोगों व पर्यटकों के वाहन सड़क किनारे व बाजार में खड़े रहने से हमेशा जाम की स्थिती बनी रहती है, जिससे कि जाम की स्थिति से निपटने में पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

वहीं दूसरी तरफ पुराने लकड़ी टाल में भी मल्टीप्लैक्स व पार्किंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसके पूरा होने से भवाली की पार्किंग की समस्या पूरी तरह से समाप्त होने की सम्भावना है। नगर पालिका के हिस्से की भूमि पर बन रहे इस मल्टी स्टोरी पार्किंग से पूर्व उत्तराखण्ड परिवहन निगम की भवाली डिपो की कार्यशाला थी, जिसका पालिका की ओर से प्रस्ताव पारित कर शासन के माध्यम से कार्यशाला को फरसौली में स्थानांतरित करवाकर उक्त भूमि को पार्किंग के लिए हस्तानतरित किया गया।

भवाली में बन रही मल्टीस्टोरी पार्किंग। ● अमृत विचार

जनप्रतिनिधि बोले

पालिका की भूमि पर स्थापित रोडवेज स्टेशन, नवीन निर्माण व मल्टीस्टोरी पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव जनहित में पारित किया है। यह नगर की पहली मल्टी स्टोरी पार्किंग है, जिसका कार्य अंतिम चरण में है। **–संजय वर्मा**, निवर्तमान अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, भवाली

यह पहल हमारे तत्कालीन पालिकाध्यक्ष भूबन सिंह अधिकारी के समय से हैं। निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। डबल नहीं ट्रिपल इंजन की सरकार (पालिका भाजपा) होने पर भी समय पर कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। **– खष्टी बिष्ट**, कांग्रेस नेत्री व पूर्व दर्जा राज्य मंत्री

इतने बड़े प्रोजेक्ट को भवाली में लाने का श्रेय पूर्व कैबिनेट परिवहन मंत्री यशपाल आर्य को जाता है। आज श्रेय चाहे कोई भी ले, पर ये किसी और के बस की बात नहीं थी। उन्हीं के प्रयास से यह सम्भव हो पाया था। **–दयाल चन्द्र आर्य**, भूतपूर्व पालिका अध्यक्ष, भवाली

भवाली में जाम की समस्या बढ़ती ही जा रही थी, जिससे व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा था। मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से बहुत जल्द यह तोहफा भवाली वासियों को मिलेगा। **–नरेश पाण्डे**, व्यापार मंडल अध्यक्ष व जिला कार्यकारिणी सदस्य

यह परियोजना एक मील का पत्थर साबित होगा, वहीं कई स्थानीय युवाओं को इससे रोजगार भी मिलेगा। संचालन स्थानीय लोगों को मिले तो बेहतर होगा। **–नन्द किशोर पाण्डे**, निर्वतमान सभासद, नगर पालिका भवाली

भाजपा के शासन व मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशन से राज्य में विकास कार्य प्रगति पर है। यह भी हमारी सरकार की उपलब्धि है। बहुत जल्द लोगों को इसका लाभ मिलेगा। **–प्रकाश आर्य** जिला मंत्री, भाजपा नैनीताल

झील के लिए खतरनाक मछलियों को निकाला बाहर

60 प्रतिशत है कॉमन कॉर्प और बिग हेड मछलियों की संख्या, कार्बन-नाइट्रोजन और फास्फोरस की मात्रा बढ़ा रहीं

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनी झील के अस्तित्व के लिए खतरा बन चुकीं बिगहेड और कॉमन कॉर्प मछलियों को निकालने का काम एक बार फिर शुरू कर दिया है।

झील की संरचना की रखरखाव व झील को ऑक्सीजन सप्लाई करने वाली एजेंसी लेक एरीएसन के सुपरवाइजर आनंद सिंह कोरंगा ने बताया कि नैनीताल की जीवनदायिनी नैनी झील में करीब 60 प्रतिशत के आसपास कॉमन कॉर्प और बिगहेड मछलियां हैं जो झील के अस्तित्व के लिए खतरनाक हैं। जिन्हें अब झील से निकालने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिला विकास प्राधिकरण ने झील से मछलियां निकालने के लिए रुद्रपुर की बायो मैनिपुलेशन को 26.45 लाख ठेका दिया है जो इस दौरान नैनी झील में एक किलो से अधिक वजनी बिग हेड और कॉमन कॉर्प मछलियों को निकालने का काम कर रही है।

बताते चलें कि पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन में पता चला था कि नैनी झील के अस्तित्व के लिए कॉमन कॉर्प मछलियां बेहद खतरनाक हैं, जिन्हें निकाले जाने की आवश्यकता है। वर्ष 2008 में नैनी झील से खतरनाक प्रजाति की कॉमन कॉर्प व बिगहेड मछलियों को निकालने का काम किया गया था, जो कुछ दिन चलने के बाद रुक गया। वहीं बीते वर्ष तत्कालीन जिलाधिकारी धीरज गब्र्याल द्वारा नैनी झील के लिए करवाए गए सर्वे के आधार पर एक बार फिर झील से खतरनाक कॉमन क्राप मछलियों को निकालने के निर्देश दिए थे। पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की रिपोर्ट में बताया गया कि झील में कॉमन कॉर्प मछली भोजन की तलाश में नैनी झील की सुरक्षा दीवारों को लगातार खोखला कर रही हैं, जिससे झील के किनारे की दीवारों और पहाड़ियों पर भूस्खलन हो रहा है।

इन मछलियों को झील से निकाला जाना बेहद आवश्यक है। कॉमन कॉर्प मछली की प्रजाति दूसरी प्रजाति को अपने साथ पनपने भी नहीं देती है, जो नैनी झील के लिए चिंता का विषय है। कॉमन कॉर्प मछली ने कश्मीर डल झील और मणिपुर लोकटस झील को भी को खत्म कर दिया था। कॉमन कॉर्प प्रजाति की वजह से नैनी झील में कार्बन, नाइट्रोजन और फास्फोरस भी बढ़ रहा है, जो कि झील की सेहत के लिए ठीक नहीं।

नैनीझील से मछलियां निकालते मछुआरे। ● अमृत विचार

झील के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए पालीं महाशीर मछलियां

नैनी झील को प्रदूषण रहित रखने के लिए यहां महाशीर, कामन कॉर्प मंगूरा मछलियां पाली गई हैं जो झील के पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखती हैं, लेकिन वर्ष 2004 में झील में एरेशन करने के दौरान पता चला कि झील को प्रदूषित व नुकसान पहुंचाने वाली बिगहेड, कॉमन कॉर्प व गम्बुशिया मछली भी झील में हैं। झील विकास प्राधिकरण व पंतनगर मत्स्य महाविद्यालय के बीच करार हुआ कि झील को प्रदूषित करने वाली इन मछलियों को समय समय पर निकाला जायेगा। 2004-05 में गम्बुशिया व बिगहेड मछलियां को निकालने का कार्य शुरू हुआ। झील में अब गम्बुशिया मछली तो नहीं हैं लेकिन बिगहेड मछलियां काफी संख्या में हैं। अब कॉमन कॉर्प व बिगहेड मछली को निकालने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

श्रीलंका में मिलने वाली मछली की प्रजाति है कॉमन कॉर्प

कॉमन कॉर्प मछली मूल रूप से श्रीलंका में पाई जाने वाली मछली की प्रजाति है जो कई वर्ष पूर्व नैनी झील के पारिस्थितिकी तंत्र को नियंत्रित करने के लिए मत्स्य विभाग द्वारा नैनी झील में डाली गई थी, लेकिन कॉमन कॉर्प नैनी झील के संरक्षण व संवर्धन के लिए उपयुक्त साबित नहीं हुई। जिस वजह से इस मछली की झील में उपलब्धता के चलते झील और शहर के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न होने लगा, जिसको देखते हुए अब कॉमन कॉर्प प्रजाति की मछली को झील से निकला जा रहा है।

झील मित्र मछलियों को नहीं पनपने देती बिगहेड

पर्यावरण प्रेमी व नैनीताल एक्वेटिक एंड एडवेंचर (नासा) के अध्यक्ष यशपाल रावत का कहना है कि झील में काफी संख्या में बिगहेड भारी मात्रा में देखी जा रही है। इन मछलियों के मल से निकले तरल पदार्थों के कारण झील के किनारे में एक परत पैदा करती है जो झील के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए नुकसान दायक है। इसके अलावा है मछली झील की लाभदायक वनस्पति को भी नुकसान पहुंचाती है। इनकी प्रजनन क्षमता अधिक होने के कारण यह तेजी से पनपती है। अन्य मछलियों के अंडों को भी यह नुकसान पहुंचाती है।

वरिष्ठ पत्रकार विजय तिवारी का निधन

हल्द्वानी : वरिष्ठ पत्रकार विजय तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पत्रकारों में शोक है।

रामपुर रोड गली नंबर 7 निवासी वरिष्ठ पत्रकार विजय तिवारी ने मंगलवार की दोपहर अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा। अंतिम यात्रा प्रातः 8 बजे उनके निवास स्थान से चित्रशिला घाट के लिए रवाना होगी। विजय तिवारी लंबे समय से पत्रकारिता से जुड़े थे। साप्ताहिक समाचार पत्र लोकालय का संपादन कर रहे थे। उनके पिता गोवर्धन तिवारी उत्तर प्रदेश में मंत्री रहे थे। वह वर्ष 1995 से 2000 तक हल्द्वानी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रहे और पत्रकारों के हित के लिए काम किया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर से जहां परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। एनयूजेआई प्रदेश अध्यक्ष संजय तलवार ने विजय तिवारी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उनका कहना है कि तिवारी ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

सार-संक्षेप

सिविल जज सीनियर डिवीजन पुनीत कुमार को सम्मानित करते संघ के अध्यक्ष व अन्य।

बार संघ ने न्यायिक अधिकारियों को दी विदाई

नैनीताल : जिला बार संघ ने मंगलवार को न्यायिक अधिकारियों का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया। बार सभागार में आयोजित समारोह में सिविल जज सीनियर डिवीजन पुनीत कुमार, एसीजेएम ज्योत्सना सिंह को विदाई दी गयी। इससे पहले दोनों ही न्यायिक अधिकारियों को बार संघ पदाधिकारियों की ओर से सम्मानित भी किया गया। संघ के अध्यक्ष मनीष मोहन जोशी ने सिविल जज पुनीत कुमार की कार्यशैली की सराहना कर उन्हें बेहद शालीन संवेदनशील व न्यायप्रिय बताते हुए अधिवक्ताओं के प्रति उनके व्यवहार को उच्चतम स्तर का बताया। सचिव भानु प्रताप मौनी ने एसीजे एम ज्योत्सना सिंह की कार्यशैली की सराहना की। सिविल जज सीनियर डिवीजन पुनीत कुमार ने बार संघ की प्रशंसा कर उसे व्यावहारिक बताया। इस दौरान जिला जज सुबीर कुमार प्रथम, अपर जिला जज राहुल गर्ग, द्वितीय अपर जिला जज विजय लक्ष्मी विहान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश, प्रथम न्यायिक अशिकारी रुचिका गोयल आदि मौजूद रहे।

कैडेटों का विशेष निरीक्षण

भीमताल : ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर के राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्रों का विशेष निरीक्षण हुआ। निरीक्षण के दौरान कोमोडोर बलराजेश सिंह ने बच्चों के साथ वार्तालाप किया, जिसमें सूटिंग रेंज व ऑफसिटिकल ग्राउन्ड भीमताल परिसर में एनसीसी की जरूरतें व उपस्थिति के बारे में चर्चा हुई। इस दौरान नेबल यूनिट के कोमोडोर बलराजेश सिंह, कमांडिंग आफिसर कर्नल राजेश कौशिक, ट्रेनिंग आफिसर कर्नल रोहित आसवा के अलावा ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के निदेशक से/नि कर्नल अनिल कुमार व एएनओए लेफ्टिनेन्ट सूरज धौनी उपस्थित थे।

जल्दी खुलेंगे टेंडर

नैनीताल : आचार संहिता लगने के बाद से पालिका के बहुत से काम रुक गए हैं, जिससे पालिका कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन से अनुमति ना मिलने के कारण नैनीताल डीएसए पार्किंग का टेंडर, भवाली में लगने वाला कूड़ा रिसाइकल प्लांट का टेंडर और डोर टू डोर का टेंडर रुका हुआ है। पालिका की ओर से टेंडरो को लेकर पुरी तैयारी है, लेकिन पालिका को शासन से इन टेंडरों को जारी करने की अनुमति नहीं मिल रही है, जिससे पालिका के साथ साथ स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पालिका कर्मचारियों को वेतन ना मिलने के कारण पालिका कर्मचारी भी परेशान हैं।

कारों की भिड़ंत में दो अधिवक्ता चोटिल

नैनीताल : नैनीताल से रामनगर की ओर को जाते हुए अधिवक्ताओं की कार को सामने से आती पर्यटकों की कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर से कार में सवार दो अधिवक्ता चोटिल हो गए। तल्लीताल निवासी अधिवक्ता मुकुल लोहनी दो अधिवक्ताओं के साथ काम से रामनगर जा रहे थे। अधिवक्ता कालाढूंगी रोड में मंगोली के समीप पहुंचे ही थे कि कालाढूंगी की ओर से आती यूपी के पर्यटकों की कार ने उनकी कार को सामने से टक्कर मार दी। कारों की भिड़ंत में कार में सवार दो अधिवक्ता मुकुल लोहनी व अधिवक्ता राजू गंभीर रूप से चोटिल हो गए। सूचना के बाद पहुंचे अधिवक्ताओं ने चोटिलों को बीडी पाण्डे अस्पताल पहुंचाया। बीडी पांडे अस्पताल में उपचार के बाद दोनों चोटिलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। अधिवक्ताओं की ओर से पर्यटकों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

भीमताल झील के मुख्य ड्रेन ए की सफाई की मांग

बंटी आर्या।

भीमताल : भीमताल झील के मुख्य ड्रेन ए की पूर्ण रूप से सफाई कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है। निर्वतमान सभासद बंटी आर्या ने बताया कि वर्तमान में ड्रेन ए में टनों मलबा एकत्र है जो कि बरसात के समय बहकर झील में समा जाएगा। वहीं बताया कि कई स्थानों में तो यह स्तिथि है कि थोड़ी सी बरसात होने पर पानी सड़क में बहेगा। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत करने और नाले को पूर्ण रूप से बरसात से पूर्व मलबा मुक्त करने की मांग की। इस दौरान बताया कि नहर के दोनों तरफ कई स्थानों में दीवारें भी क्षतिग्रस्त हैं जिनकी मरम्मत होनी आवश्यक है।

भवाली में बनने लगा पुल जाम से मिल जाएगी मुक्ति

संवाददाता, भवाली

अमृत विचार : लोनिवि (अस्थाई खंड) भवाली के अंतर्गत भवाली बाईपास अल्मोड़ा एनएच मार्ग में पांच करोड़ 47 लाख से बनने वाले टू लाइन पुल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पुल बन जाने से भवाली नगर में जाम की समस्या से निजाद मिल जाएगी। कुमाऊं के मुख्य द्वार भवाली नगर को जाम की समस्या से निजाद दिलाने में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नारायण दत्त तिवाड़ी ने वर्ष 2005-06 में बतौर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री भवाली बाई पास के निर्माण की घोषणा की थी, जिसके लिए टोकन मनी के रूप में धनराशी भी स्वीकृत की गयी थी। भवाली बाईपास का निर्माण दो पार्टों में होना था। मगर विभागीय कार्यवाही में विलम्ब के चलते बीते दो दशक से कछुवा गति से ये कार्य चल रहा था। अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से हर माह भवाली बाईपास की समीक्षा के चलते जहां इसके पूर्ण निर्माण के लिए धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर धरातल पर पुनः कार्य शुरू करवाया गया।

> भवाली बाईपास पुल का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तेजी से शुरू कर दिया गया है। पांच करोड़ 47 लाख से बनने वाला ये पुल भवाली सेनेटोरियम बाईपास सड़क को भवाली अल्मोड़ा एनएच मार्ग में श्मशान घाट भवाली के समीप जोड़ेगा, 30 मीटर स्पान का एक क्लास का ये टू लेन पुल होगा, जिसका निर्माण 12 माह में पूर्ण हो जायेगा। **–स्वाति पंत**, एई अस्थाई खंड, लोनिवि भवाली

सड़क पर घूमता दिखा तेंदुआ, दहशत

भय

- बारा पत्थर व घोड़ा स्टैंड में तेंदुए की दस्तक से भय का माहौल बना
- तेंदुए की चहलकदमी को लोगों ने मोबाइल में कैद किया

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीताल के बारा पत्थर क्षेत्र में देर रात सड़क पर तेंदुए की चहलकदमी जहां कार चालकों के आकर्षण का केंद्र बनी रही वहीं घोड़ा स्टैंड में तेंदुए की दस्तक से घोड़ा संचालकों में भय का माहौल व्याप्त हो गया।

बता दें कि नैनीताल में लंबे समय से तेंदुओं की दस्तक से लोग परेशान हैं। इधर सोमवार रात को भी नैनीताल के बारा पत्थर घोड़ा स्टैंड में तेंदुए की चहलकदमी को लोगों को अपने मोबाइलों में कैद किया। वीडियो में तेंदुआ घोड़ा स्टैंड से सड़क में उतरकर वाहनों की आवाजाही देखता नजर आ रहा है। तेंदुए को देखकर जहां वाहनों में सवार लोग रोमांचित नजर आए वहीं घोड़ा संचालकों में दहशत का माहौल है। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि बारा पत्थर क्षेत्र जंगल से जुड़ा क्षेत्र है। यहां तेंदुए का दिखना आम बात है। बताया कि क्षेत्र में नजर रखी जा रही है।

नैनीताल के बारा पत्थर क्षेत्र में देर रात सड़क पर चहलकदमी करता तेंदुआ।

तेंदुए के बच्चे मिलने की सूचना पर दौड़ी टीम

नैनीताल : डीएसबी रोड में सोमवार शाम लैपर्ड कैट के बच्चों को लोग तेंदुए के बच्चे समझ बैठे। तेंदुए के बच्चे मिलने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची टीम ने बच्चों को सड़क से हटाकर सुरक्षित जंगल की ओर भेज दिया। डीएसबी रोड में लोगों ने जंगली जानवर के बच्चों को टहलते देखा। इन बच्चों को लोग तेंदुए के बच्चे समझकर बैठे। इस कारण क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद काफी देर तक लोग सड़क से नहीं गुजरे। वहीं सूचना पर वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में पहुंचकर जायजा लिया। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में टीम को लैपर्ड कैट के बच्चे दिखाई दिए हैं, जिनको गलती से वह तेंदुए के बच्चे समझ बैठे। बताया कि लैपर्ड कैट के बच्चों को सुरक्षित जंगल भेज दिया है।

एनएसयूआई की डीएसबी परिसर इकाई का विस्तार

नैनीताल: एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शार्दुल नेगी द्वारा डीएसबी परिसर की इकाई का विस्तार किया है, जिसमे प्रियांशु बिष्ट, अभिषेक आर्य और प्रियांशु बेलवाल को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया है।

करन कुमार, संजय आर्य व अरशद अहमद को नगर सचिव और पारस सिंह बिष्ट और मोहम्मद अमन को नगर कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

निरीक्षण | डीआईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने किया पुलिस लाइन और कार्यालयों का निरीक्षण, दिए निर्देश

मामलों को लंबित रखने पर होगी कार्रवाई : डीआईजी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : डीआईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने मंगलवार को नैनीताल पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोतवाली, थाना और चौकी स्तर पर लंबित मामलों को जल्द से जल्द निस्तारित करें। जिन अधिकारियों ने बेवजह मामलों को लटकता हुआ है उन पर कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन में परेड का आयोजन किया गया, जिसके बाद डीआईजी ने पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण कर पुलिस कार्यालय और अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर, स्टोर, परिवहन शाखा, मैसे, बेरेक समेत विभिन्न कार्यालयों, शस्त्रागार का निरीक्षण किया। इस दौरान डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत ने शस्त्रागार में गंदगी देखकर नाराजगी व्यक्त कर शस्त्रागार और हथियारों को साफ रखने के निर्देश दिए।

परिवहन शाखा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाहनों की साफ-सफाई तथा फिटनेस का मेंटेनेंस का जायजा लिया और सम्बन्धित रजिस्टर देखे। साथ ही पुलिस लाइन की मैस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता में ध्यान रखने निर्देश दिए। जिसजे बाद डीआईजी ने जिले भर के पुलिस अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक लेते हुए अपराध पर नियंत्रण और लंबित मामलों को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

पर्यटन सीजन पर अतिरिक्त पुलिस बल करें तैनात : डीआईजी ने एसएसपी को पर्यटन सीजन को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुगम- सरल बनाये जाने महत्वपूर्ण स्थानों पर और वीकेंड में मौके पर अतिरिक्त पुलिस की डयूटी लगाने के निर्देश दिए।

पुलिस लाइन और कार्यालयों का निरीक्षण करते डीआईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत।

पोर्टल पर सूचना को नियमित रूप से करें अपडेट

प्रधान लिपिक शाखा के निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के एचआरएमएस पोर्टल पर नॉमिनी एवं अन्य जानकारियों को भरने और पोर्टल पर सूचना को नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिये गये, जिससे भविष्य में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे.। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी हल्द्वानी प्रकाश चंद्र, हरबंस सिंह, सीओ सुमित पांडे, संगीता, नितिन लोहनी, भूपेंद्र सिंह भंडारी, भगवत सिंह राणा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, चंद्रशेखर भट्ट, हेम चंद्र सती, पीआरओ प्रमोद पाठक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

कुत्तों का लाइसेंस नहीं बनाने पर होगा चालान

नैनीताल, अमृत विचार : नगर में पालतू कुत्तों का लाइसेंस बनाना जरूरी है, जिसके लिए नगर पालिका ने पालतू कुत्तों के स्वामियों से अपने पालतू कुत्तों के लाइसेंस बनवाने का अनुरोध किया है। साथ ही कहा कि अगर लाइसेंस नहीं बनाया गया तो पांच हजार का चालान व स्वामी पर मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है।

कार्यालय अधीक्षक शिवराज नेगी ने बताया कि एक जनवरी से 30 दिसंबर तक एक साल के लिए लाइसेंस बनाया जाता है। बीते वर्ष कुल 151 कुत्तों के लाइसेंस बनाये गए थे। इस वर्ष अप्रैल तक कुल 130 लाइसेंस बनाये जा चुके हैं। कहा कि कुत्ते का वैक्सिनेशन कार्ड व स्वामी को अपना आधार कार्ड लाना होगा तभी लाइसेंस बनाया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) | श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) | डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 15 मई 2024
वर्ष 4, अंक 87, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

व्हाइट हाउस में गोलगप्पे की धूम 14

कान्स में जलवा बिखेरेंगी ऐश्वर्या और अदिति 13

एक नजर

लिट्टे पर प्रतिबंध पांच साल और बढ़ाया गया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को मंगलवार को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत प्रतिबंध लगाया है। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि लिट्टे श्रीलंका में अपनी गतिविधियां चला रहा एक संगठन है लेकिन इसके समर्थक, हमदर्द और एजेंट भारतीय क्षेत्र में हैं।

ईडी के सामने पेश हुए झारखंड के मंत्री आलम

रांची। झारखंड के मंत्री और कांग्रेस के नेता आलमगीर आलम धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलम अपराह्न करीब 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। आलम ने संघीय एजेंसी के कार्यालय में प्रवेश करने से पहले पत्रकारों से कहा, मैं कानून का पालन करता हूं... मैं पूछताछ का सामना करने के लिए यहां आया हूं। ईडी ने आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल और घरेलू सहायक जहांगीर आलम को उनसे जुड़े एक फ्लैट से 32 करोड़ नकदी के साथ गिरफ्तार किया था।

30 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मंगलवार को छह महिला नक्सलियों समेत 30 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सलियों के सिर पर कुल 39 लाख रुपये का नकद इनाम है। नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलियों ने कहा है कि वह पुलिस की पुनर्वास नीति से प्रभावित हैं।

आईएमए अध्यक्ष की बिना शर्त माफी को सुप्रीम कोर्ट ने किया अस्वीकार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने योगगुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को भ्रामक विज्ञापन मामले में जारी अवमानना नोटिस पर मंगलवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा। सुनवाई के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष आरवी अशोकन ने हालिया साक्षात्कार में शीर्ष अदालत के खिलाफ दिए गए अपने बयानों के लिए पीठ से बिना शर्त माफी मांगी लेकिन अदालत ने अस्वीकार्य कर दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने अशोकन से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि आराम से सोफे पर बैठकर प्रेस को साक्षात्कार दें और अदालत पर आक्षेप लगाएं। पीठ ने आईएमए के वकील से कहा कि अदालत संगठन के अध्यक्ष के माफीनामे को स्वीकार करने की इच्छुक नहीं है। अशोकन ने साक्षात्कार में पतंजलि आयुर्वेद से जुड़े भ्रामक विज्ञापन मामले को लेकर सवालों के जवाब दिए थे।

पतंजलि केस

- नाराज कोर्ट ने कहा-आप अदालत की खिल्ली नहीं उड़ा सकते
- रामदेव, बालकृष्ण की अवमानना नोटिस पर आदेश सुरक्षित

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि के वकील से कहा कि तीन सप्ताह के अंदर हलफनामा दायर किया जाए।

थोक महंगाई बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

लगातार दूसरे महीने बढ़कर अप्रैल में 1.26 प्रतिशत पर पहुंची

अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर 1.26 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ईंधन और बिजली के साथ खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में लगातार दो महीने से बढ़ोतरी जारी है। फरवरी में यह 0.20 प्रतिशत थी जो मार्च में बढ़कर 0.53 प्रतिशत हो गई। अप्रैल, 2023 में यह 0.79 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 13 महीने के उच्चतम स्तर पर रही।

मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा कि अप्रैल, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है।

मुद्रास्फीति 3.3% रहने का अनुमान

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कई जिंसों की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई है। अभी तक जिंस कीमतों का रुख देखते हुए डब्ल्यूपीआई के मई और जून में दो प्रतिशत के पार जाने का अनुमान है। इक्रा ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए औसत थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के 3.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

- ईंधन-बिजली के साथ खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने का असर

सितंबर-अक्टूबर तक नरमी की उम्मीद

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि सितंबर/अक्टूबर, 2024 तक खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति में नरमी आने की उम्मीद है क्योंकि कई खरीफ फसलें मंडियों में आना शुरू करेंगी। विनिर्मित उत्पादों में अप्रैल में महंगाई दर में कमी आई और यह 0.42 प्रतिशत रही।

हिंदू-मुस्लिम किया तो सार्वजनिक जीवन जीने के योग्य नहीं रहूंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक न्यूज चैनल के साक्षात्कार में कही मन की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

अमृत विचार : चुनावी माहौल में मतों के ध्रुवीकरण को लेकर चल रही आम चर्चा के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुसलमानों को लेकर मन की बात साझा की है। मंगलवार को एक न्यूज चैनल से साक्षात्कार में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं बचपन से मुस्लिम परिवार के साथ रहा हूं मेरे कई अच्छे मुस्लिम मित्र हैं। मैं जिस दिन हिन्दू-मुसलमान करूंगा उस दिन सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। ऐसा नहीं करूंगा, ये मेरा संकल्प है।

लोकसभा चुनाव में वाराणसी से उम्मीदवार के रूप में तीसरी बार पर्चा भरने के बाद प्रधानमंत्री ने मुसलमानों के प्रति अपनी धारणा को जगजाहिर किया। सवाल उठा कि, आप ये धारणा तोड़ने में सफल क्यों नहीं हो पाए कि आप मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं? मोदी बोले, यह मुद्दा मुसलमान का नहीं है, निजी तौर पर मुसलमान कितने भी मोदी के साथ होंगे, लेकिन एक निश्चित विचार का प्रभाव है, जो उनको आदेश करता है कि आप ये करो-वो करो। उसी के आधार पर वह फैसला करता है।

नामांकन दाखिल करते प्रधानमंत्री मोदी।

- बोले-गोधरा दंगों के बाद उनकी छवि जानबूझकर खराब की गई

मोदी ने बताया कि, मेरे घर के अगल-बगल सारे मुस्लिम परिवार हैं। हमारे घर में ईद भी मनती थी। ईद के दिन घर पर खाना नहीं बनता था। मुस्लिम परिवारों से मेरे यहां खाना आ जाता था। मुहर्रम में हमारा ताजिये के नीचे से निकलना अनिवार्य होता था, यह हमें सिखाया गया था। प्रधानमंत्री के मुताबिक 2002 में गोधरा कांड के बाद सुनियोजित तरीके से उनकी छवि खराब की गई। ज्यादा बच्चों वाले बयान पर बोले कि मैंने ना हिन्दू कहा, ना मुसलमान। हमारे यहां गरीब परिवारों में भी ये हाल है। मैंने कहा है कि उतने बच्चे हों जिसका लालन-पालन कर सको।

मोदी ने किया वाराणसी से तीसरी बार नामांकन

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को वाराणसी से तीसरी बार नामांकन किया। उन्होंने अपने प्रस्तावकों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पर्चा दाखिला किया। इससे पहले उन्होंने गंगा नदी और काल भैरव को नमन किया। प्रधानमंत्री के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व संजय सोनकर रहे। गणेश्वर शास्त्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला था, जबकि बैजनाथ पटेल जनसंघ के समय के कार्यकर्ता हैं।

कई राज्यों के सीएम और केंद्रीय मंत्री हुए शामिल

मोदी के नामांकन कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, हरदीप पुरी, पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, प्रफुल्ल पटेल, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी, अनुप्रिया पटेल, संजय निषाद, ओमप्रकाश राजभर, पशुपति पारस, अनिल बलूनी आदि की मौजूदगी रही।

भीमा कोरेगांव केस में गौतम नवलखा को मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एल्गार परिषद-माओवाद संबंध मामले में सामाजिक कार्यकर्ता गौतम नवलखा को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एम एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन. भट्टी ने नवलखा की जमानत पर लगी बंबई हाईकोर्ट की रोक बढ़ाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने नवलखा को नजरबंदी के दौरान सुरक्षा के लिए खर्च के तौर पर 20 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश भी दिया। पीठ ने कहा कि हम रोक नहीं बढ़ाना चाहते क्योंकि हाईकोर्ट के आदेश में जमानत देने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है। सुनवाई पूरी होने में कई वर्ष लग जाएंगे। विवादों पर विस्तार से गौर किए बिना, हम रोक की अवधि नहीं बढ़ाएंगे। प्रतिवादी पक्ष यथाशीघ्र 20 लाख रुपये का भुगतान करे। शीर्ष अदालत ने कहा कि नवलखा चार साल से अधिक समय से जेल में हैं और मामले में अब तक आरोप तय नहीं किए गए हैं।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-सुनवाई पूरी होने में कई वर्ष लग जाएंगे

टेंपो से टकराकर कार से भिड़ी स्कूटी, दो भाइयों की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एक ही होटल में साथ काम करने वाले अल्मोड़ा निवासी दो भाई सोमवार रात बरेली रोड पर हादसे का शिकार हो गए। स्कूटी से काम पर वापस लौट रहे स्कूटी सवार दोनों भाई टेंपो से टकराकर सामने से आ रही कार की चपेट में आ गए। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

मूलरूप से अल्मोड़ा के बमन सुयाल निवासी दीवान सिंह बिष्ट (35 वर्ष) और तलारबाड़ी धारी, खत्याड़ी निवासी अभय बिष्ट (20 वर्ष) रिश्ते में भाई थे। करीब चार महीने से दोनों मोतीनगर स्थित एक होटल में काम कर रहे थे। बताते हैं कि दोनों सोमवार को मोतीनगर इंटर कॉलेज के पास उनकी स्कूटी पहले ऑटो रिक्शा से टकराई और फिर सामने से आ रही कार से टकरा गई। स्कूटी चला रहे दीवान सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अभय बिष्ट ने चिकित्सालय पहुंचने के करीब एक घंटे बाद दम तोड़ दिया। पुलिस ने कार चालक रूपचंद्र श्रीवास्तव को हिरासत में लेकर कार जब्त कर ली है।

- सोमवार देर रात मोतीनगर में हुआ हादसा, एक ही होटल में काम करते थे दोनों

धारचूला में काली नदी में गिरी राशन छोड़कर आ रही पिकप, महिला की मौत

अल्मोड़ा, अमृत विचार। सीमांत जिले पिथौरागढ़ में तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर राशन छोड़कर आ रही पिकप गाड़ी काली नदी में जा गिरी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि खाद्य निरीक्षक सहित दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पानागढ़ की एसडीआरएफ की टीम और पुलिस ने काली नदी में रेस्क्यू शुरू किया। सोमवार को पिकप वाहन धारचूला से चैतुलधार राशन छोड़ने गया था। बताया जा रहा है कि वापस आते समय पिकप वाहन तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित होकर काली नदी में जा गिरा। मंगलवार दोपहर तक वाहन वापस धारचूला नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन के बाद पता चला कि यह वाहन काली नदी में गिर गया है। पानागढ़ से एसडीआरएफ की टीम व धारचूला के कोतवाल कुंवर सिंह रावत के नेतृत्व में रेस्क्यू अभियान चलाया। अभियान के दौरान नदी से चल निवासी 42 वर्षीय सरस्वती पत्नी लक्ष्मण सिंह चलाल का शव बरामद हुआ। जबकि राशन लेकर गए पूर्ति निरीक्षक पुष्कर बोनाल व पिकप चालक का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है।

हाईकोर्ट शिफ्टिंग पर पूर्व गवर्नर कोश्यारी की कड़ी आपत्ति, सीएम को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तराखंड में हाईकोर्ट शिफ्टिंग विवाद बढ़ता जा रहा है। इस विवाद में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने भी कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को केंद्र या सुप्रीम कोर्ट के जरिये इस विवाद का समाधान करने के लिए पत्र लिखा है।

पूर्व सीएम कोश्यारी ने पत्र में लिखा है कि राज्य गठन के समय गहन मंथन के बाद देहरादून को तात्कालिक राजधानी व नैनीताल में हाईकोर्ट बनाने का निर्णय लिया गया था। ब्रिटिशकाल से ही नैनीताल में राजभवन, सचिवालय बनाए गए थे। राज्य गठन के बाद क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखकर नैनीताल में हाईकोर्ट की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि वह कानून के विद्यार्थी नहीं हैं, लेकिन लंबे समय संसद व विधानसभा का सदस्य रहने की वजह से उनका मत है कि राज्य की कौन सी संस्था, विभाग कहां होगा इसका निर्णय संसद या विधान मंडल ही करते आए हैं। हाईकोर्ट यदि इस संबंध में निर्णय लेने लगेंगे तो जनहित याचिकाकर्ता भविष्य में किसी भी विभाग, तहसील की मांग को लेकर हाईकोर्ट आ जाएंगे।

- कोश्यारी ने कहा- केंद्र सरकार या सुप्रीम कोर्ट करे समाधान

कोश्यारी ने कहा कि प्रदेश सरकार भी हाईकोर्ट को नैनीताल से गौलापार, हल्द्वानी शिफ्ट करने के लिए सहमत है। स्वयं हाईकोर्ट ने अपने निर्देश में कहा कि फुल बेंच ने भी गौलापार, हल्द्वानी में कोर्ट स्थापित करने पर सहमति दी थी। केंद्रीय वन्य एवं पर्यावरण विभाग ने 26 बीघे को अधिक बताते हुए इस संख्या को कम करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि गौलापार में हाईकोर्ट बनने से सरकारी व निजी अस्पतालों से चिकित्सा व्यवस्था सुधरेगी। उन्होंने हाईकोर्ट को जनमत संग्रह जैसी प्रथा बचाने को कहा है। केंद्र सरकार या सुप्रीम कोर्ट के जरिये इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

दिल्ली शराब नीति केस में ईडी बनाएगी `आप` को आरोपी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि वह दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाएगी। धनशोधन मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने यह बात कही।

ईडी के वकील ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा के समक्ष कहा कि मामले में दायर की जाने वाली अगली अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) में आप को सह-आरोपी बनाया जा रहा है। जांच एजेंसी के वकील ने कहा कि मामले में आरोप तय करने की प्रक्रिया में देरी करने के लिए आरोपी व्यक्तियों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। सिसोदिया के वकील ने अपने मुवक्किल के लिए जमानत का अनुरोध करते हुए कहा कि ईडी और सीबीआई धनशोधन और भ्रष्टाचार मामले में लोगों को अभी भी गिरफ्तार कर रही हैं और मुकदमे की सुनवाई जल्द पूरा होने का कोई सवाल ही नहीं है।

- हाईकोर्ट में कहा-दाखिल करेंगे नई चार्जशीट
- मनीष सिसोदिया की जमानत का किया विरोध

दिल्ली में आयकर विभाग की इमारत में लगी आग, एक अधिकारी की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के आईटीओ क्षेत्र स्थित आयकर विभाग की इमारत में मंगलवार को आग लग गई। इस घटना में आयकर विभाग के कार्यालय अधीक्षक सतेंद्र कुमार की मौत हो गई। दो महिलाओं समेत सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक व्यक्ति को मामूली चोट आई जिसे पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है।

मध्य दिल्ली में आयकर विभाग की जिस इमारत में आग लगी वह पुराने पुलिस मुख्यालय के ठीक सामने स्थित है। इस इमारत में अभी भी सुरक्षा बलों की कुछ इकाइयां हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि हमें दोपहर 3.07 बजे आयकर विभाग की इमारत में आग लगने की सूचना मिली। हमने कुल 21 दमकल गाड़ियां भेजी हैं। पुलिस को भी जानकारी दी गई है। सोशल मीडिया पर सामने आए कुछ वीडियो में, इमारत के भीतर लोग आग से बचने के लिए खिड़की के किनारों पर शरण लिए हुए दिखे। दमकल कर्मियों ने लोगों की सीढ़ियों की सहायता से बाहर निकलने में मदद की।

बिल्डिंग में आग बुझाने के लिए पहुंचे अग्निशमन कर्मचारी।

- दमकल कर्मियों ने दो महिलाओं समेत सात को बचाया
- अग्निशमन विभाग की 21 गाड़ियां आग बुझाने में जुटीं

एसएफजे के तीन कार्यकर्ता गिरफ्तार

चंडीगढ़ / बठिंडा। काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) बठिंडा और जिला पुलिस ने पंजाब और दिल्ली में बठिंडा सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखने के आरोप में सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार लोगों में बठिंडा के गांव जीवन सिंह वाला निवासी गोगी सिंह और तलवंडी साबो के गांव जियोन सिंह वाला निवासी जॉनी है, तीसरे की पहचान फरीदकोट के गांव दोआद के प्रीतपाल सिंह के रूप में हुई है, जिसे बठिंडा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया है।

- लिखे थे खालिस्तान समर्थक नारे

पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप

संवाददाता पंतनगर

अमृत विचार: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है। जिससे एएआई में मुख्यालय से एयरपोर्ट तक हड़कंप मच गया। आनन-फानन एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था सख्त करते हुए बम निरोधक दस्ता बुलाकर सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें कोई अवांछनीय वस्तु नहीं मिलने पर अधिकारियों ने चैन की सांस ली।

हवाई सेवा प्रदाता सरकारी कंपनी एलायंस एयर के पास बीती 11मई को एक धमकी भरा ईमेल आया था, जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। कंपनी प्रबंधन ने सोमवार की शाम एएआई के मुख्यालय सहित पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुमित सक्सेना को ईमेल फॉरवर्ड कर मामले से अवगत कराया। जिसके बाद तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट कर पुलिस प्रशासन और बम निरोधक दस्ते को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने एयरपोर्ट परिसर व टर्मिनल बिल्डिंग सहित रन वे और आवासीय परिसर की सघन तलाशी ली। लगभग तीन घंटे चली इस कार्रवाई में दस्ते को एयरपोर्ट में कोई अवांछनीय वस्तु नहीं मिली। जिसके बाद अधिकारियों ने चैन की सांस ली। लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए त्रिस्तरीय चेकिंग (मुख्य प्रवेश द्वार, टर्मिनल बिल्डिंग प्रवेश द्वार और बोर्डिंग के समय स्क्रीनिंग) सहित लगेज जांच को बढ़ाकर सख्त कर दिया गया है।

पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुमित सक्सेना ने बताया कि एलायंस एयर के पास 11 मई को अज्ञात व्यक्ति की मेल आई थी। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। बम निरोधक दस्ते के सर्च अभियान में कोई भी अवांछनीय वस्तु नहीं मिली। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि सुबह-शाम पीडीएस से चेकिंग सहित यात्रियों को एयरपोर्ट के बाहर उतारा जाएगा। सारे कर्मचारियों के रात्रि पास निरस्त कर दिए गए हैं। उन्हें भी जांच के बाद एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश दिया जाएगा।

- एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की गई चाक चौबंद, बम निरोधक दस्ते के सर्च अभियान में नहीं मिला बम

चार फ्लाइटों में रोज आते-जाते हैं छह सौ यात्री

पंतनगर। एयरपोर्ट से वर्तमान में चार फ्लाइट्स का संचालन हो रहा है। जिनमें इंडिगो की दिल्ली-पंतनगर के बीच दो फ्लाइट (72 सीटर), देहरादून-पंतनगर-वाराणसी के बीच एलायंस एयर की एक फ्लाइट (78 सीटर) व देहरादून- पिथौरागढ़-पंतनगर के बीच एक फ्लाइट (19 सीटर) शामिल हैं। जिनमें लगभग छह सौ यात्री रोज यात्रा करते हैं।

दिल्ली के 7 अस्पतालों और तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी के सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल को मंगलवार को ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे दो दिन पहले दिल्ली के 20 अस्पतालों, हवाई अड्डे और उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) कार्यालय को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें चार अस्पतालों में बम होने की खबर मिली जबकि दिल्ली पुलिस के मुताबिक सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल में बम होने की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार, ईमेल यूरोप स्थित मेलिंग सेवा कंपनी 'बीबल डॉट कॉम' से भेजे गए थे, जिसमें वही सामग्री थी जो रविवार को अस्पतालों को भेजी गई ईमेल में थी। धमकी में कहा गया कि मैंने आपकी इमारत में विस्फोटक उपकरण रखे हैं। यह कोई धमकी नहीं है, आपके पास बम को निष्क्रिय करने के लिए कुछ घंटे हैं, अन्यथा निर्दोष लोगों का खून बहने की जिम्मेदारी आप पर होगी।

- ईमेल से भेजे धमकी भरे संदेश जांच में कुछ नहीं मिला
- पहले भी 20 अस्पतालों, हवाई अड्डो को मिली थी धमकी

क्वींस सीनियर सेकेंडरी स्कूल

कार्तिक कुमार XII-94.2% | अजय मेहरा XII-94% | दिव्या रजवार XII-91.4% | निकिता XII-90%

ऋतिक XII-92.7% | कोमल XII-92.6% | मानवी सनवाल X-96% | रिनी नबियाल X-91.8%

क्वींस का रहा शानदार प्रदर्शन

लावण्या सोनल X-90.2% | मिलन प्रकाश X-89.2%

अंश प्रभाकर X-88%

हल्द्वानी : क्वींस सीनियर सेकेंडरी ने सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल की मानवी सनवाल ने 96 प्रतिशत, रिनी नबियाल 91.8 प्रतिशत, लावण्या सोनल 90.2 प्रतिशत, मिलन प्रकाश 89.2 प्रतिशत और अंश प्रभाकर ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। वहीं, इंटरमीडिएट में विज्ञान वर्ग में कार्तिक कुमार ने 94.2 प्रतिशत, अजय मेहरा 94 प्रतिशत, दिव्या रजवार 91.4 प्रतिशत और निकिता ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। वाणिज्य वर्ग में ऋतिक 92.7 प्रतिशत, कोमल 92.6 प्रतिशत और जिया ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय के प्रबंधक आरपी सिंह, प्रबंधिका लिली सिंह, प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह कार्की, स्नेहा कार्की और प्रधानाचार्य डॉ. बीबी पांडे ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

यूनिवर्सल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल

आयुष भोज XII-96.6% | लतिका जोशी XII-93.2% | पल्लव कोहली XII-90.4% | रंजना जोशी XII-90.6%

रिद्धि सनवाल X-96.8% | दक्ष नेगी X-96% | वेदांत पांडे X-94% | भव्य बिष्ट X-93.4%

यूनिवर्सल का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

रक्षिता उपाध्याय X-93% | विक्रम सिंह X-93%

हल्द्वानी : सीबीएसई के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है। यूनिवर्सल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल की रिद्धि सनवाल ने 96.8 प्रतिशत, दक्ष नेगी 96 प्रतिशत व वेदांत पांडे ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं इंटरमीडिएट में आयुष भोज ने 96.6 प्रतिशत, लतिका जोशी 93.2 प्रतिशत और रंजना जोशी ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुनील जोशी व प्रधानाचार्या मंजू जोशी ने शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल

निकिता बोरा 93.1% | निहारिका बिष्ट 93.6% | हर्षिता भट्ट 94.6% | पारस पांडे 91.6%

वेंडी के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

श्रेया कन्याल 95.8% | गुंजन डसीला 91.1%

हल्द्वानी : सीबीएसई परीक्षा परिणाम में वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का हाईस्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की श्रेया कन्याल ने 95.8 प्रतिशत, हर्षिता भट्ट 94.6 प्रतिशत, निहारिका बिष्ट 93.6 प्रतिशत, निकिता बोरा 93.1 प्रतिशत और पारस पांडे ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। इंटरमीडिएट में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें तनिषा नेगी ने 95.4 प्रतिशत, हिमांशी पांडे 91.4% प्रतिशत और यशिका नेगी ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रबंधक डॉ. विकल बवाड़ी और प्रधानाचार्या डॉ. भावना बवाड़ी ने सभी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

बिपाशा पौडियाल बीएलएम एकेडमी 95.4 % पिता दया कृष्णा व माता गीता हैं वह आईएएस बनना चाहती हैं।

एसकेएम के राहुल मेलकानी को मिले 97 प्रतिशत अंक

हल्द्वानी : एसकेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल में राहुल मेलकानी ने 97% और हिंदी में शत प्रतिशत अंक, जय जोशी 92 %, राजीव गोस्वामी 92 % और वंदना गोस्वामी ने 90%, हुरिया फातिमा 84.3%, कवनीत कौर 81% व तनुजा कनवाल 81% अंक प्राप्त किये हैं। इंटर में रुचिता घिंगा 82%, प्रियांशी जोशी 80%, दीपिका आर्या 78% तकल्लुम सिद्दीकी 78%, व तरन्नुम सिद्दीकी ने 77 % अंक प्राप्त किये हैं। स्कूल प्रबंधक यूसी जोशी, सचिव पुष्पा जोशी, प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा, प्रशासक ऋषभ जोशी और भामिनी जोशी ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

राजीव गांधी नवोदय में हाईस्कूल में हितेश और इंटर में भाष्कर प्रथम

कालाढूंगी : राजीव गांधी नवोदय विघालय स्यात कोटाबाग का सीबीएसई बोर्ड में स्कूल का अच्छा प्रदर्शन रहा। हाईस्कूल में हितेश व इंटर में भाष्कर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राजीव गांधी नवोदय विघालय स्यात के 10वीं में हितेश सिंह बिष्ट ने 95.6, रिया जंतवाल ने 94 व जितेन्द्र सिंह बिष्ट ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही 12वीं में भाष्कर बधानी ने 94.6, विधी जोशी ने 89.8 व संजना ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रभारी प्रधानाचार्य अरविन्द गैजवाल ने बताया कि 10वीं कक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा व 12वीं कक्षा का रिजल्ट 97.4 रहा है।

गिरिजा देवी मंदिर के टीले की सुरक्षा का कार्य जोरों पर

पहले फेज में 30 जून तक होगा कार्य, सावधानी से चल रहा कार्य

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : सिंचाई विभाग की ओर से गिरिजा मंदिर के टीले की सुरक्षा के लिए कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। 546.04 लाख की लागत से होने वाले कार्य मे फिलहाल पहले फेस में मंदिर के टीले में स्थित जड़ों को काटने का काम किया जा रहा है।

सिंचाई विभाग की कोशिश है कि बरसात से पहले मंदिर के टीले को कोसी नदी की बाढ़ और बारिश के पानी से सुरक्षित कर दिया जाए। विभाग की कोशिश है कि पहले चरण में टीले की सुरक्षा का काम कर लिया जाए और यह काम 30 जून तक पूरा किए जाने का विभाग ने लक्ष्य रखा है। उसके दूसरे चरण में मंदिर के टीले के मॉडल का अध्ययन करने के बाद इसे फिर शुरू किया जाएगा। सिंचाई विभाग के सामने मंदिर के टीले को सुरक्षित रखने की बड़ी चुनौती जरूर है मगर विभागीय अधिकारियों के निर्देशों के तहत इस काम को जल्द से जल्द से जल्द पूरा करने में पूरी शिद्दत के साथ जुटे हुए हैं।

श्रद्धालुओं के मंदिर जाने पर है पूर्ण प्रतिबंध

गिरिजा मंदिर के टीले पर चल रहे काम को देखते हुए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आवागमन पर पूरी तरह से प्रशासन ने तीस जून तक के लिए रोक लगाई है। ऐसा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने मंदिर के पुजारी, मंदिर समिति व वहां के दुकानदारों की सहमति से किया है।

गिरिजा देवी मंदिर के टीले की सुरक्षा के लिए कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया गया है। अभी पहले फेस में टीले में रूट्स काटने का काम कराया जा रहा है। बरसात से पूर्व टीले की जैकेटिंग का काम तीस जून से पहले किया जाना है। उसके बाद दूसरे फेस का काम शुरू किया जाएगा।
-मयंक मित्तल, सहायक अभियंता, सिंचाई खंड रामनगर

सोशल मीडिया पर छाई चावल की खबर

रामनगर : सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में प्लास्टिक के चावल पाए जाने की खबर से विभागीय अधिकारियों में सारे दिन हड़कंप मचा रहा। आखिर कार पूर्ति निरीक्षक द्वारा प्लास्टिक के चावल पाए जाने की बात को निराधार और बेबुनियाद करार देकर मामले में सफाई दी गयी।

बता दें कि सोशल मीडिया में मंगलवार की सुबह से खबर चली की एक महिला के चावल में से कुछ चावल प्लास्टिक के पाए गए। यह चावल महिला सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से लेकर आई थी। सारे दिन शोशल मीडिया में यह तथ्य वायरल होने पर पूर्ति निरीक्षक को आगे आकर बात का खुलासा किया गया।

पूर्ति निरीक्षक दीप चंद्र बेलवाल ने बताया कि जिन चावलों को प्लास्टिक का बताया जा रहा है वह चावल प्लास्टिक के नहीं हैं। यह फोर्टिफाइड चावल है जो एक कुंटल में एक किलो मिलाए गए है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा योजना के तहत उपभोक्ताओं, राशन कार्ड धारकों को फोर्टीफाइड चावल उपलब्ध कराया जा रहा है।

अवैध रूप से यूकेलिप्टस के पेड़ काटने पर लकड़ी जब्त

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: काररोड बिंदुखत्ता में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई कर अवैध रूप से कटान किए गए यूकेलिप्टस की लकड़ी को जब्त कर खेत स्वामी सहित दो लोगों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया।

तराई पूर्वी वन प्रभाग को प्रतिभा बाल विद्यालय काररोड बिन्दुखत्ता की सीमा से लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों के अवैध कटान की सूचना मिली थी। गौला रेंज के डिप्टी रेंजर व फॉरेस्टर नीरज रावत आदि मौके पर पहुंचे। अवैध रूप से काटे दोनों वृक्षों की लकड़ी को जब्त कर लिया। खेत स्वामी फरार हो गया। वन कर्मियों ने खेत स्वामी संजय आगरी व एक अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वन राजि अधिकारी चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि वन विभाग को सूचना मिली थी कि बिंदुखत्ता में कुछ लोगों द्वारा विद्यालय की सीमा में लगाए 15 वर्ष पुराने पेड़ों को काट लिया गया है। वन कर्मियों ने मौके पर पहुंच लकड़ी जब्त कर करवाई शुरू की गई है। इधर प्रतिभा बाल विद्यालय के प्रधानाचार्य ने प्रभागीय वनाधिकारी हल्द्वानी को प्रेषित पत्र में अवैध रूप से कटान में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।



शिमला में आयोजित शोध सम्मेलन को संबोधित करते प्रो. विनय विद्यालंकार।

स्वामी दयानंद से प्रेरित होकर दिया था स्वराज का नारा

हल्द्वानी : शिमला स्थित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध सम्मेलन में महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती व उनके विचारों पर मंथन किया गया। सम्मेलन में पहुंचे बेतालघाट स्थित शहीद खेमचन्द्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान मनीषियों में शामिल महर्षि दयानंद सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश में जो स्वराज शब्द का उल्लेख किया है। उसी से प्रेरणा लेकर बाल गंगाधर तिलक ने "स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है" का नारा दिया था। स्वामी दयानंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए प्रो. विद्यालंकार ने कहा कि ब्रिटेन के लोगों ने स्वामी दयानंद को लंदन का आमंत्रण दिया, उनकी बात को सहर्ष ठुकराकर उन्होंने वहां आने से यह कहते हुए मना कर दिया कि अभी तो मेरे ही देश भारत में बहुत अंधकार फैला है, उसे दूर करना मेरा उद्देश्य है, उसके बाद उनके प्रतिनिधि के रूप में श्याम कृष्ण वर्मा लंदन गए। जहां उन्होंने अन्य क्रांतिकारियों के साथ मिलकर इंडिया हाउस की स्थापना की।

बस में सिपाही की पत्नी के बैग से आभूषण चोरी

हल्द्वानी : रुद्रपुर से हल्द्वानी आ रही सिपाही की पत्नी को चोरों ने अपना निशाना बना लिया। बस में ट्रॉली बैग काट कर चोरों ने लाखों रुपये के जेवर, नगदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले में 18 दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है। सत्याइन एनक्लेव फूलसूगी गंगापूर रोड रुद्रपुर निवासी संजय राणा रुद्रपुर पुलिस लाइन में सिपाही हैं। उनकी पत्नी नीमा राणा ने हल्द्वानी कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 24 अप्रैल को वह रुद्रपुर से हल्द्वानी आ रही थी। घर पहुंची तो बैग को कटा था व बैग से सोने की नथ, हाथ के पोची आदि जेवर गायब थे।

चार धाम यात्रा चलाने में सरकार विफल : आर्य

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि चार धाम यात्रा के पहले ही तीन दिनों में यात्रा व्यवस्था धराशाई हो गयी है। चारधाम में यात्रियों की मौत से सरकार की कमियां उजागर हो गई हैं।

राज्य सरकार ने उच्च हिमालयी क्षेत्रों की यात्रा को लेकर तैयारी नहीं की, जिससे श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय लोग भी परेशान हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, सरकार का ध्यान यात्रियों की संख्या पर है उनकी व्यवस्था पर नहीं है। चारों धाम उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित हैं वहां इंवेंट मैनेजमैंट नहीं बल्कि सुगम और सुरक्षित यात्रा चलाने की आवश्यकता है। सरकार यह दावा तो कर रही है कि रिकार्ड तोड़ यात्री धामों में आ रहे हैं पर यह बताने की स्थिति में नहीं है कि हर धाम में प्रतिदिन कितने यात्रियों के रहने की व्यवस्था है? कहा कि केदारनाथ में क्षमता से अधिक पहुंचने से यात्रियों को हाड़ कंपाती ठंड में खुले में रात बितानी पड़ रही है। सरकार की कमियों की वजह से हर दिन धामों में यात्रियों की मृत्यु हो रही है। इससे राज्य की छवि दुनिया भर में खराब हो रही है। कहा कि आल वेदर रोड के नाम से प्रचारित चार धाम की सड़कें पूरी तरह बनी नहीं हैं।

दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल

आकांक्षा गोस्वामी XII-94.8% | आदित्या तड़ागी XII-95.5% | तुषार पांडे XII-92.8% | देवराज शर्मा XII-93.8%

लक्ष्य पंत XII-92.2% | हर्षवर्धन जोशी XII-92.8% | अनुशा जैन X-97% | आरव टिक्कू X-96.6%

चित्रार्थ सिंह मेहरा X-98% | चेतना देऊपा X-98.4% | दिव्यांशी वेदांत X-97% | मेधांश नयाल X-95.6%

दीक्षांत इंटरनेशनल ने फिर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

वैदेही बाजपेयी X-87.8%

हल्द्वानी : दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट में अदिति तरागी 95.2 प्रतिशत अंक, हाईस्कूल में चेतना देउपा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। आकांक्षा गोस्वामी 94.8 प्रतिशत, देवराज शर्मा 93.8 प्रतिशत, हर्षवर्धन जोशी 92.8 प्रतिशत, तुषार पांडे 92.5 प्रतिशत और लक्ष्य पंत ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। हाईस्कूल में चित्रार्थ मेहरा 98 प्रतिशत अंक और गणित में शत प्रतिशत अंक, वैदेही बाजपेई 97.8 प्रतिशत, अनुशा जैन 97 प्रतिशत, दिव्यांशी वेदांत 97 प्रतिशत, आरव टिक्कू ने 96.6 प्रतिशत और मेधांश नयाल ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्रबंधक समित टिक्कू, शैक्षणिक डायरेक्टर स्मृति टिक्कू और प्रधानाचार्य रूपक पांडे ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जीडीजेएम गौरी दत्त जांगी स्कूल

जीडीजेएम गौरी दत्त जांगी स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

चोरगलिया : जीडीजेएम गौरी दत्त जांगी मेमोरियल कॉन्वेंट स्कूल चोरगलिया के 10वीं एवं 12वीं के बच्चों ने सीबीएसई में परचम लहराया है। कक्षा 12 में तनुजा बजेठा ने 91.4%, दीपांशु पालीवाल 90.2%, मनजीत कौर 90%, खुशी जोशी 88%, सोनाली कौर 80% एवं दिव्यांशु बिष्ट ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 में महिमा थुवाल ने 95%, आयुष फरतियाल 94%, गौरव त्रिपाठी 90%, नरेंद्र फर्त्याल 88%, गौरवी कपल्टियाए 86% और दिनेश भट्ट ने 88% अंक प्राप्त किये। विद्यालय की संचालिका ममता जांगी ने सभी बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बधाई दी।

ग्रीन फील्ड एकेडमी का शानदार रहा परीक्षाफल

रामनगर : सीबीएसई बोर्ड की 12वीं और 10वीं की परीक्षा में ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पीरूमदारा का परीक्षाफल शानदार रहा, 12वीं कक्षा में, सृजल जमेवाल ने 82%, गीता ने 81%, मनोज ने 81% (पीसीएम), अमन सिंह रावत ने 80%, दीक्षा अधिकारी ने 79%, श्रेयस ने 78% और आकाश ने 75% प्राप्त किया है उधर 10 वीं कक्षा के परिणाम में, समीर रावत ने 93.4%, अयुष ने 89%, रिया ने 87%, प्राची ने 85%, सहिल रावत ने 85%, मिली ने 84%, सहिल बिंजोला ने 84%, सोनू ने 83%, शगुन ने 83%, सुखप्रीत ने 82%, श्रेया ने 81% और आदित्य ने 80% प्राप्त किया है। प्रबंध निदेशक एसपीएस रावत ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस | स्ट्रिक्चर यूरेथरा/किडनी रोग | नेत्र रोग | सफेद दाग | स्पाइनल समस्याएँ | बालों की समस्या | पाचन समस्याएँ | पोस्ट कोविड समस्याएँ | सर्दी खाँसी-दमा | सोरायसिस | थाइरायड समस्या | माइग्रेन/मानसिक रोग | स्पोर्ट्स इंजरी | इन्फर्टिलिटी | बच्चों के रोग | गॉल ब्लैडर स्टोन | सौंदर्य समस्याएँ | स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म | नाड़ि परीक्षण | गर्भ संस्कार | लीच थैरेपी | नेत्र तर्पण | उत्तर बस्ती | शिरोधारा | स्वर्ण प्राशन | पत्र पोट्टलि | अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy (जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

एक नजर

डीएम वंदना कल रामगढ़-मुक्तेश्वर का करेंगी स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी : जिलाधिकारी वंदना सिंह गुरुवार को रामगढ़-मुक्तेश्वर का स्थलीय निरीक्षण करेंगी। अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि डीएम 16 मई रामगढ़-मुक्तेश्वर के अंतर्गत चाय बागान श्यामखेत, उद्यान विभाग का सेब का बगीचा, मल्ला रामगढ़, बोहराकोट में जलजीवन मिशन की योजनाएं, पीएमश्री विद्यालय रीठा तथा सतखोल में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण करेंगी। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी 16 मई को सुबह 10 बजे भवाली में विभागीय सूचनाओं सहित उपस्थित होना अनिवार्य है।

महिला की संदिग्ध हालात में हुई मौत

हल्द्वानी : मेडिकल चौकी पुलिस के मुताबिक नरतोला स्थित हरिनगर निवासी 45 वर्षीय तुलसी देवी की सोमवार की शाम घर में ही अचानक तबियत बिगड़ गई थी। आनन-फानन में परिजन उन्हें डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्दकरदियागयाहै।

इंडेन गैस सिलेंडर में घटतोली की शिकायत

हल्द्वानी : इंडेन गैस सिलेंडर में गैस कम होने की शिकायत की गई है। राजपुरा निवासी हेमंत साहू ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को लिखित शिकायत में कहा कि राजेन्द्र नगर वार्ड 12 निवासी बीना देबी के घर इंडेन गैस सिलेंडर था। बिना सील खुले गैस सिलेंडर का वजन किया तो चार किलो वजन निश्चित वजन से कम निकला। साहू ने कहा गैस वितरण करने वाली गाड़ी अपने पास वजन काटा नहीं रखती है। जबकि नियम के तहत ग्राहक को सिलेंडर देने से पहले उसका वजन किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित ठेकेदार का ठेका निरस्त किए जाने की मांग की।

शहर के 10 परीक्षा केंद्रों में होगी सीयूईटी परीक्षा

हल्द्वानी : नेशनल टेस्टिंग एजेंसी सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी टेस्ट) परीक्षा आयोजित कर रहा है। बुधवार से इसकी शुरुआत हो रही है। उच्चतर शिक्षा विभाग (शिक्षा मंत्रालय) के तहत परीक्षा आयोजित की जा रही है। 2022 से परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। देशभर में 380 शहर और देश से बाहर के 26 शहरों में 13.48 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा 15-24 मई तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा अलग-अलग शिफ्टों में होगी। हल्द्वानी में 10 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की जा रही है जिसमें यूनिवर्सल, गुरु तेग बहादुर, गुरुकुल इंटरनेशनल, शिवालिक इंटरनेशनल, सेंट थेरेसा, निर्मला कॉन्वेंट, सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बीरशिबा, नैनी वैली स्कूल और पीएसएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

मंडी सचल दल ने दालों से भरे दो अवैध वाहन पकड़े

हल्द्वानी : मंडी सचल दल सोमवार को कालाढूंगी क्षेत्र में चेकिंग कर रहा था। तभी रामनगर की ओर से दो माल वाहन नयागांव से बाजपुर रोड की ओर जाने लगे। मंडी टीम ने दोनों वाहनों को रोक कर उसमें लगे कृषि उत्पादन की जांच की। दोनों वाहनों में दाल के कट्टे भरे हुए थे। सचल दल ने वाहनों में सवार व्यापारियों से मंडी के प्रपत्र दिखाने के लिए कहा। दोनों ही वाहन चालकों के पास प्रपत्र नहीं था। सचल दल ने उक्त माल के स्वामी से बात की तो उसने मंडी कानून का सहयोग करते हुए दोनों वाहनों में जुर्माना और मंडी शुल्क जमा कराने पर सहमति जताई। दल ने 20 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। टीम में संतोष कुमार सिंह, भुवन गोस्वामी, पंकज वर्मा, पूरन सिंह आदि रहे।

दमुवाढूंगा से इंदिरा नगर तक पानी के लिए हाहाकार

इंदिरा नगर में महिलाओं ने खाली बाल्टियां लेकर तो चौफुलावासियों ने जल संस्थान दफ्तर का घेराव कर किया प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पारा बढ़ने के साथ ही पानी की किल्लत भी बढ़ती जा रही है। शहर के एक छोर दमुवाढूंगा से दूसरे छोर इंदिरा नगर तक पानी का हाहाकार मचा हुआ है। हजारों की आबादी के हलक सूखे हुए हैं। कहीं गुस्साए लोग हाथों में खाली बाल्टी लेकर सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं तो वहीं, पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने जल संस्थान दफ्तर पर ही प्रदर्शन किया।

मंगलवार को इंदिरा नगर में दर्जनों महिलाओं ने हाथों में खाली बाल्टी व टब लेकर जल संस्थान के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन किया। गुस्साईं महिलाओं ने कहा कि पिछले 15 दिनों से घरों के नल सूखे हुए हैं, कपड़े-बर्तन धोने को दूर पीने तक के लिए पानी नहीं मिल रहा है। कई किमी पैदल दूरी तय कर पीने का पानी भरकर लाने को मजबूर हैं। कई बार शिकायत की लेकिन बावजूद इसके जल संस्थान अधिकारी पानी आपूर्ति नहीं कर रहे हैं इससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। निवर्तमान पार्षद फाईम जेबा सलमानी ने कहा कि मंदिर, मस्जिदों व स्कूलों के तक के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। शिकायत के बाद भी जल संस्थान के अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं। जल्द ही पानी की आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो जल संस्थान के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इंदिर नगर मस्जिद के पास पानी न आने पर सड़क में जाम लगाते क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

15 दिनों से घरों के नल सूखे हुए हैं, कपड़े-बर्तन धोने तो दूर पीने तक के लिए पानी नहीं मिल रहा है, कई किमी पैदल दूरी तय कर पीने का पानी भरकर लाने को मजबूर हैं

जल सांस्थान में पेयजल को लेकर प्रदर्शन करते दमुवाढूंगा के लोग। ● अमृत विचार

जल संस्थान दफ्तर पर गरजे चौफुलावासी

इधर, मल्ला चौफुला के दर्जनों क्षेत्रवासी तिकोनिया स्थित जल संस्थान दफ्तर पहुंचे और जल संस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया कि नई पेयजल लाइन बिछाने के बाद से पानी की आपूर्ति नहीं हुई है। इसकी वजह से दर्जनों परिवार के सामने पानी का संकट बना हुआ है। जल्द पानी की आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। इस दौरान दीपक, वीरेंद्र बिष्ट, ज्योति, प्रेमवती, रूपवती, पूजा, दिनेश, भावना देवी, माधुरी मौर्या मौजूद रहे।

शिकायतों का अंबार नहीं हो रहा समाधान

हल्द्वानी : जलसंस्थान पानी की शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम बनाया है। नियमित रूप से दर्जनों शिकायतें दर्ज हो रही हैं, इनमें नलों में पानी नहीं आना, लीकेज, घरों में गंदा पानी पहुंचना, लाइन में प्रेशर नहीं होने से पानी नहीं मिलना, ड्राई जोन बने इलाकों में टैंकर नहीं पहुंचने की शिकायतें शामिल हैं। फिर भी शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पा रहा हैं।

ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने के चलते 3 घंटे बिजली रही गुल

हल्द्वानी, अमृत विचार: ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के चलते फूलचौड़ में करीब 3 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही है।

फूलचौड़ के बिजली उपकेंद्र में 5 से बढ़ाकर 10 एमबीए ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई है, जिसके चलते करीब 3 घंटे तक उपकेंद्र से जुड़े दर्जनों इलाकों में बिजली बाधित रही वहीं रामपुर रोड, बरेली रोड समेत अन्य इलाकों में बिजली की आंख मिचौली जारी। इधर ग्रामीण विद्युत वितरण खंड के ईई डीडी पांगती ने बताया कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के चलते शटडाउन लिया गया था काम पूरा होते ही आपूर्ति फिर से सुचारू रूप से बहाल कर दी गई।

आवास विकास, इंदिरानगर, बसंतपुर व जयपुर पाडली समेत पांच नलकूप फुंके

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में नलकूप खराब चल रहे है। हालत इतनी बदतर है कि एक नलकूप ठीक होने के तुरंत बाद दूसरा, तीसरा नलकूप फुंक जा रहा है। वर्तमान में तीन-चार नलकूप फुंकने से हजारों की आबादी को पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है।

> खराब नलकूपों की मरम्मत की जा रही है, बीते दिनों कई इलाकों के नलकूपों की मरम्मत करा दी गई है। जहां पर पानी की समस्या बनी हुई है, उन इलाकों में टैंकरों से आपूर्ति कराई जा रही है। **-रविशंकर लोशाली**, ईई जल संस्थान हल्द्वानी

नई बस्ती, आवास विकास, इंदिरा नगर, बसंतपुर और जयपुर पाडली के इलाकों में नलकूप खराब हैं। बच्चीनगर में सिंचाई के नलकूप से डिस्चार्ज कम होने से पानी की किल्लत है।

देव कॉलोनी और आशीर्वाद कॉलोनी के करीब 100 परिवारों को पानी नहीं मिल पा रहा है। यहां टैंकर से पानी की आपूर्ति की जा रही है फिर भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा हैं।

डीडीए हर दिन एक अवैध निर्माण पर कर रहा चालान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला विकास प्राधिकरण अवैध निर्माण पर सख्त हो गया है। अवैध निर्माण पर हर दिन एक चालान व दो सप्ताह में एक भवन सील की कार्रवाई हो रही है।

डीडीए के संयुक्त सचिव/सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि पिछले दो माह में विभिन्न स्थानों पर 40 से अधिक चालान किया है। ये भवन बिना नक्शा मंजूर कराए ही बन रहे थे। 80 पुराने चालानों पर पर कार्यवाही जारी है। 300 से अधिक मामले में लंबित हैं। अवैध हाल ही में नैनीताल रोड समेत एक अन्य स्थान पर दो भवन सील किए हैं। दोनों भवनों में बेसमेंट में व्यवसायिक गतिविधियों के लिए निर्माण हो रहा था। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से वन टाइम सेटलमेंट योजना शुरू हुई है। यह योजना 30 सितंबर 2024 तक चलेगी। ओटीएस के माध्यम से 31 दिसंबर 2023 से पहले कराए गए अनियमित निर्माणों को वर्ष 2017 के सर्किल रेट के आधार पर न्यूनतम दरों पर कंपाउंडिंग करा सकते हैं। 31 दिसंबर 2023 के बाद हुए अनियमित निर्माण को यदि कोई कंपाउंड कराना चाहे तो उसे वर्तमान सर्किल रेट के आधार पर शुल्क जमा कराना होगा।

हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी चम्पावत के लिए हेली सेवा बंद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चम्पावत के लिए शुरू हुई हेली सेवा बंद हो गई है। संभावना है कि जून के तीसरे सप्ताह में हेली सेवा फिर से शुरू हो सकती है।

उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अंतर्गत हेरिटेज एविएशन कंपनी ने हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चम्पावत के लिए हेली सेवा बीती 22 फरवरी को शुरू की गई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसका वर्चुअली शुभारंभ किया था। इसका मकसद कुमाऊंवासियों व पर्यटकों को हेली सेवा उपलब्ध कराना था। यह हेली सेवा दिन में दो बार संचालित होती थी। इस हेली सेवा को पर्यटकों व क्षेत्रवासियों ने खूब सराहा था। लोग जमकर इस हेली सेवा का लाभ ले रहे थे। कंपनी भी यात्रियों के मिलने से प्रसन्न थी। इधर, रविवार/सोमवार से हेली सेवा बंद कर दी गई है। इसके पीछे कंपनी ने ऑपरेशन मेंटेनेंस का हवाला दिया है। संभावना है कि जून के तीसरे हफ्ते में हेली सेवा फिर से शुरू हो सकती है।

उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने हेली सेवा बंद हो गई है। इसके पीछे ऑपरेशन मेंटेनेंस वजह बताई गई है। जून माह के तीसरे-चौथे हफ्ते में हेली सेवा फिर से शुरू होने के आसार हैं।

विडंबना

- **कंपनी ने दिया ऑपरेशन मेंटेनेंस का हवाला, कहा- जून के तीसरे सप्ताह में फिर से शुरू हो सकती है सेवा**

रुपये नहीं थे तो गरीब को नहीं मिला इलाज, हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रुपये की कमी में घायल को इलाज नहीं मिला और उसकी मौत हो गई। मजदूर बाइक की चपेट में आकर घायल हो गया था। सितारगंज से उसे हल्द्वानी के डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल रेफर किया गया था।

मैनाझड़ी सितारगंज निवासी रामपाल (50 वर्ष) सोमवार की शाम करीब 7:30 बजे पत्नी सुरजा देवी की दवा लेकर घर पैदल लौट रहे थे। घर के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उनके सिर में अंदरूनी चोट लगी और कान से खून बहन लगा। आनन-फानन में उन्हें सितारगंज के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर उन्हें एसटीएच रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। रामपाल के भांजे मनोज का आरोप है कि रात करीब 10 बजे उन्हें इमरजेंसी में भर्ती किया गया तो स्टाफ ने ऑक्सीजन न होने की बात कही। साथ ही 1900 रुपये न होने की वजह से सीटीस्कैन भी नहीं कराया। काफी मिन्नतों के बाद जांच हुई, लेकिन कुछ ही देर बाद रामपाल की मौत हो गई। यदि उसे समय से इलाज मिलता तो उसकी जान बच सकती थी।

बेटे से मिलने जा रही मामी को भांजे ने चाकू घोंपा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : परिवार के साथ बेटे से मिलने जा रही मामी के पेट में भांजे ने चाकू घोंप दिया। महिला को लहूलुहान हालत में सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कंपनी बाग निवासी अमीर जहां पत्नी नजाकत अली का बड़ा बेटा फिरासत इंद्रानगर में परिवार के साथ रहता है। फिरासत 17 मई को हज करने जा रहा है। मंगलवार को अमीर जहां अपने पति व गुजरात में रहने वाले बेटों रिफायरत, मोनिस और दानिश के साथ फिरासत से मिलने जा रही थीं। आरोप है कि इंद्रानगर चैनल गेट पर भांजे शखावत ने मामी पर चाकू से हमला कर दिया। बेटे बचाने दौड़े तो उन पर चाकू चला दिया। पेट में चाकू लगने से अमीर जहां गंभीर रूप से घायल हो गईं। नजाकत के अनुसार उनके बेटे की इंदिरानगर में इलेक्ट्रिक शाप थी। जिसे उसने अब किराए पर दे दिया है। इसी दुकान के बगल में भांजे की दुकान है। उसकी दुकान में ग्राहक कम जाते हैं। इसलिए वह रंजिश रखता है। वह किराए पर दी दुकान को भी खाली कराने का दवाब बना रहा था। एक साल पहले आरोपी ने लाठी-डंडों से हमला किया था। बनभूलपुरा एसओ नीरज भाकुनीने बताया कि मामले में मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

काम के बोझ से होने वाली समस्याओं के लिए क्या है समाधान

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने देहरादून जिले में संचालित 15 नशामुक्ति केंद्रों के मामले में सुनवाई की। मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने याचिकाओं का क्षेत्र बढ़ाते हुए केंद्र व राज्य सरकार से पूछा है कि प्रदेश में आत्महत्या के जितने भी मामले आ रहे हैं, वे कार्यस्थल पर कार्य की अधिकता व मेंटल हेल्थ की वजह से आ रहे है क्या एक्ट में ऐसा कोई प्रावधान है जिससे कि इस समस्या का समाधान हो सके दो सप्ताह में केंद्र व राज्य सरकार इस पर जवाब पेश कर न्यायलय को अवगत कराएं।

मामले के अनुसार जागृति फाउंडेशन, संकल्प नशामुक्ति, मैजिक नर्फ, इनलाइटमेन्ट फेलोशिप, जीवन संकल्प सेवा समिति, नवीन किरण, इवॉल्व लीव्स, जन सेवा समिति, ज्योति जन कल्याण सेवा, आपका आश्रम, सेंट लुइस रेहाब सोसायटी, एसजी फाउंडेशन, दून सोबर लिविंग सोयायटी रथ टू सेरिनिटी और डॉक्टर दौलत फाउंडेशन ने विभिन्न याचिकाएं दायर कर जिलाधिकारी देहरादून की ओर से 13 नवंबर 2021 को नशामुक्ति केंद्रों संचालन के लिए जारी एसओपी को चुनौती दी। एसओपी में कहा गया है कि जिला देहरादून में नशामुक्ति केंद्रों के खिलाफ बार बार शिकायत आ रही है । जांच करने पर पता चला कि केंद्रों में मरीजों के साथ अमानवीय व्यवहार, घटिया खानपान, साफ सफाई का उचित ध्यान नहीं देने की शिकायत मिलीं। केंद्र संचालकों व मरीजों में टकराव होता है। इसके बाद डीएम ने 13 नवंबर 2021 को एक एसओपी जारी कर कहा कि जिले के सभी नशामुक्ति केंद्रों का पंजीयन व नवीनीकरण क्लीनिकल ईस्टब्लिस्टमेंट एक्ट व मेंटल हेल्थ केयर एक्ट 2017 के तहत होने समेत कई शर्तें रखीं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि डीएम ने इतने अधिक नियम बना दिए जिनका पालन मुश्किल है। उन्होंने डीएम से एसओपी वापस लेने के लिए प्रत्यावेदन दिया किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने न्यायालय से इस एसओपी को निरस्त या संशोधन किया जाए। इसके बाद हाईकोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार से जवाब मांगा है।



संस्कृत महाविद्यालयों में रविवार को अवकाश के लिए विभाग को प्रत्यावेदन दे याची

नैनीताल, अमृत विचार : हाईकोर्ट ने प्रदेश के संस्कृत महाविद्यालयों में रविवार को अवकाश नहीं किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले को सुनने के बाद मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता से कहा है कि इस संबंध में एक नया प्रत्यावेदन संबंधित विभाग को पेश करें। विभाग इस प्रत्यावेदन को चार माह में निस्तारित करेगा। मामले के अनुसार पर्वतीय शिल्पकार सभा के अध्यक्ष गिरीश लाल आर्या निवासी गोपेश्वर चमोली ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों व महाविद्यालयों में रविवार को छुट्टी नहीं दी जाती है। इन विद्यालयों व महाविद्यालयों में पंचाग को देखकर त्रिपता या अष्टमी को अवकाश किया जाता है। वर्तमान में प्रदेश में संस्कृत के 12 विद्यालय व महाविद्यालय हैं जिनमें तीन विद्यालयों में रविवार को अवकाश रहता है बाकी में त्रिपता या अष्टमी को अवकाश होता है। जनहित याचिका में कहा गया है कि जब सभी जगह रविवार को अवकाश रहता है तो इन विद्यालयों व महाविद्यालयों में भी होना चाहिए। रविवार को अवकाश नहीं होने से यहां पढ़ने वाले छात्र प्रतिगयोगी परीक्षाओ में प्रतिभाग नहीं कर पाते हैं। अष्टमी सप्ताह या दो सप्ताह में किसी भी दिन आ सकती है, यह पंचाग पर निर्भर करता है इसलिए प्रदेश के सभी संस्कृत विद्यालयों व महाविद्यालयों में रविवार को ही अवकाश घोषित किया जाए। यह संविधान के अनुछेद 14 का भी उलंघन है।

सार-संक्षेप

रोमांचक मुकाबले में कस्तूरी सदन ने दर्ज की जीत

रामनगर : राइका छोई में चल रही अंतर सदनीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में कस्तूरी सदन ने रोमांचक मुकाबले में नाल सदन को 12 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कस्तूरी सदन ने निर्धारित 10 ओवरों में 54 रनों का स्कोर बनाया। जिसमें मनोज कुमार ने 20 रनों का योगदान दिया। मोनाल सदन की ओर से आशीष कश्यप ने 3 विकेट लिए। जबाब में मोनाल सदन की टीम दसवें ओवर में 42 रनों पर आउट हो गई। इस तरह कस्तूरी सदन ने 12 रनों से मुकाबला जीत लिया। दूसरा मैच जूनियर वर्ग (अंडर -17) मोनाल सदन और ब्रह्मकमल सदन की टीमों के बीच खेला गया।जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रह्मकमल सदन ने निर्धारित 12 ओवरों में 83 रन बनाए। जवाब में मोनाल सदन की पूरी टीम सातवें ओवर में 42 रन पर आउट हो गई। इस प्रकार ब्रह्मकमल सदन ने यह मैच 41 रनों से जीत लिया।

11 पदक व बेस्ट फाइटर ऑफ द टूर्नामेंट जीते

नैनीताल : रामनगर में आयोजित प्रथम इंटर स्कूल प्रतियोगिता में नैनीताल ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों लक्ष्य अधिकारी, सागर सिंह अधिकारी, कनिका, तानिया, रिया व दीपिका ने जीता गोल्ड मेडल, कामाक्षी रावत, देशना मिश्रा, विशाखा राजूपत व मानस ने जीता सिल्वर मेडल तथा कु परी ने कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में बेस्ट फाइटर का खिताब सागर सिंह अधिकारी ने शानदार प्रदर्शन कर अपने नाम किया। क्लब के शानदार प्रदर्शन पर क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता विश्वकेतु वैद्य, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत आदि ने बधाई दी।

अध्यक्ष नावेद अली व मंत्री बनाए गए अमन

हल्द्वानी : उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के मंडलीय कार्यालय काठगोदाम के प्रशासनिक शाखा का वार्षिक चुनाव मंगलवार को काठगोदाम डिपो के यूनियन कार्यालय में संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष नावेद अली, मंत्री अमन कुमार, उपाध्यक्ष एकता पाल व मो. शाहिब, संयुक्त मंत्री सुमन अग्रवाल व माधुरी शर्मा, संगठन मंत्री अनुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार और प्रांतीय प्रतिनिधि सुनील बिष्ट को चुना गया है। इस मौके पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, गोपेश्वर श्रीवास्तव, दयाल जोशी, ललित प्रसाद समेत कई मौजूद रहे।

रामनगर में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते प्राचार्य।

व्यावसायिक पाठ्यक्रम युवाओं से जोड़ने चाहिए

रामनगर : महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययन के साथ साथ विद्यार्थी रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर कौशल विकास करें। प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी.पाण्डे ने महाविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन केन्द्र की बैठक में विभाग प्रभारियों को संबोधित करते हुए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को युवाओं से जोड़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। बैठक में 31 मई तक विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया। बैठक में डिप्लोमा इन ऑफिस मेनेजमेंट के डॉ. दीपक खाती, डिप्लोमा इन ईको-टूरिज्म से डॉ. कृष्णा भारती, डिप्लोमा इन टूरिज्म स्टडीज से डॉ. जे.पी.त्यागी, डिप्लोमा इन कम्प्यूटराईज्ड अकाउंटिंग की प्रभारी डॉ. ममता भदोला जोशी मौजूद रहे।

एनसीसी कैडेट्स ने रानीबाग में किया योग

हल्द्वानी : पूर्व सैनिक शिक्षक एसोसिएशन ने रानीबाग में चल रहे एनसीसी कैंप में पहुंचकर 700 कैडेट्स को योग सीखाया। साथ ही करियर काउंसलिंग की। कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कैप्टन (रि.) भुवन चंद्र जोशी व उनके सहयोगियों के प्रयास से हुआ। योग के जरिये कैडेट्स ने मानसिक व आध्यात्मिक विकास को समझा और इसे आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इस मौके पर कैप्टन (रि.) प्रेम गिरी गोस्वामी व कैप्टन बीसी जोशी (रि.) आदिमौजूदरहे।

एसआईएमटी को मिली एआईसीटीई से मान्यता

हल्द्वानी : श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (एसआईएमटी) को बीबीए व बीसीए में भी एआईसीटीई (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद) से मान्यता मिल गई है। सत्र 2024-25 से बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रम एआईसीटीई के अंतर्गत आ गये हैं। इसके लिए एआईसीटीई ने बुनियादी संरचना और संसाधनों के लिए कड़े मापदंड निश्चित किये हैं जिसे एसआईएमटी ने पूरा किया है। मापदंड में खरा उतरने पर एसआईएमटी को मान्यता प्रदान कर दी गई है।

नैनीताल के खिलाड़ियों ने जीते तीन पदक

हल्द्वानी : देहरादून में बीते 8 से 12 मई तक आयोजित हुई ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में नैनीताल के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण सहित 3 पदक अपने नाम करने में सफल रहे। नैनीताल कराटे एसोसिएशन के तकनीकि निर्देशक विरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के 6 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। इसमें सीनियर वर्ग में चेतन भट्ट ने स्वर्ण और टीम इवेंट में रजत पदक अपने नाम किया है। जूनियर वर्ग में कनिका जोशी ने कांस्य पदक जीता। हल्द्वानी पहुंचने पर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह किरौला, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह क्वीरा, सचिव देवेंद्र बिष्ट समेत कई लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

हॉकी मैदान व क्रिकेट पिच का किया निरीक्षण

हल्द्वानी : गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल हॉकी खेल का टर्फ मैदान और अभ्यास के लिए क्रिकेट के 3 सीमेंटेड पिच, फूल टर्फ क्रिकेट पिच, एवं ड्राइविंग पूल, स्विमिंग पूल समेत अन्य कार्यों का स्थलीय निरीक्षण सहायक खेल निदेशक रशिका सिद्दकी ने किया। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य खेल विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इसमें खेल निदेशालय की ओर से फूल हॉकी टर्फ मैदान व 3 सीमेंटेड विकेट व एक टर्फ क्रिकेट विकेट का निर्माण कार्य चल रहा है। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, सत्यम पांडेय, लोकेश जोशी, त्रिलोक सिंह जीना समेत कई लोग मौजूद रहे।

एलआईसी ने दर्ज की 113 प्रतिशत की वृद्धि

हल्द्वानी : एलआईसी का पॉलिसी में मार्केट शेयर 65 प्रतिशत से अधिक है। इस वित्तीय वर्ष के पहले महीने में ही एलआईसी ने बीते वर्ष के मुकाबले 113 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। एलआईसी ने 12384 करोड़ रुपये की नई व्यवसाय आय अर्जित की है। बीमा कर्मचारी संघ के हल्द्वानी मंडल की एक बैठक मंडल कार्यालय परिसर में हुई। बैठक में अध्यक्ष कामरेड मनोज गुप्ता ने कहा कि मार्च में समाप्त वित्तीय वर्ष में एलआईसी का प्रदर्शन बहुत सराहनीय रहा। इस दौरान हिमांशु चौधरी, वीएस अधिकारी, भानु उपाध्याय, अखिल शर्मा, घनश्याम, रविंद्र कुमार, अशोक कश्यप, जेपी पंत, हेमंत कुमार आदि उपस्थित रहे।

पेयजल संकट, गंदगी-जलभराव से जूझ रहे वार्ड 51 के लोग

वार्ड-51 का हाल:- गड्ढों में गंदे पानी से भरा होने से डंडे से गेट वाल्व खोलते- बंद करते हैं कर्मी

मुख्य कॉलोनियां :- विष्णु विहार, प्रेम विहार, चंद्रावती कॉलोनी, पंचशील, अतुल अनु विहार, सर्वोदय विहार, राधा कृष्ण विहार, देवंदपुरी एक, उदय भवानी विहार, मयूर विहार, भगत देशराज

जनसंख्या: 06 हजार पांच सौ | मतदाता: 04 हजार सात सौ

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम में शामिल होने के बाद भी मुखानी प्रथम बमौरी तल्ली खाम भाग वार्ड-51 की पेयजल समस्या का समाधान नहीं हो पाया। नालियों में जगह-जगह कूड़ा इकट्ठा है।

वार्ड-51 में पेयजल संकट काफी गंभीर है। लोगों ने बताया कि पुरानी पाइप लाइन को बंद कर दिया गया और अब गौला नदी का पानी आता है लेकिन वह भी नियमित नहीं आता जिससे लोगों को काफी परेशानियां होती हैं। पीलीकोठी रोड पर खोदे गए गड्ढे में गंदा पानी जमा हो गया है, जबकि यहीं से कॉलोनियों में पेयजल की सप्लाई होती है। लोगों ने बताया कि गड्ढा गंदे पानी से भरे होने के कारण जल संस्थान के कर्मचारी डंडे की मदद से गेट वाल्व को खोलते व बंद करते हैं।

पीलीकोठी रोड में स्पीड ब्रेकर नहीं होने से अक्सर दुर्घटनाएं होने की आशंका रहती है। लोगों ने बताया कि इस सड़क पर स्कूल वाहन, डंफर आदि भारी वाहन चलते हैं। साथ ही, दोपहिया वाहन भी फर्राटा भरते हैं लेकिन बहुत कम जगह पर ब्रेकर लगे हैं। पीलीकोठी रोड में दुकानदारों ने अपने दुकानों के सामने की नालियां खुद साफ की लेकिन वहां कूड़ा भी कई दिनों से सड़क के किनारे पड़ा हुआ है।

लोगों ने बताया कि कॉलोनियों में कुत्तों का आतंक है। निवर्तमान पार्षद मुकेश बिष्ट ने बताया कि वार्ड में कई सड़कों का निर्माण हुआ है। 3 किमी लंबी सिंचाई नहर बनी है। रस्ट्रीट लाइटें लग गई हैं।

वार्ड 51 में खोदा गया गड्ढा नहीं भरा गया है।

वार्ड में नाली से ओवर फ्लो हुआ पानी।

सालों से टूटी पड़ी है सड़क की नहीं हुई मरम्मत। ● अमृत विचार

लोगों से बातचीत

उत्तरांचल विहार में सड़क नहीं बनी है, जिससे जलभराव की समस्या आम है। कॉलोनियों में बिजली के तार काफी नीचे लटके हैं। **-गिरीश सिंह खाती**

सद्भावना विहार आदि में घरों के बाहर नालियां नहीं बनी हैं। पेयजल की समस्या का भी समाधान नहीं हुआ है। कुत्तों का आतंक है। **-गोपाल दत्त पांडे**



पीलीकोठी रोड में खोदे गए गड्ढे में गंदा पानी जमा हो जाता है। यहीं से पेयजल की आपूर्ति होती है। गंदा पानी सड़कों पर भी आ जाता है। **-रमेश जोशी**

पीलीकोठी रोड अच्छी बन गई है लेकिन इसमें बहुत कम जगहों पर स्पीड ब्रेकर लगे हैं, जिससे छोटे-बड़े सभी वाहन सवार तेज गति से चलते हैं। **-प्रकाश सिंह**

नालियों की सफाई नहीं होती है। नगर निगम की गाड़ी में बिना ढके कूड़ा ले जाया जाता है, जो सड़कों पर गिरता रहता और उससे बदबू भी आती है। **-नीमा जोशी**

बिजली की वोल्टेज लो है। पेयजल की समस्या भी नहीं सुलझ पाई। अतुल अनु विहार आदि में जलभराव की समस्या आम है। **-हेमा बिष्ट**

आउटसोर्स कार्मिकों का धरना

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : पिछले छह माह से वेतन न मिलने से परेशान उत्तराखण्ड वन विकास निगम के पश्चिमी क्षेत्र के रामनगर कार्यालय में नियुक्त 60 आउटसोर्सकर्मियों का कार्य बहिष्कार जारी है। मंगलवार को आउटसोर्स कर्मचारियों ने क्षेत्रीय प्रबंधक के गेट पर दिनभर धरना दिया। बता दें कि निगम के प्रबंधन से नियुक्ति की स्वीकृति न मिलने के कारण ऐसे कर्मचारियों का वेतन नहीं मिला है। इसे लेकर पूरे राज्य के 719 आउटसोर्स कार्मिक कार्यबहिष्कार पर हैं।

धरने पर बैठे आउटसोर्स कार्मिकों ने कहा कि सभी वेतन न मिलने के कारण उनका परिवार आर्थिक के साथ मानसिक रूप से भी परेशान हैं। निगम के लौगिंग प्रभागों में कार्यरत फील्ड के आउटसोर्स कार्मिकों को अक्टूबर 2023 से स्वीकृति न मिलने के कारण वेतन नहीं मिला हैं। इस दौरान रवि किशोर सिंह, दीपक सजवान, हिमांशु तिवारी, अमित कुमार, हरीश रोतेला, महेश चन्द्र, कमलेश बिष्ट, गजेंद्र, नवल पांडे, भास्कर बुधानी आदि मौजूद रहे।

रामनगर में न्यायालय के बाहर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

हाईकोर्ट बेंच की शिफ्टिंग के विरोध में प्रदर्शन

रामनगर, अमृत विचार : उत्तराखंड उच्च न्यायालय की बेंच की ऋषिकेश शिफ्टिंग को लेकर रामनगर के वकीलों का गुस्सा अभी थमा नहीं है। मंगलवार को रामनगर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सिविल न्यायालय परिसर के गेट पर ललित मोहन तिवारी की अध्यक्षता एवं सन्तोष देवरानी के संचालन में प्रदर्शन किया। बता दें अधिवक्ता कुछ दिनों से काली पट्टी बांधकर न्यायिक कार्य कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान वकीलों ने कहा कि हाईकोर्ट को नैनीताल जनपद के अर्न्तगत गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के मध्य स्थापित किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि सभी अधिक्ता 16 मई तक काली पट्टी बांधकर न्यायिक कार्य करेंगे और प्रतिदिन धरना-प्रदर्शन में शामिल रहेंगे। धरना प्रदर्शन में बालम सिंह बिष्ट, ललित मोहन पांडे, धर्मेन्द्र अग्रवाल, दिवान गिरी, बलवन्त सिंह बिष्ट, रनजीत सिंह, सुखदेव सिंह, बृजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

दो युवकों को रॉड से किया लहूलुहान

रामनगर, अमृत विचार: नया झिरना गांव में मंगलवार को चार लोगों ने दो युवकों को रॉड से जमकर पीट दिया। गंभीर रूप से घायल एक युवक को एसटीएच हल्द्वानी रेफर किया गया है। बताया गया कि मुख्य आरोपी गांजा तस्करी का आरोपी है और जमानत पर जेल से छूटा है। घायल पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बताया गया कि नया लालढांग के प्लॉट नंबर 16 निवासी हिमांशु और गणेश सैनी मंगलवार को घर के पास खड़े थे। इस बीच आए एक बाइक सवार ने हिमांशु को टक्कर मार दी। हिमांशु के ऐतराज करने पर आरोपी युवक बाइक खड़ी कर हिमांशु और गणेश को पीटने लगा। एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि पुलिस के मारपीट की तहरीर मिली है, जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

विधायक सुमित हृदयेश कांगड़ा के पर्यवेक्षक बने

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश को पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए हिमाचल में कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा कांगड़ा से चुनाव लड़ रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ प्रभारी राजीव शुक्ला ने इस संबंध में पत्र जारी कर उम्मीद जताई है कि विधायक हृदयेश चुनाव प्रचार में प्रभावी भूमिका अदा करेंगे। इधर, सुमित हृदयेश ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला का आभार जताते हुए कहा कि वह पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। हृदयेश का कहना है देश में इंडिया गठबंधन की लहर है। महंगाई, बेरोजगारी के कारण जनता परेशान हो गई है।

कैंसर इंस्टीट्यूट के निर्माण की बाधाएं जानीं

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय उत्तराखंड के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एमएल भट्ट ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, नर्सिंग कॉलेज व स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मंगलवार को कुलपति प्रोफेसर डॉ. एमएल भट्ट ने स्वामी राम कैंसर इंस्टीट्यूट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. भट्ट ने स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के संबंध में निदेशक डॉ. केसी पांडे से जानकारी ली। उन्होंने कैंसर इंस्टीट्यूट में निर्माणाधीन कार्यों के बारे में जाना और निर्माण में बाधा बन रहे वन विभाग के पेड़ों के संबंध में भी जानकारी ली। कहा कि 100 करोड़ की लागत से संस्थान में नई मशीनें आनी हैं। कहा कि मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में होने के लिए विद्यार्थी अभी स्वयं ही सहमत नहीं दिख रहे हैं। इसलिए किसी का आवेदन नहीं आया है। डॉ. भट्ट ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष के साथ बैठक कर चर्चा की। इसके पश्चात नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रों के कक्षों, संकाय सदस्यों व कोर्स की जानकारी ली।

साथ ही भविष्य में नये कोर्स शुरू किए जाने की संभावनाओं पर भी संकाय सदस्यों से चर्चा की। एसटीएच के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी व आपातकालीन विभाग में मरीजों का हाल जाना। मेडिसन आईसीयू का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी, एसटीएच के एमएस डॉ. जीएस तितियाल, डॉ. जलज गौड़, पंकज बोरा थे।

स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय का निरीक्षण करती टीम। ● अमृत विचार

बेस में स्कूल के बच्चों की लंबी कतार

हल्द्वानी। एनसीसी में प्रवेश के लिए स्कूल के बच्चों का मेडिकल अनिवार्य है। इसे देखते हुए बेस अस्पताल में स्कूल के बच्चों की लंबी कतार लग गई। इस वजह से अन्य मरीज भी परेशान हो गए। फिजिशियन ओपीडी के सामने कतार बहुत पीछे तक चली गई। अस्पताल स्टाफ व्यवस्था बनाकर स्कूल के बच्चों को कतार में लगाया। तब जाकर स्थिति सामान्य हुई।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) | श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) | योगेन्द्र सिंह (9760578366)

कार्यालय प्राचार्य, रा0 स्ना0 महाविद्यालय, खटीमा (ऊधमसिंह नगर)

पत्रांक : 17A/2024-25 — **प्रेस विज्ञप्ति** — दिनांक : 08-05-2024

हे०न०ब०रा०स्ना० महाविद्यालय, खटीमा के स्ववित्त पोषित बी०एड० विभाग में गैस्ट फैकल्टी (नितान्त अस्थाई) पद पर 250/- (दो सौ पचास) रू० प्रतिवादन एवं अधिकतम 15,000/- (पन्द्रह हजार) रू० प्रतिमाह मानदेय के आधार पर यू०जी०सी०/एन०सी०टी०ई० के मानकानुसार अर्हता धारित करने वाले अभ्यर्थियों हेतु विज्ञप्ति जारी होने से दिनॉक 30/05/2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र विभाग से प्राप्त कर शैक्षिक / सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न कर महाविद्यालय को रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट डाक से प्रेषित करना सुनिश्चित करें। पदों का विवरण निम्नवत है:-

रिक्त पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या	योग्यता
गणित शिक्षण	01	पी.जी., एम.एड. नेट/यू-सेट/पी.एच.डी.
अंग्रेजी शिक्षण	01	पी.जी., एम.एड. नेट/यू-सेट/पी.एच.डी.
जीव विज्ञान शिक्षण	01	पी.जी., एम.एड. नेट/यू-सेट/पी.एच.डी.
सामाजिक अध्ययन शिक्षण	01	पी.जी., एम.एड. नेट/यू-सेट/पी.एच.डी.

प्राचार्य
हे०न०ब०रा०स्ना० महाविद्यालय
खटीमा (ऊधमसिंह नगर)

होमगार्ड के जवानों ने खेली कबड्डी, योग से लिया स्वास्थ्य लाभ

हल्द्वानी, अमृत विचार : होमगार्ड के जवानों को मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। इसी के तहत जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। मंगलवार को कुसुमखेड़ा में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया और कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई। कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को जिला कमांडेंट ऊधमसिंह नगर प्रतीमा ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के बाद चारधाम ड्यूटी पर नैनीताल से जा रहे 28 जवानों को रवानाभीकियागया। होमगार्ड की जिला कमांडेंट ऊधमसिंह नगर के पास नैनीताल जिले और मंडलीय कमांडेंट का चार्ज भी है। उन्होंने होमगार्ड जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक और शारीरिक रूप से फिट होंगे तो फिर सब कुछ आपके नियंत्रण में होगा। हम मानसिक समस्या को शर्म की बात मानते हुए इस पर चर्चा नहीं करते। तनाव महज सोने से खत्म नहीं होता। बिना विचारों के किसी एक बिंदु पर फोकस करने से एकाग्रता आती है और तनाव कम होता है।

35 सवारियों से भरी बस डिवाइडर पर चढ़ी, चालक और परिचालक फरार, वृद्धा हुई घायल

हल्द्वानी : नैनीताल रोड पर जजी के पास मंगलवार रात एक बस हादसे का शिकार हो गई, 35 सवारियों से भरी बस एक कार से टकराने के वाद अनियंत्रित हुई। हादसे से बस में चीख पुकार मच गई। एक वृद्धा मामूली रूप से घायल है। ट्रैवल कम्पनी की बस हर रोज लखनऊ, उन्नाव के लिए नैनीताल रोड स्थित एलआईसी कार्यालय के सामने से जाती है। मंगलवार रात बस करीब पौने नौ बजे 35 सवारियों को लेकर रवाना हुई। बस जजी कोर्ट के पास पहुंची थी कि ओवरटेक करते वक्त कार से टकरा गई। जिससे वह डिवाइडर पर चढ़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस पलटते बची। हादसा होते ही बस के चालक परिचालक मौके से भाग गए। घटना में लखनऊ जा रही नफीस फातिमा को चोट भी आई। सूचना पर डायल 112 और काठगोदाम थाने के एसआई फिरोज आलम मौके पर पहुंचे। बस मालिक ने दूसरी बस से यात्रियों को भेजा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार — लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण — स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

गृह कलह में जहर खाकर जान दी

पंतनगर : नगला नगर पालिका में स्वच्छक के पद पर ठेके में कार्यरत रेखा (42) पत्नी सुनील कुमार के साथ मस्जिद कॉलोनी में रहती थी। सोमवार रात लगभग नौ बजे रेखा ने गृह कलह चलते विषैला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत काफी खराब हो गई। परिजन उसे लेकर विश्वविद्यालय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। रेखा की गंभीर हालत के चलते रुद्रपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रेखा ने लगभग दो महीने पहले भी गृह कलेश के चलते विषैला पदार्थ खा लिया था। लेकिन परिजनों की तत्परता ने उसे बचा लिया। उसके दो बेटे और एक बेटी है।

चाकू संग युवक दबोचा

काशीपुर : पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार देर रात टांडा उज्जैन चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। बाजपुर निवासी बंटी सागर को एक चाकू के साथ पकड़ा गया। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

बाजपुर : राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर सुल्तानपुर पट्टी के नजदीक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। रोशनगढ़ रुद्रपुर निवासी माजिद (26) पुत्र चिड्डा खान मंगलवार को बाइक पर रुद्रपुर से काशीपुर जा रहा था। इसी बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर सुल्तानपुर पट्टी के नजदीक दोपहर करीब 12 बजे वह ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गया। बताया जाता है कि घायल युवक मछली व्यापारी है और वह काशीपुर मछलियां लेने जा रहा था। उसके सड़क किनारे खड़ी ट्राली में टकराने की बात कही जा रही है।

खेत में लगे 65 पौधों को तोड़ने का आरोप

बाजपुर : खेत में लगे पॉपुलर के 65 पौधों को अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़ने जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित किसान ने पुलिस चौकी बरहैनी में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम बन्नाखेड़ा सानी निवासी गोविंद सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने अपने खेत में पॉपुलर के पौधे लगाए थे। आरोप है कि 13 मई को किसी अज्ञात व्यक्ति ने 65 पॉपुलर के पौधे तोड़ दिए हैं जिससे किसान को काफी हानि हुई है। पुलिस ने मुआयना किया है।

ऑनलाइन कार्य करने का झांसा देकर ठगे 6.25 लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप के रहने वाले एक युवक को ऑनलाइन कार्य करने और मोटा पैसा कमाने का झांसा देकर साइबर ठग ने लाखों का चूना लगा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना ट्रांजिट कैंप के जगतपुरा निवासी दीपक नैनवाल ने बताया कि 27 अप्रैल की सुबह उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी जो खुद को कोन डिक्स कंपनी का प्रतिनिधि बता रहा था। बताया कि ऑनलाइन कार्य कर पैसा कमाया जा सकता है। बातों का झांसा देकर कॉलर ने दिव्य कुमार नाम की टेलीग्राम में आईडी बनाई और घर बैठे दोगुना पैसा कमाने का झांसा दिया। जिसकी एवज में कॉलर ने कई बार अलग-अलग तिथि में बताए गए खाते में 6.25 लाख रुपये का भुगतान करवाया।

बावजूद कॉलर पैसों की मांग करता रहा। जब धोखाधड़ी होने की भनक लगी तो आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर दिया। आरोप था कि आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर कॉलर उसके खाते में 8.61 लाख रुपये का मुनाफा दर्शाता रहा। पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर 6.25 लाख धोखाधड़ी के आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

एक्ट के अनुसार किए जाएं चिकित्सा संस्थानों के पंजीकरण, अपर जिलाधिकारी ने बैठक में दिए निर्देश

मानव स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: एडीएम

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: नैदानिक स्थापना अधिनियम 2010 एवं उत्तराखंड नियमावली 2015 के क्रियान्वयन व निजी चिकित्सालयों के स्थायी व अस्थायी पंजीकरण अथवा नवीनीकरण के लिए एक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने कहा कि मानव स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक्ट में दी गयी पद्धतियों के आधार पर ही चिकित्सा संस्थानों के पंजीकरण किए जाएं।

मंगलवार को अपर जिलाधिकारी उपाध्याय ने जिला कार्यालय में जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने कहा कि जनपद में अपंजीकृत चिकित्सकों (झोलाछाप) द्वारा अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों, पैथोलॉजी लैबों और ऐसे पंजीकृत क्लीनिकों, चिकित्सालय जो नियम विरूद्ध कार्य कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके लिए संयुक्त टीम चिकित्साधिकारी, उपजिलाधिकारी, पुलिस, अन्य सदस्यों द्वारा छापेमारी की जाए। इसकी फोटो एवं वीडियोग्राफी करते हुए उपकरण, दवाएं आदि सील किये जाएं व क्लीनिक को सीज किया जाए और प्राथमिकी भी दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों, क्लीनिकों में एसटीपी के साथ ही बायो मेडिकल वेस्ट मानकों के अनुसार किया जाए। चिकित्साधिकारी नियमित चिकित्सालयों का अवश्य निरीक्षण करें ताकि उचित व्यवस्थाएं बनी रहें। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरेंद्र कुमार मलिक, डॉ. नितिन कुमार, डॉ. आलोक कुमार शुक्ला, डॉ. टी पूजा, डॉ. खेमपाल, डॉ. महेश चंद्र जोशी, डॉ. आरके दुबे, डॉ. अभिलाषा पांडे, डॉ. संजय, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. पीडी गुप्ता, डॉ. सतीश, डॉ. पवन कक्कड़, आईएमए के उमेश तिवारी समेत कई चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय।

जनपद में 706 चिकित्सालय पंजीकृत

रुद्रपुर : मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि जनपद में कुल 706 चिकित्सालय, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब पंजीकृत हैं। इसमें 202 स्थायी व 504 अस्थायी रूप से पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण को 129 चिकित्सालय, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब पंजीकरण के लिए प्राप्त हुए हैं। इसमें 87 अस्थायी व 42 स्थायी पंजीकरण अथवा नवीनीकरण के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नैदानिक स्थापन अधिनियम 2010 व 2015 के तहत 32 अवैध चिकित्सालय, क्लीनिक, लैब, झोलाछाप क्लीनिक संचालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 7.60 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

लाखों की खैर की लकड़ी पकड़ी, तस्कर फरार

बीती रात कैंटर में रखकर खैर की लकड़ी ले जा रहे थे आरोपी तस्कर, खैर के 70 गिल्टे बरामद, कैंटर सीज

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: कुंडा थाना पुलिस व वन विभाग की टीम ने लाखों की कीमती खैर की लकड़ी बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने लकड़ी से भरे वाहन को पकड़ लिया, लेकिन आरोपी पुलिस व वन विभाग को देखकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कुंडा थाना प्रभारी विक्रम राठौर ने बताया कि बीती देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि यूपी से कुछ लोग अवैध खैर की लकड़ियों की तस्करी करने आ रहे हैं। इसके बाद क्षेत्र में गश्त को बढ़ा दिया। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद ग्राम भरतपुर के पास कैंटर संख्या यूपी 22 बीटी3937 में चालक व तीन अन्य लोग खैर की लकड़ी लेकर आ रहे थे। वहीं पुलिस को देकर तीनों लोग कैंटर छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद कैंटर में रखे खैर के 70 गिल्टे को बरामद किया गया और कैंटर को सीज कर दिया। बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पहले काटे पेड़, जमीन में दबाने के बाद ले जा रहे थे: तराई पश्चिम वन प्रभाग के एसडीओ संदीप गिरी ने बताया कि आरोपियों ने भरतपुर के पास जमीन में खैर की लकड़ी के गिल्टे दबा दिए थे, इसके बाद ले जाने का प्रयास कर रहे थे। बताया कि आरोपी की तलाश में वन विभाग ने चार टीमें लगाई हैं।

अवैध खनन में ट्रैक्टर को सीज किया: नानकमत्ता : साधू नगर कैलाश नदी की वन क्षेत्र सीमा से अवैध खनन कर रही एक ट्रैक्टर को पकड़कर सीज कर दिया। उप प्रभागीय वनाधिकारी सन्तोष कुमार ने बताया कि चालक मौका देख फरार हो गया। टीम में वन दरोगा भूपाल सिंह, वन बीट अधिकारी भूपेंद्र कुमार, गणेश दत्त पलड़िया, नरेन्द्र पांडे आदि शामिल थे।

कुंडा थाने में बरामद खैर की लकड़ी। ● अमृत विचार

नानकमत्ता में खनन के आरोप में पकड़ा गया ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

कत्था बनाने के लिए होती है तस्करी

काशीपुर : खैर की लकड़ी की तस्करी आरोपी कत्था बनाने के लिए करते हैं। वन विभाग के एसडीओ संदीप गिरी ने बताया कि लकड़ी के टुकड़ें को उबालकर निकाला और जमाया रस जो पान में चूने के साथ लगाकर खाया जाता है, यह खैर का कत्था कहलाता है। बताया कि यूपी में कई जगह पर कत्था बनाने का काम चलता है।

सेमल की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा

किच्छा : वन विभाग की टीम ने लाखों रुपये कीमत की सेमल की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया। फिलहाल वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार की दोपहर वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि किच्छा राजस्व क्षेत्र से सेमल प्रजाति के पेड़ों का बिना अनुमति कटान कर लकड़ी चोरी की जा रही है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली संख्या यूपी 25 डी एम 8190 को रोक लिया। टीम द्वारा ट्रैक्टर चालक से लकड़ी के संबंध में कागजात पूछे जाने पर चालक कोई भी कागजात नहीं दिखा पाया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर डॉली रेंज लालकुआं क्षेत्र में खड़ा कर जांच शुरू कर दी है।

नंबर प्लेट छिपाने पर 12 डंपर सीज, 25 का चालान

काशीपुर : परिवहन विभाग ने डंपरों की नंबर प्लेट छिपाने व छेड़छाड़ करने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान लापरवाही बरतने वाले 12 डंपरों को सीज करने, जबकि 25 डंपरों के 10-10 हजार रुपये के चालान काटे हैं। मंगलवार को एआरटीओ विमल पांडेय ने बताया कि नंबर प्लेट को मिट्टी आदि लगाकर छिपाने वाले डंपरों चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि डंपरों की नंबर प्लेट को छिपाकर डंपर चालक लापरवाही से डंपर को चलाते पाए गए हैं। बीती देर रात प्रवर्तन अधिकारी अभिलाष गैरोला, जगदीश चंद्र व जितेंद्र बहादुर चंद ने जसपुर, सुल्तानपुर पट्टी, काशीपुर हाईवे पर कार्रवाई करते हुए 12 डंपरों को सीज किया है।

अवैध रूप से उप खनिज ढोने वाला हाईवा सीज

खटीमा : वन क्षेत्राधिकारी एमसी जोशी द्वारा वन अपराधों पर नियंत्रण को लेकर गश्त के दौरान नानक सागर निकासी गेट पर रॉयल्टी चेक की गई। टीम ने सोमवार रात्रि करीब 10:45 बजे एक हाइवा ट्रक संख्या यूके 019सीए 6236 को बिना कागजात अवैध रूप से उपखनिज लाते हुए पकड़ा। जिसे कब्जे में लेकर खटीमा वन विश्राम भवन में सीज कर खड़ा कर दिया है।

दुष्कर्मी भाई को बीस साल कठोर कारावास की सजा

संवाददाता, रुद्रपुर

निर्णय

- विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ने सुनाया फैसला
- विशेष लोक अभियोजक ने पेश किए गवाह

अमृत विचार: विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ने अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के दोषी भाई को बीस साल के कठोर कारावास की सजा व तीस हजार रुपये के अर्थदंड देने की सजा सुनाई है। इस दौरान विशेष लोक अभियोजक ने अदालत के सामने छह गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया है।

विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि नानकमत्ता के रहने वाले एक पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि 23 जनवरी 2021 को जब वह घर पहुंचा तो उसकी सात वर्षीय अबोध बच्ची रो रही थी और उसके कपड़े खून से लथपथ थे। जब पूछा तो बताया कि भैया अक्षय राना निवासी ग्राम पिपलिया पिस्तौर थाना नानकमत्ता ने उसके साथ जबरन दुराचार किया और खाने की चीज देकर घर छोड़कर भाग गया। पीड़िता के पिता का कहना था कि अक्षय राना उसका भतीजा है और अक्सर घर पर आता रहता है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया। जिसमें दुराचार की पुष्टि भी हुई। 31 जनवरी 2021 को पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और दुष्कर्म प्रकरण की सुनवाई विशेष पॉक्सो न्यायाधीश अश्विनी गौड़ की अदालत में शुरू हुई।

जहां विशेष लोक अभियोजक ने अदालत के सामने छह गवाह पेश किए और अदालत ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद दुष्कर्म के दोषी युवक को बीस साल कठोर कारावास और तीस हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई। साथ ही प्रदेश सरकार को छह लाख रुपये पीड़िता को देने का आदेश भी दिया।

महिंद्रा एंड महिंद्रा की एक्सयूवी-3 एक्सओ की भव्य लांचिंग हुई

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: किच्छा बाईपास रोड स्थित कुमार ऑटोव्हील्स कंपनी में महिंद्रा एंड महिंद्रा की एक्सयूवी-3 एक्सओ की भव्य लांचिंग हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ कंपनी के सीएमडी शिव कुमार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम कृष्ण कांत बिश्नोई, एजीएम विनोद सेमवाल, शाखा प्रबंधक विरेंद्र कुजूर, प्रबंधक सुमित पोखरियाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

मंगलवार को एक्सयूवी-3एक्सओ की लांचिंग के दौरान कंपनी के जीएम विपिन पांडे ने ग्राहकों को फीचर और खूबियों के बारे में बताया। वाहन में आधुनिक तकनीक के फीचर्स हैं। वाहन की बुकिंग 15 मई से शुरू हो रही है। वाहन की शुरुआती कीमत 7.49 लाख रुपये हैं। कंपनी के निदेशक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि कार्य की गुणवत्ता, परफॉर्मेंस, क्वालिटी के कारण हमारी गिनती देश के टॉप डीलर्स में होती है। इस दौरान कंपनी के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

एक्सयूवी-3 एक्सओ की लांचिंग कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीएमडी शिव कुमार अग्रवाल।

ट्रांजिट कैंप में दो उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी करते पकड़ा

रुद्रपुर : विद्युत विभाग की टीम ने थाना ट्रांजिट कैंप में छापामार कार्रवाई करते हुए दो विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी करते हुए दबोच लिया और उपखंड अधिकारी ने विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करवाया। 13 मई की दोपहर को उपखंड अधिकारी अंशुल मदान के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने ट्रांजिट कैंप इलाके में विद्युत चोरी के खिलाफ मुहिम चलाया। जहां पाया कि गोविंद नगर निवासी रजत सरकार द्वारा विद्युत पोल से कटिया डालकर विद्युत चोरी की जा रही है। इसके अलावा मुखर्जी नगर में भी धीरेंद्र सरकार द्वारा विद्युत पोल से विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा। टीम ने विद्युत कनेक्शन काटते हुए तार को सील कर दिया। इस पर उपखंड अधिकारी अंशुल मदान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिला बैठक में विहिप के पदाधिकारी चुने गए

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: विश्व हिंदू परिषद काशीपुर-नैनीताल की मंगलवार को संयुक्त जिला बैठक रामराज रोड स्थित रायल गार्डन मैरिज पैलेस में हुई। इसका शुभारंभ विहिप के केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र, प्रांत मंत्री धीरेंद्र, विभाग संगठन मंत्री उमाकांत, प्रांत मंत्री गौरक्षा विभाग यशपाल राजहंस, जिलाध्यक्ष तेजप्रकाश शर्मा, मातृशक्ति जिला संयोजिका लता गोयल आदि ने संयुक्त रूप से प्रभु श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र ने आगामी कार्यक्रमों व संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर योजना को साझा किया। बैठक का संचालन यशपाल राजहंस ने किया। इस दौरान जसपुर, काशीपुर, सुल्तानपुर पट्टी, बाजपुर आदि के जिला, प्रखंड व नगर पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई जिसमें जिला सह मंत्री आशीष शर्मा (विहिप), जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार चंद्रा (विहिप), जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख प्रशांत पांडेय, जिला गौ रक्षा प्रमुख (गौ रक्षा विभाग) बिल्लू तोमर, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी वर्षा कुमारी को बनाया गया। इसी प्रकार प्रखंड बाजपुर में प्रखंड अध्यक्ष यशपाल सिंह (विहिप), प्रखंड धर्म प्रसार प्रमुख पंकज शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष सुशील देवी, नगर संयोजक अमन वर्मा, प्रखंड जसपुर में प्रखंड अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, प्रखंड मंत्री अमित बग्गा, प्रखंड संयोजक बजरंग दल मुकुल कुमार, प्रखंड संयोजिका दुर्गा वाहिनी राधिका देवी, प्रखंड काशीपुर में प्रखंड सह मंत्री वैभव गुप्ता, प्रखंड संयोजिका रोशनी सैनी, प्रखंड सह संयोजक अर्पित अरोड़ा, प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख मनीष प्रजापति, सुल्तानपुर पट्टी में प्रखंड महिला उपाध्यक्ष मिथलेश देवी, प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख धीरज सैनी, प्रखंड संयोजक नितिश कुमार, प्रखंड सह संयोजिका दुर्गा वाहिनी बबीता देवी, प्रखंड सह संयोजक शिवा चैनवाल, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख सौरभ, प्रखंड सप्ताहिक मिलन प्रमुख शिवा कौशल को नियुक्त किया गया है। बैठक में जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख वरुण वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष सूरज चौधरी, जिला संयोजक सचिन गौतम, गोलू सागर, राकेश कुमार, मनोज शर्मा, अमन वर्मा आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में हुई बैठक में शिरकत करते विहिप पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सफलता ऑपरेशन स्माइल के तहत चलाया अभियान, एसएसपी के आदेश पर शुरू हुई मुहिम

76 लापता लोगों के साथ लौटीं परिवार की खुशियां

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऑपरेशन स्माइल के तहत एसएसपी के आदेश पर चलाई गई मुहिम में पुलिस ने 76 लापता लोगों को खोजकर उनके परिवार के सुपुर्द किया और चेहरों पर खुशी दिलाई।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने ऑपरेशन स्माइल के तहत सभी थाना-चौकी पुलिस को आदेशित किया था कि मुहिम चलाकर मई में लापता लोगों की खोजबीन करें। आदेशों का पालन करते हुए नोडल अधिकारी एवं सीओ सदर निहारिका तोमर की देखरेख में अभियान चलाया गया और एक मई से 13 मई तक किसी कारण परिवार से लापता हुए पांच बालिका, 33 पुरुष और 38 महिलाओं को बरामद किया गया।

मुहिम के तहत कई थाना चौकी पुलिस ने 76 लापता लोगों के घर-घर जाकर सुपुर्द किया। उन्हें देखकर परिवार के लोगों का खुशी का कोई ठिकाना नहीं था और परिजनों ने पुलिस की इस मुहिम की सराहना की। सीओ निहारिका तोमर ने बताया कि मुहिम के लिए चार टीमों का सर्किल वार गठन किया गया था। जिसमें एक निरीक्षक-उप निरीक्षक और चार सिपाही और एक महिला सिपाही के अलावा एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग सेल की टीम शामिल थी। लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की काफी सराहना की है। लोग परिजनों को पाकर खुश नजर आए।

संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हिमांशु का नहीं लगा सुराग

किच्छा : कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए 11 वर्षीय बालक का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया। बालक के गायब होने में रुद्रपुर निवासी एक महिला का नाम सामने आ रहा है। बालक के लापता होने के बाद महिला भी घर से फरार हो गई है। फिलहाल पुलिस टीम लगातार संदिग्ध महिला एवं लापता बालक की खोज में जुटी हुई है। विगत 10 मई की शाम नई सुनेहरी, वार्ड नंबर 11, कोतवाली किच्छा निवासी सूर्य प्रकाश ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि उसके भाई सोनी की मौत कई वर्ष पूर्व हो चुकी है तथा उसकी भाभी लगभग 7 वर्ष पूर्व घर छोड़कर चली गई थी। उन्होंने बताया कि भाभी के घर छोड़ने तथा भाई की मौत के बाद करीब 4 वर्षीय भतीजे का उसके द्वारा अपने पुत्र की तरह पालन पोषण किया गया। जो कि वर्तमान में 11 वर्ष का है। सूर्य प्रकाश ने बताया कि 10 मई की सुबह 11 वर्षीय हिमांशु घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा बालक की कई जगह तलाश की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों के अनुसार 10 मई को रुद्रपुर निवासी एक संदिग्ध महिला को मोहल्ले में देखा गया था तथा घटना के बाद से संदिग्ध महिला अपना घर बार छोड़कर फरार हो गई है। फिलहाल पुलिस ने सूर्य प्रकाश की पत्नी सुनीता देवी की शिकायत पर हिमांशु की गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

घरेलू विवाद को लेकर मारपीट

बाजपुर: घरेलू विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया जिसे पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहीं पीड़ित ने अपनी पत्नी व बेटे पर ही हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस चौकी बरहैनी के अंतर्गत ग्राम भट्टपुरी निवासी हरदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की सुबह घरेलू बात को लेकर उसका अपनी पत्नी व बेटे से विवाद हो गया था। आरोप है कि दोनों मां-बेटे ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए उसके ऊपर हमला कर दिया जिसमें वह घायल हुआ है। घायल को पुलिस ने उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि आरोपित युवक दूसरे समाज की युवती से शादी करना चाहता है जिसमें उसकी मां की सहमति भी है, लेकिन पिता इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं हो रहा है जिसको लेकर यह विवाद हुआ है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

सार संक्षेप

ग्रीनवर्ल्ड स्कूल की सुरभि ने किया टॉप

सुरभि राय | अर्पिता साहनी | अंशिका मौर्य

शक्तिफार्म : ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल शक्तिफार्म की छात्रा सुरभि राय ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में 95% अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। अर्पिता साहनी ने 88 .2% एवं अंशिका मौर्य ने 87 .8% अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रबंधक नवीन चंद्र जोशी ने छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं।

शेरेटन एकेडमी के मेधावियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जसपुर : सीबीएसई के परीक्षाफल में शेरेटन एकेडमी, जसपुर के इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस विद्यालय के इंटरमीडिएट के वंश सिंघल ने 95 प्रतिशत, शीनू परवीन ने 91 प्रतिशत, उज्ज्वल शर्मा ने 90 प्रतिशत एवं बाशू मित्तल ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के एमडी दीपक सिंघल ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

भव्या शर्मा ने 97 प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया

भव्या शर्मा।

काशीपुर : छात्रा भव्या शर्मा ने सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा भव्या शर्मा उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता शिक्षक नेता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के महासचिव संजय शर्मा की बेटी है। इस पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने सीबीएसई की दसवीं व 12वीं की परीक्षा में सफल छात्रों को बधाई दी है। अन्य छात्रों से कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने को कहा है।

शांतिपुरी में 12वीं में अभिषेक, तान्या और 10वीं में कनक, विवेक व दीपिका रहे स्कूल टॉपर

शांतिपुरी : सीबीएससी इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में हीरावती माध्वानंद जोशी सरस्वती बिहार सीनियर सेकेंड्री स्कूल शांतिपुरी में अभिषेक कुमार 93 .4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉपर रहे। जबकि सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल सत्संग आश्रम में 12वीं की तान्या आंडोला सर्वाधिक अंक अर्जित कर टॉपर रहीं। यहां हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल शांतिपुरी सत्संग आश्रम में 97 .2 प्रतिशत अंकों के साथ कनक दानू, हीरावती माध्वानंद जोशी सरस्वती बिहार सीनियर सेकेंड्री स्कूल में 95 प्रतिशत अंकों के साथ विवेक गुप्ता व ग्रेट मदर टेरेसा स्कूल शांतिपुरी भरतपुर में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर दीपिका चंद ने विद्यालय में टॉप किया।

सेंट पीटर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया नाम रोशन

किच्छा : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दबदबा बरकरार रहा। किच्छा के किशनपुर स्थित सेंट पीटर विद्यालय का हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र सूर्य वीर सिंह ने 95 .6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। होनहार छात्र तनिष्क जोशी ने 93 .4 प्रतिशत, सोनल ने 92 .4 प्रतिशत तथा पवन कुमार मौर्य ने 91 .8 प्रतिशत अंक हासिल किए। वाणिज्य वर्ग में प्रथम स्थान पर रानी अधिकारी ने 91 .8 प्रतिशत तथा पीसीबी वर्ग में जीनत ने 90 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। वहीं हाईस्कूल में विद्यालय के मोहम्मद अरहान अंसारी ने 97 .4 प्रतिशत, आरुष वर्मा ने 97 प्रतिशत, रितिका चौधरी ने 96 .8 प्रतिशत, दीपाली सिंह ने 96 .8 प्रतिशत, युवराज एवं रितिका कुमारी ने 96 .8 प्रतिशत एवं पर्व चौधरी ने 96 .2 प्रतिशत, पुलकित अरोरा एवं सर्वज्ञ नारायण ने 95 .8 प्रतिशत, अदिति पिपलानी व अनघ सक्सेना ने 95 .4 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य फादर अलेक्सांडर मोन्तेरो तथा उप प्रधानाचार्य सिस्टर लूसिया आदि मौजूद रहे।

गदरपुर में राहगीरों को शरबत पिलाते कॉलेज के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

छात्र-छात्राओं ने लगाई छबील

गदरपुर : बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शरबत की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। डीके खोला बीएड की छात्रा प्रीति शाही के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के सामने मुख्य मार्ग पर राहगीरों को शरबत पिलाया। इस मौके पर प्रबंधक सतीश खोला, दीपक शर्मा, कमलेश शर्मा, सुशील कुमार, भावना बिष्ट, गौरव कुमार, नीतिका, अनिल कुमार, पंकज आर्य, निशा आर्य, काजल सिंह, शिखा, दीक्षा, समीक्षा, मनीषा, आंचल, कविता, सिमरन, एकता आदि मौजूद थीं।

किच्छा में परीक्षा देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

डिप्लोमा कोर्स इन उर्दू लैंग्वेज की वार्षिक परीक्षा संपन्न

किच्छा : मानव संसाधन विकास मंत्रालय (राष्ट्रीय भाषा विकास परिषद, भारत सरकार) के तत्वावधान में डिप्लोमा कोर्स इन उर्दू लैंग्वेज की वार्षिक परीक्षा संपन्न हुई। आवास विकास स्थित सेंट मैरी जूनियर हाईस्कूल परिसर में आयोजित वार्षिक परीक्षा में 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उर्दू स्टडी सेंटर इंचार्ज एम रहमान अंसारी एवं उर्दू टीचर हुमा रहमान ने परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। बताया कि उर्दू लैंग्वेज का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों द्वारा प्रतिवर्ष इस परीक्षा में हिस्सा लिया जाता है। मौके पर गुलिस्ता अंसारी, मंशा अंसारी, सीमा अंसारी, आलिया सैफी, किरण कोहली, मन्नू गंगवार, मीणा ढाली, हिमानी पाल, मुस्कान यादव, निधि अग्रवाल, पूजा यादव, प्रियंका गोस्वामी, कशिश मलिक, सलमान अंसारी, आमिर अंसारी आदि मौजूद रहे।

महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाएंगे

प्रेम सिंह सहोता

जसपुर : भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि समीपवर्ती गांव भगवंतपुर में प्रात: 9 बजे मनाई जाएगी। उक्त जानकारी भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमसिंह सहोता ने दी। उन्होंने भाकियू कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

उम्मीद से बढ़कर अंक पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

रुद्रपुर के गुरुनानक स्कूल के बच्चों ने इंटरमीडिएट और हाईस्कूल में किया बेहतर प्रदर्शन, ज्योति परिहार ने किया स्कूल टॉप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : सीबीएसई के इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में गुरु नानक हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसमें ज्योति परिहार ने 95.8, सूरन जीत सरकार ने 95.2 फीसदी, किरन कोरी ने 93 फीसदी अंक पाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

गुरुनानक शिक्षा समिति के प्रबंधक गुरमीत सिंह, सदस्य करनैल सिंह, प्रबंधक हरजिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष अमनदीप सिंह, प्रधानाध्यापक जतिंदर कौर संधू ने बताया कि सुरभि श्रीवास्तव ने 92. 2 फीसदी, सिदरा अली 91.8, ललित बिष्ट ने 90.8, गगन दीप कौर ने 90.2 और विकास राणा ने 93 फीसदी अंक पाए और विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

सीबीएसई हाईस्कूल में भी गुरु नानक हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जहां विष्णु गुप्ता ने 96.8 फीसदी अंक पाकर बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं यश मौर्या ने 95 फीसदी और कशिश बिष्ट ने 94.8 फीसदी अंक प्राप्त किए।

ज्योति परिहार | सुरनजीत सरकार | विष्णु गुप्ता | यश मौर्या।

विद्यालय के प्रबंधक सरदार हरजिंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष संदीप चीमा, सह प्रबंधक गुरप्रीत सिंह संधू, शिक्षा समिति के अध्यक्ष दिलराज सिंह बाजवा ने बताया कि इस वर्ष सभी विद्यार्थियों का काफी बेहतर प्रदर्शन रहा।

डीपीएस का हाईस्कूल-इंटर का रिजल्ट रहा शानदार

तनिश कनौडिया | प्रतीक्षा | दक्ष
वरुण। | कनिका | ऋतुजा।

रुद्रपुर। सीबीएसई परीक्षाफल में दिल्ली पब्लिक स्कूल का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट शानदार रहा। इंटरमीडिएट में तनिश कनोडिया ने 97 .6 फीसदी अंक पाकर पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रतीक्षा दीक्षित, दक्ष श्रीवास्तव 96 .6 अंक पाकर दूसरा और आयुष कुशवाहा ने 95 .8 अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं हाईस्कूल में वरुण ने 99 .2 अंक पाकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कनिका धर्मशक्तु ने 97 .8 पाकर दूसरा और ऋतुजा योगेश कुलकर्णी ने 97 .4 फीसदी पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने बताया कि हाईस्कूल में 40 छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक और इंटर में 17 विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

रेनबो स्कूल का हाईस्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

भूमिका शर्मा। | कुमार वैभव | हर्षित चौहान।

रुद्रपुर : सीबीएसई की हाईस्कूल की परीक्षा में रेनबो पब्लिक स्कूल के हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इसमें स्कूल की छात्रा भूमिका शर्मा ने 97 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। जबकि कुमार वैभव ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और हर्षित चौहान ने 96 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा हर्ष अग्रवाल ने 96 .6, मान्या सती 96 .4, अक्षत सिंह ने 96 .2, वर्षा रानी ने 96 .2, कनिका बिष्ट ने 96, सक्षम अग्रवाल ने 95 .4, आर्यन चौहान ने 95 .2, वैभव सिंह ने 95 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। महक पाहवा, नंदिनी माथुर, रिया, शौर्य रावत और कनक पांडे ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। जबकि 16 छात्रों ने 90 फीसदी और इसके अधिक अंक प्राप्त किएये हैं। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल, प्रबंधक संजीव कुमार, प्रबंधन समिति की सदस्य गीतांजलि, उप प्रधानाचार्य स्मिता पाठक आदि ने बधाई दी है।

जैन ग्लोबल स्कूल में सृष्टि ने किया टॉप

सृष्टि पाल।

रुद्रपुर। सीबीएसई की हाईस्कूल की परीक्षा में जैन ग्लोबल स्कूल का पहला परीक्षा परिणाम आया है। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल स्तर पर सृष्टि पाल ने हिंदी में 95, सोशल साइंस में 94 और इंग्लिश में 90 अंकों के साथ स्कूल टॉप किया। इसी तरह प्राची मिश्रा ने सोशल साइंस में 91, हिंदी 85 और इंग्लिश में 85 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि तृतीय स्थान पर सिमरन सैनी रही। विद्यालय की मैनेजमेंट कमेटी और प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

अटल आदर्श विद्यालयों का परिणाम 62.25 फीसदी

रुद्रपुर : विगत दिवस सीबीएसई का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। इसमें ऊधमसिंह नगर जनपद में अटल आदर्श उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई का इंटर का परीक्षा परिणाम 62 .25 फीसदी रहा, जबकि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 64 .59 फीसदी रहा है। जबकि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में 291 छात्र अनुत्तीर्ण हुए हैं।

सरकारी विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई को लेकर विगत वर्षों में 14 अटल आदर्श विद्यालय खोले गए। इसमें सीबीएसई के माध्यम से पढ़ाई होती होती। इसके लिए हर ब्लॉक में एक महिला और एक पुरुष स्कूल खोला गया। सोमवार को निजी विद्यालयों के साथ ही इन विद्यालयों के सीबीएसई के परिणाम घोषित हुए। इसमें इंटर में 62 .25 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि हाईस्कूल में 64 .59 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत ने बताया कि सभी विद्यालयों में हाईस्कूल के 1511 छात्रों ने परीक्षा दी। इसमें 976 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 80 छात्र अनुत्तीर्ण हुए हैं।

आयुष 96 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉपर

सफलता

▸▸ **लिटिल चैंपियन स्कूल मदनापुर का सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत**

संवाददाता, दिनेशपुर

आयुष गोयल | मानव गांगुली | सुमित सिंह | प्रियांशु यादव, | निधि मंडल

अमृत विचार: सीबीएसई हाईस्कूल की वार्षिक परीक्षा में लिटिल चैंपियन स्कूल मदनापुर के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। आयुश गोयल ने 96 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय टॉपर रहे। मानव गांगुली 92 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय, सुमित सिंह, प्रियांशु यादव व निधि मंडल 90 प्रतिशत अंक पाकर कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहने पर मेधावी छात्र- छात्राओं ने माता-पिता व विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।

इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक तरुण कुमार सिंह, प्रधानाचार्य अनीता त्रिपाठी, उपप्रधानाचार्य कंचन कुनियाल, प्रधान हेमगिरी गोस्वामी, पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, समाजसेविका हीरा जंगपांगी रौतेला, विपिन जोशी, मीना सामंत, रितु बहुगुणा, चंद्रा रौतेला, अनु गुलाटी, विजय लक्ष्मी, दीक्षा कोश्यारी, पुष्पा तिवारी, विजय सिंह सामंत, देवव्रत सरकार, जया जोशी, सागर सिंह, कमल बिष्ट, गोपाल गांगुली, राजेंद्र यादव, अनिल रौतेला आदि ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

दिनेशपुर में मेधावी छात्रा मुस्कान पवार व लता पवार को मिठाई खिलाते परिजन।

किड्स पैराडाइज का प्रदर्शन रहा शानदार : सीबीएसई हाईस्कूल की वार्षिक परीक्षा में किड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा। 12 विद्यार्थियों ने सर्वाधिक अंक पाकर माता-पिता, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र शुभांकर सिंह ने 96 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, प्राची ने 95 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय, लता पवार ने 94.4 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पाया। इसके साथ ही शगुन जल्होत्रा ने 92.6 प्रतिशत, रक्षित जोशी ने 92.6 प्रतिशत, करन सिंह ने 92.2 प्रतिशत, गौरव सिंह भंडारी 92 प्रतिशत, मुस्कान बिष्ट ने 91.4 प्रतिशत, दिया हालदार 90.6 प्रतिशत, दिपेश सिंह 90.6 प्रतिशत, यश बिष्ट ने 90.2 प्रतिशत व मनप्रीत कौर ने 90 एवं इंटरमीडिएट की मुस्कान पवार ने 92 प्रतिशत अंक पाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जीपी होता, प्रबंधक सतिंदर सिंह मान, परमजीत कौर, वीरेंद्र सिंह पवार, राजेंद्र सिंह, बिजेन्द्र सिंह, अनूप मण्डल, प्रीति बोस, विश्वजीत सरकार, पूजा सक्सेना, राजेंद्र सिंह पवार, विरेश कुमार ने खुशी जताई है।

हाईस्कूल में शिवालिका रहीं नोजगे टॉपर

खटीमा : सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी मैम) की शिवालिका सरोला ने 97 .4 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय की टॉपर रही है। वहीं रिद्धि गुप्ता 96 .4, अनन्या व दिव्यांश कोहली 95 .2, अनिमेष मंडल व अनुष्का फर्त्याल 94 .8, आकांक्षा सिंह, आदित्य भट्ट और उमेश बोरा ने 94 .02, हर्ष गुप्ता ने 93 .2, कनिष्का गहतोड़ी 93, कार्तिक भट्ट 92 .6 प्रेजल खर्कवाल 92 .4, काव्य जोशी 92 .2, स्नेहा 92, अंशिका मेहरा 91 .2, आदित्य रघुवंशी 91 .2 आयुष देव 91, आयुषी राणा व ध्वलिका 90 .6, गौरंगी 90 .4 तथा समर्थ अग्रवाल व मानव भट्ट ने 90 .2 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। प्रवंधिका सुरेंद्र कौर और प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

शगुन एवं साफिया ने किया स्कूल का नाम रोशन

किच्छा : अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की विज्ञान वर्ग की इंटरमीडिएट की छात्रा शगुन गुप्ता ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कला वर्ग में साफिया सैफी ने विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता यादव ने मेधावी छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले 202 छात्राओं में से 166 छात्राएं उत्तीर्ण हुई है तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में 117 छात्राओं ने प्रतिभाग किया था जिनमें से 83 छात्राएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुई है। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 82 .17 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट का परीक्षा फल 70 .94 प्रतिशत रहा।

सरस्वती शिशु मंदिर में कंप्यूटर कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ करते पुरातन छात्र।

पुरातन छात्रों ने 10 कंप्यूटर और खेल सामग्री दी

गदरपुर : सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के दो पुरातन छात्रों ने विद्यालय हित में दस कंप्यूटर और खेल सामग्री उपलब्ध कराई। मंगलवार को ग्रामअमरपुरी निवासी सेना में इंजीनियर विनीत शुक्ला एवं ऋषिकेश में जल विद्युत निगम में अधिशाषी अभियंता पद पर कार्यरत ललित कुमार टम्टा विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कंप्यूटर कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। ललित कुमार टम्टा ने कहा इसी स्कूल से पढ़कर आज वह इस पद पर हैं। विद्यालय के प्रशासक रविंद्र बजाज के प्रयासों से विनीत शुक्ला ने अपने सेना में कार्यरत दिवंगत भाई संतोष शुक्ला की स्मृति में दस कंप्यूटर और ललित कुमार टम्टा ने बच्चों के खेलने के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराई। विनीत शुक्ला और ललित कुमार टम्टा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर से प्राप्त की थी।

मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

खटीमा: चार दिन पहले सितारगंज रोड पर स्थित एक प्रतिष्ठान पर पीआरडी जवान और उसके भाई के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। नौ मई को भूड़ महोलिया निवासी पीआरडी जवान शाहरुख अली की तहरीर पर पीड़ित और उसके भाई आशू के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने इस्लामनगर निवासी अकरम, असलम, फरहान, इरफान, जुनैद, नावेद, जावेद और सरताज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसमें पुलिस ने सोमवार देर शाम असलम, अकरम और फरमान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

स्व. गहतोड़ी को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: वन विकास निगम के अध्यक्ष रहे स्व. कैलाश चंद्र गहतोड़ी के पीपलपानी पर उन्हें श्रद्धांजलि देने लोग पहुंचे। उत्तराखंड वन विकास निगम के अध्यक्ष व चंपावत के पूर्व विधायक कैलाश चंद्र गहतोड़ी का लंबी बीमारी के चलते बीते दिनों निधन हो गया था। मंगलवार को गिरीताल रोड स्थित आवास पर आयोजित पीपलपानी कार्यक्रम में सुबह से राजनीतिक दलों के सदस्यों के साथ ही अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने उनके आवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखिजा, खिलेंद्र चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक, अभिषेक गोयल, मोहन बिष्ट, हरेंद्र सिंह लाड़ी, दीपक बाली आदि मौजूद रहे। वहीं केडीएफ के अध्यक्ष राजीव घई ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर स्व. कैलाश चंद्र गहतोड़ी जी के नाम पर निर्माणाधीन बाजपुर रोड से रामनगर रोड द्रोणनहर बाईपास मार्ग का नाम रखने की मांग की है। कहा कि स्व. कैलाश चंद्र गहतोड़ी ने काशीपुर व प्रदेश के विकास के लिए कड़ा संघर्ष किया है।

स्व. कैलाश चंद्र गहतोड़ी के परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त करते भाजपाई।

सरगर्मी अब तक भाजपा से निवर्तमान मेयर समेत नौ नेताओं ने पेश की है दावेदारी, कांग्रेस से छह लोगों ने चुनाव लड़ने की जताई है इच्छा

काशीपुर में कांग्रेस से ज्यादा भाजपा में मेयर पद के दावेदार

राजू वर्मा, काशीपुर

अमृत विचार: काशीपुर में निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। कांग्रेस व भाजपा नेता खुलकर अपनी दावेदारी पेश करने लगे हैं। भाजपा में अब तक नौ नेताओं ने मेयर मद के लिए दावेदारी पेश की है, जबकि कांग्रेस में आधा दर्जन नेताओं ने मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। इससे दोनों ही पार्टी के बड़े नेता दावेदारों की फीडबैक लेने लगे हैं।

नगर निगम के दायरे में 40 वार्ड आते हैं। निगम अधिकारियों के अनुसार निगम क्षेत्र की आबादी एक लाख 50 हजार से अधिक है। हालांकि अभी निकाय चुनाव कब होने हैं, इसको लेकर कोई तिथि निश्चित नहीं हुई है, लेकिन राजनैतिक पार्टियों के कार्यकर्ता संसदीय चुनाव के मतदान के बाद से निकाय चुनाव को लेकर सक्रिय हो गए हैं। भाजपा से कई बड़े नेता भी मेयर चुनाव लड़ने की दौड़ में हैं तो वहीं कुछ युवा नेता भी मेयर का चुनाव लड़ने की इच्छा जता रहे हैं। कांग्रेस में भाजपा से कम ही लोगों ने चुनाव लड़ने का मन बनाया है। अभी तक छह नेताओं ने ही दावेदारी पेश की है। हालांकि भाजपा व कांग्रेस में दावेदारों की संख्या बढ़ सकती है।

40 वार्डों में चुनाव लड़ने को 50 से अधिक दावेदारी

काशीपुर : भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ता पार्षद पद पर भी चुनाव लड़ने को खूब आगे आ रहे हैं। कांग्रेस से अब तक 50 नेताओं ने 40 वार्ड पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। यही हाल भाजपा में भी है। भाजपा से कई नए चेहरे इस बार पार्षद पद पर चुनाव लड़ते दिख सकते हैं। टिकट नहीं मिलने की दशा में निर्दलीय में चुनाव कुछ लोग लड़ सकते हैं।

बैठकों का दौर होने लगा शुरू

काशीपुर : निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ताओं में बैठकों का दौर शुरू होने लगा है। दोनों ही पार्टियों के वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक लेकर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। भाजपा प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक ने बताया कि भाजपा ने चुनाव को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली है। वहीं कांग्रेस महानगराध्यक्ष मुर्शरफ हुसैन ने बताया कि कांग्रेस ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देनी शुरू कर दी है।

कांग्रेस से मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने की इच्छा छह कार्यकर्ताओं ने जताई है। इसके लिए आवेदन भी किया है। अभी नामों की सूची और बढ़ सकती है। कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है।

-मुर्शरफ हुसैन, महानगराध्यक्ष कांग्रेस, काशीपुर।

पार्टी के कई वरिष्ठ लोगों ने अपनी दावेदारी पेश की है। अब तक नौ लोगों के नाम सामने आए हैं। महानगराध्यक्ष के अलावा जिले के पदाधिकारियों से भी दावेदारी पेश की जा रही है। पार्टी जिस भी कार्यकर्ता को टिकट देगी, उसे हम मेहनत से चुनाव लड़ाएंगे। **-अभिषेक गोयल,** महानगराध्यक्ष भाजपा।

अनियमिताएं मिलने पर क्लीनिक सील

काशीपुर : स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक क्लीनिक पर छापा मारा। इस दौरान अनियमिताएं मिलने पर उसे सील कर दिया गया। अग्रिम आदेश तक क्लीनिक बंद कर दिया गया है। मंगलवार को टीम ने आकांक्षा गार्डन के समीप एक क्लीनिक का निरीक्षण किया तो दो मरीज भर्ती मिले। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी ने कहा कि क्लीनिक का यूएमसी पंजीकरण, बीएमडब्ल्यू का पंजीकरण पाया गया। सीईए का पंजीकरण उपलब्ध नहीं मिला। ऑनलाइन माध्यम से 27 फरवरी 2024 को सीएमओ कार्यालय में प्रतिलिपि होना पाई गई। बिल्डिंग के प्रथम तल में मंजिल पर कुछ इंजेक्शन व दवाइयां पाई गई। क्लीनिक में दो स्टाफ कर्मचारी कार्यरत मिले। मानक विपरीत होने पर सील किया गया है।

एक नजर

घर में घुसकर नगदी व मोबाइल उठा गए चोर

बाजपुर : घर में घुसे चोर कुछ नकदी व मोबाइल चुरा ले गए। सुबह जागने पर घटना का पता चला। पीड़ित ने पुलिस चौकी बरहैनी में अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मीरावाला पहाड़पुर मदन कालोनी निवासी दिनेश ने पुलिस को बताया कि रोजाना की भांति सोमवार की देर रात परिवार के लोग भोजन इत्यादि ग्रहण करके सो गए। रात को किसी वक्त उसके घर में चोर घुस गए और कुछ नकदी व मोबाइल चुरा ले गए। मंगलवार की सुबह जागने पर घटना का पता चला। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

कल काशीपुर में आएंगे प्रकाश जोशी

काशीपुर : महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने बताया कि 16 मई को नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी काशीपुर आएंगे। द्रोणा सागर रोड स्थित कांग्रेस एनडी तिवारी व पं. सत्येंद्र चंद्र गुड़िया भवन में आगामी चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना को को देखते हुए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देंगे।

काशीपुर के अस्पताल में पंखों की हालत बद से बदतर, कई जगह पर पंखे खराब तो कई जगह पंखे ही गायब

अस्पताल में गर्मी से बेहाल मरीजों के लिए पंखे तक नहीं

परेशानी

करन सिंह, काशीपुर

अमृत विचार : सरकारी अस्पताल में मरीजों को गर्मी से राहत देने की व्यवस्था रामभरोसे है। स्थिति यह है कि गर्भवतियों के टीकाकरण सेंटर के बाहर व अन्य जगहों पर पंखे कई माह से खराब पड़े हैं। इससे गर्भवतियों के साथ ही मरीजों को भी गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हाल यह है कि मरीज गर्मी से परेशान होने के बाद ओपीडी पर्चे से हवा करते हुए नजर आते हैं।

सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन पांच सौ से अधिक की ओपीडी होती है। गर्भवती महिलाएं भी टीकाकरण के लिए आती हैं। बीते 15 दिनों में लगातार तापमान बढ़ा है। इससे अस्पताल में उल्टी- दस्त जैसी बीमारियों से ग्रसित लोग रोज पहुंच रहे हैं। लेकिन अस्पताल परिसर में लगाए गए अधिकांश पंखे खराब हैं, कुछ लगे पंखे ही गायब हो चुके हैं। इससे इलाज के लिए आने वाले लोग गर्मी से परेशान हो रहे हैं। खासकर गर्भवती महिलाएं गर्मी से बेहाल हो रही हैं।

सरकारी अस्पताल में खराब पड़े पंखे। ● अमृत विचार

टिनशेड के कारण अधिक हो रही गर्मी

काशीपुर : महिलाओं के टीकाकरण सेंटर के बाहर बैठने के लिए टिनशेड डाला गया है। वहां पर लगाए गए पंखे भी खराब हैं। इससे गर्मी में टिनशेड के नीचे बैठने से गर्मी अधिक सताने लगती है। दिन के वक्त टिनशेड में अधिक गर्मी होने से लोग परेशान रहते हैं।

मैं अपने बच्चे का इलाज कराने आई हूं। अस्पताल में गर्मी इतनी है कि बच्चे काफी परेशान हो रह हैं। हाथ से पंखा कर बच्चे को शांत कराया है। –**सलोनी**, तीमारदार।

मां के पैर में कुछ दिन पहले चोट लग गई थी। अब अस्पताल में इलाज कराने आई हूं। लोगों की काफी लंबी लाइन लगी है। इंतजार कर रही हूं, लेकिन गर्मी के चलते इंतजार करना भारी पड़ रहा है। –**मीना**, तीमारदार

बस में बैठकर काफी दूर से इलाज कराने के लिए अस्पताल आई हूं। सोचा था कि अस्पताल आकर पंखे में गर्मी से कुछ राहत मिलेगी, यहां आकर देखा तो पंखे ही गायब हैं। –**नगमा**, मरीज।

गर्मी से हाल बेहाल है। बार–बार अस्पताल आना पड़ता है। ऐसे में गर्मी के चलते काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। गर्मी में हाथ से पंखा करना पड़ रहा है। –**लक्ष्मी**, तीमारदार।

अस्पताल में कई जगह पंखे खराब होने का मामला संज्ञान में आया है। पंखों को जल्द से जल्द ठीक कराने के निर्देश दे दिए गए हैं। जल्द ही सभी पंखों को ठीक करा दिया जाएगा। –**डॉ. खेम पाल**, सीएमएस, एलडी भट्ट अस्पताल।

अवैध शराब-खनन पर लगाया जाए पूर्ण प्रतिबंध

मासिक स्टाफ बैठक में डीएम ने दिए अधिकारियों को निर्देश, अपराध में अंकुश लगाने के लिए हो तुरंत कार्रवाई

निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। साथ ही अवैध शराब व खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मासिक स्टाफ बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत सम्मनों की तामीली की जाए। खनन, परिवहन, जीएसटी, आबकारी, बैंकों, निगमों आदि की बड़ी आरसी की सूची तहसीलवार तैयार करते हुए राजस्व वसूली की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में विभिन्न स्तरों पर लंबित सीलिंग प्रकरणों की भी तहसीलवार सूची बनाकर प्रस्तुत करें। ताकि लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जा सके। भूमि वादों को सभी उपजिलाधिकारी संवेदनशील होकर निस्तारित करें।

उन्होंने अवैध कच्ची शराब बनाने व विक्रय करने को गंभीर अपराध बताते हुए इसकी कार्ययोजना तैयार कर संयुक्त टीम के साथ नियमित प्रवर्तन कार्य किया जाए। एआरटीओ को दुर्घटना में घायलों को चिकित्सालयों से रिपोर्ट लेते हुए नियमानुसार राहत राशि बांटने के निर्देश दिए। उन्होंने एआरटीओ व पुलिस को अपने अपने क्षेत्रों में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए उन स्थानों पर बैरियर, रंबल स्ट्रिप लगाने के निर्देश दिए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

बिना रॉयल्टी के दूसरे प्रदेशों में खनिज भेजने पर लगाया जाए प्रतिबंध

रुद्रपुर : जिलाधिकारी ने जनपद में खनन नियमानुसार करने के साथ ही अवैध खनन व अवैध परिवहन को रोकने एवं बिना नंबर प्लेट अथवा अवैध रूप से चल रहे वाहनों के लिए रोस्टर बनाकर परिवहन, खनन, पुलिस व राजस्व अधिकारी को संयुक्त रूप से छापेमारी कर रोकने व कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आया है कि जनपद से बिना रॉयल्टी के खनन दूसरे प्रदेशों में परिवहन किया जा रहा है, जिससे सरकार को राजस्व हानि हो रही है। इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए।

ये लोग रहे मौजूद

अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी मनोज कत्याल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, रविन्द्र बिष्ट, राकेश तिवारी, गौरव चटवाल, गौरव पांडे, कौस्तुभ मिश्र, अभय प्रताप सिंह, रविन्द्र जुवांठा, प्रभारी अधिकारी डॉ. अमृता शर्मा, डीजीसी नंदन सिंह धामी, मनोज तिवारी, जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा, पूर्ति अधिकारी श्याम आर्या, एआरटीओ विमल पांडे, चक्रपाणि मिश्रा आदि मौजूद रहे।

257.88 लाख की 34 बाढ़ आपदा न्यूनीकरण कार्यों को मिली स्वीकृति

रुद्रपुर : पेयजल संकट एवं दैवीय आपदा बाढ़ से निपटने के लिए अमल शुरू हो गया है। इसको लेकर आपदा न्यूनीकरण कार्य की स्वीकृति के लिए उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें जनपद में 257.88 लाख की 34 बाढ़ आपदा न्यूनीकरण कार्यों को स्वीकृति दी गई। जिला कार्यालय सभागार में बैठक दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि इसको लेकर विगत दिना मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर में बैठक ली थी। जिसमें सिंचाई विभाग के तीनों खंडों द्वारा आपदा न्यूनीकरण कार्यों के लिए 56 आगणन प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। समिति ने जांच के बाद 34 प्रस्तावों को स्वीकृति दी। उन्होंने अधिशासी अभियंताओं को आपदा न्यूनीकरण के लिए स्वीकृत सभी कार्यों के एक सप्ताह के भीतर टेंडर लगाकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा गौरव पांडेय, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित, लोनिवि. हरीश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई एएस नेगी, पीसी पाण्डे, दीक्षांत गुप्ता, पेयजल निगम ज्योति पालनी, डीडीएमओ उमा शंकर नेगी आदि मौजूद थे।

यदि हौसला बुलंद हो तो कोई भी इंसान बुलंदियों को छू सकता है। ऐसा ही हौसला इस बौने दिव्यांग युवक में दिखाई दे रहा है, जो अपना परिवार होने के बावजूद ट्राईसाइकिल पर सवार होकर गली–गली घूमकर गुब्बारे बेच रहा है। क्योंकि उसे आत्मनिर्भरता पसंद है। दिल को छूने वाला यह दृश्य जसपुर, ऊधम सिंह नगर के प्रमुख स्थान सुभाष चौक का है। –**सुशील चौहान, जसपुर**

एसआईएमटी को बीबीए और बीसीए की मिली मान्यता

काशीपुर: एसआईएमटी को नए शैक्षिक सत्र 2024-25 से बीबीए व बीसीए पाठ्यक्रम की एआईसीटीई के अन्तर्गत मान्यता मिल गई है। इससे बुनियादी संरचना व संसाधनों के लिए कड़े माप दंड निश्चित किये है। एसआईएमटी संस्थान ने इन सब कड़े मानकों को पूर्ण किया है। जिसके फलस्वरूप संस्थान को बीबीए व बीसीए पाठ्यक्रम के लिए सत्र 2024-25 से मान्यता मिली है। इच्छुक विद्यार्थी एसआईएमटी में प्रवेश लेकर इन सभी संसाधनों का लाभ उठाएं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारम्भ हो गए हैं। इसकी अन्तिम तिथि 31 मई है। अधिक जानकारी के लिए एसआईएमटी की वेबसाइट www.shriraminstitute.com व 91 9927010999 8194069000 पर संपर्क कर सकते हैं।

तराई में घट रहा जलस्तर चिंताजनक

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: एक्शन एंड एसोसिएशन के तत्वावधान में नेतृत्वकर्ता महिलाओं ने तराई क्षेत्र में सूख रहे जलाशय, नदियां, तालाब, हैंडपंप व ऑटिजन के जल स्तर को रोकने के लिए जल संरक्षण करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान गोष्ठी के माध्यम से पोस्टरों एवं खुली चर्चा करते हुए एक दूसरे के अनुभवों का आदान-प्रदान किया।

मंगलवार को एक्शन एंड एसोसिएशन के तत्वावधान में नेतृत्वकर्ता महिलाओं ने गांव-गांव में जाकर गोष्ठी के माध्यम से हस्ताक्षर अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता हीरा जंगपांगी रौतेला ने कहा कि तराई क्षेत्रों में पर्वतीय क्षेत्रों की तरह जल संकट मंडराने लगा है। जो भविष्य में चिंता का विषय बना हुआ है। तराई के जलाशय, नदिया, तालाब, हैंडपंप व आर्टिजनो का जलस्तर दिन प्रतिदिन घटता जा रहा है। इसके लिए हम सबको अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण को शुद्ध करते हुए जल का दुरुपयोग रोकना होगा। कार्यक्रम का संचालन अनिल रौतेला व धर्म सिंह ने किया। अभियान में तारा देवी, कमला देवी, राधा देवी, अलका, सरस्वती, बिमला, निशा, जानकी देवी, सावत्री, गीता, पिंकी, पार्वती देवी, गुड्डी देवी, सुनीता, इंदु, इति, सरिता, पुष्पा देवी, लक्ष्मण सिंह, बिक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

दिनेशपुर में जल संरक्षण के तहत हस्ताक्षर अभियान चलातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

प्रतिस्पर्धा

एनडीआरएफ मुख्यालय में दो दिवसीय अंतरा जोन हाफ आयरनमैन प्रतियोगिता का आयोजन

हाफ आयरनमैन प्रतियोगिता में 15वीं बटालियन ने मारी बाजी

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: एनडीआरएफ मुख्यालय में दो दिवसीय अंतरा जोन हाफ आयरनमैन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता मैच नॉर्थ जोन की चार टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एनडीआरएफ 15वीं बटालियन के जवान प्रथम स्थान पर रहे।

मंगलवार को एनडीआरएफ 15वीं बटालियन के मुख्यालय में दो दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंतरा जोन हाफ आयरनमैन प्रतियोगिता का शुभारंभ कमांडेंट सुदेश कुमार दराल ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता गूलरभोज डैम में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 24 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक वाहिनी के दो-दो खिलाड़ियों ने 1.9 किलोमीटर तैराकी, 90 किलोमीटर की साइकलिंग के अलावा 21.1 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई। प्रतिभाग करने वाली आठ टीमों में से दो टीमों का चयन किया जाएगा। टीम 27 अक्टूबर को गोवा होने वाली आयरन मैन 70.3 गोवा में प्रतिभाग करेगी। गूलरभोज में आयोजित प्रतियोगिता में दूसरे दिन 1.9 किलोमीटर तैराकी एनडीआरएफ 15वी बटालियन के जवान ललित कुमार 90 साइकिलिंग पंकज उपाध्याय एवं 21.1 किलोमीटर की दौड़ में ललित मोहन ने 5 घंटे 37 मिनट 50 सेकंड में प्रतियोगिता पूर्ण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 13वीं वाहिनी के राकेश जमतिया 1.9 तैराकी में अमित कुमार ने 90 किलोमीटर साइकिलिंग एमके चौबे ने 21.1 किलोमीटर दौड़ 5 घंटे 50 मिनट 45 सेकेंड में पूर्ण कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को कमांडेंट सुदेश कुमार दराल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कमांडेंट सुदेश कुमार दराल, डॉ. शैलेश कुमार, अनिल कुमार, रोहिताश्व मिश्रा, सुनील कुमार, मनोज जोशी, सुभाष जोशी, संजय कुमार, सुशील कुमार, आनंद सिंह डिगारी, अमित कुमार, राहुल कुमार, दीपक कठैत आदि थे।

गदरपुर में साइकिलिंग करता एनडीआरएफ का जवान। ● अमृत विचार

लड़की का फोटो गलत तरीके से भेजने पर मारपीट

बाजपुर: बेटी का फोटो गलत तरीके से अपने रिश्तेदारों व जान-पहचान की जगह भेजने को लेक हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। महिला ने पड़ोसी की दो युवतियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपने मायके गई हुई थी। वहां से वापस आई तो पता चला कि उसकी बेटी के गलत फोटो पड़ोस में रहने वाली दो युवतियों ने अपने रिश्तेदारों आदि को व्हाट्सएप्प आदि पर भेजे हैं। आरोप है कि मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे वह इस बारे में आरोपी युवतियों से पूछने गई तो वह गाली-गलौज करने लगी। इतना ही नहीं दोनों ने लाते-घूसों आदि से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसके आभूषण छीन लिए।

सार-संक्षेप

नानकमत्ता में खाटू श्याम की निशान यात्रा निकालते भक्त। ● अमृत विचार

खाटू वाले श्याम की निशान यात्रा निकाली

नानकमत्ता : खाटू वाले श्याम के जयकारों के साथ श्याम संगठन के तत्वावधान में भक्तों ने नगर के मुख्य मार्ग पर निशान यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। श्याम संगठन के अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने बताया कि आज रात्रि प्रेम पैलेस में श्याम भजन का जागरण होगा। इस मौके पर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमसिंह पुरना, अनूप गुप्ता, रितेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, मुकेश गुप्ता, जगदीश जोशी, मनोज गर्ग, प्रमोद अग्रवाल आदि शामिल थे।

सेंटमेरीज कॉलेज में नवगठित मंत्रिमंडल के पदाधिकारियों के साथ प्रधानाचार्या।

सेंटमेरीज स्कूल में छात्र मंत्रिमंडल का गठन

बाजपुर : सेंटमेरीज एमएम (हिंदी मीडियम) इंटर कॉलेज में स्कूल कैबिनेट का गठन किया गया। इसमें साइना को लीडर, सुल्तान को वाइस लीडर, सुमाइला को सांस्कृतिक लीडर, डोली को सांस्कृतिक वाइस लीडर, अनुराधा को सुभाष हाउस लीडर, अलीशा को सुभाष हाउस वाइस लीडर, आकांक्षा को प्रताप हाउस लीडर व अलीमा को प्रताप हाउस वाइस लीडर बनाया गया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर सोसन तथा प्रबंधक सिस्टर मीरा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों को शपथ दिलाई।

नानकमत्ता के बरकी डांडी गांव में क्षतिग्रस्त पुलिया। ● अमृत विचार

पुलिया क्षतिग्रस्त होने से हादसों का खतरा

नानकमत्ता : बरकी डांडी से नगला जाने वाली पीडब्ल्यूडी की रोड की पक्की पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे कभी भी हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि सम्बन्धित विभाग को अवगत करा दिया है लेकिन अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

खटीमा से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ खटीमा–मझोला मार्ग। ● अमृत विचार

खटीमा-मझोला मार्ग हुआ खस्ताहाल

खटीमा : खटीमा–मझोला मार्ग के जगह–जगह गड्ढों में तब्दील हो जाने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर मां पूर्णागिरि का मेला चलने से श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ गई है और उन्हें भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। होली से ही करीब तीन माह तक चलने वाले मां पूर्णागिरी मेले के करना खटीमा पीलीभीत, पूरनपुर खटीमा मार्गों पर यूपी से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हो जाती है। खटीमा मझोला मार्ग पर गहरे–गहरे गड्ढों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। जहां गर्मी के कारण उड़ती धूल ने लोगों का मार्ग पर चलना दूभर कर दिया है। वहीं मात्र कुछ मिनट की वर्षा से गड्ढों में पानी भर गया है जिससे मार्ग और क्षतिग्रस्त हो रहा है। खटीमा से पॉलीगंज और पीलीभीत के मझोला तक जोड़ने वाला 15 किमी मार्ग विगत दो वर्षों से गड्ढों में तब्दील हो गया है। फोरलेन के लिए प्रस्तावित यह मार्ग एनएचएआई को हस्तांतरित नहीं हो सका है जबकि लोक निर्माण विभाग द्वारा एनएचएआई को हस्तांतरित करने की कार्यवाही पूर्ण कर शासन को भेजी गई है। लोनिवि और एनएचएआई विभागों के बीच फंसे मार्ग के खस्ताहाल का खामियाजा राहगीरों और वाहन चालकों को भोगना पड़ रहा है।

विधिक शिविर में बच्चों को दीं विभिन्न जानकारियां

खटीमा : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज देवरी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन प्रधानाचार्य अरविंद चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। पैनल अधिवक्ता शहाना बेगम और अधिवक्ता पूरन सिंह ने विधि कैंप की जानकारी दी। दोनों अधिवक्ताओं ने महिला उत्पीड़न, नालसा पोर्टल 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निशुल्क शिक्षा, नशे के दुष्परिणाम, सड़क सुरक्षा के उपाय के साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में बताया। आरबी सिंह राणा ने साइबर क्राइम और सोशल मीडिया फ्रॉड के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर पीएलसी पिंकी राणा, माया देवी, अरुण सिंह, अखिलेश कुमार, बृजेश कुमार, महिपाल, जगत सिंह रावत, जितेंद्र पाल, गजेंद्र प्रसाद आर्य आदि मौजूद थे।

लोगों को परिंदों के संरक्षण के लिए जागरूक करते बच्चे। ● अमृत विचार

परिंदों की प्यास बुझाने को बच्चों ने बांटे मिट्टी के प्याले

काशीपुर : गर्मियों में पानी को लेकर लोग परेशान हैं। राहगीर वाटर कूलर की तलाश करते दिखते हैं। इस बीच काशीपुर में बच्चों ने परिंदों की प्यास बुझाने के लिए मिट्टी के प्याले बांटे हैं। गर्मी से बेहाल पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए सहायक गन्ना आयुक्त निलेश कुमार व रामपुरम एक्सटेंशन के बच्चों ने एक पहल की है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों ने घर–घर जाकर मिट्टी के प्याले बांटे। सभी कॉलोनी वासियों से अनुरोध किया कि पूरी गर्मी प्याले में पानी भरकर रखें, ताकि पक्षी पानी पी सकें। बच्चों ने नारे भी लगाए हैं, एक प्याला पानी 'एक मुट्ठी दाना, चिड़ियों का लगा रहेगा, आपके घर आना जाना। दूसरा नारा उन्होंने लगाया, चिड़ियों के साथी हम बच्चे, करेंगे उनकी देखभाल। सहायक गन्ना आयुक्त निलेश कुमार ने बताया कि इस मुहिम का उद्देश्य बच्चों के मध्य पशु पक्षियों के बचाव व रक्षा के लिए जागरूकता पैदा करना है। इस मुहिम में वंशिका, भाविका, अद्विका, उमंग कनिष्ठ, सौम्या आदि ने भाग लिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

लिट्टे की चुनौती

केंद्र सरकार ने मंगलवार को लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। यानि वर्तमान में भी लिट्टे भारत के समक्ष चुनौती प्रस्तुत कर रहा है। वास्तव में लिट्टे पर प्रतिबंध बढ़ाया जाना जरूरी था क्योंकि वह अपनी विघटनकारी और अलगाववादी गतिविधियों को जारी रखे हुए है। सरकार के मुताबिक इससे भारत की अखंडता और संप्रभुता को खतरा है। लिट्टे देश की क्षेत्रीय अखंडता को खतरा पहुंचाने के अलावा लगातार लोगों के बीच अलगाववाद की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है और अपने लिए भारत में, खासकर तमिलनाडु में समर्थन आधार बढ़ा रहा है। गौरतलब है कि लिट्टे श्रीलंका का हिंसक व अलगाववादी संगठन है लेकिन भारत में इसके समर्थकों से सहानुभूति रखने वालों और एजेंटों का उद्देश्य सभी तमिलों के लिए एक मात्र भूमि तमिल ईलम की स्थापना करना है जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा है। यह गैर-कानूनी गतिविधि के दायरे में आता है। सरकार ने गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के प्रावधानों के तहत लिट्टे को गैर-कानूनी संगठन घोषित किया था। दरअसल, 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद भारत में लिट्टे पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। तब से हर पांच साल में लिट्टे पर प्रतिबंध को बढ़ाया जाता रहा है। लिट्टे के प्रमुख वी.प्रभाकरन की हत्या के बाद इस संगठन को 2009 में श्रीलंका में सैन्य हार का सामना करना पड़ा था। लिट्टे अपनी हार के लिए भारत को जिम्मेदार मानता है। लिट्टे इंटरनेट पोर्टल में लेखों और अन्य सामग्रियों के जरिए श्रीलंकाई तमिलों के बीच भारत विरोधी भावना को भड़काने की कोशिश कर रहा है। लिट्टे अपनी गैर-कानूनी गतिविधियों को जारी रखने के लिये सोशल मीडिया का भी प्रयोग कर रहा है। यदि उसका प्रचार जारी रहता है तो भारत में कई अति महत्वूपर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार बचे हुए लिट्टे नेताओं या कैडर ने भी बिखरे हुए कार्यकर्ताओं को फिर से संगठित करने तथा स्थानीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। 2009 में लिट्टे प्रमुख वी. प्रभाकरन की हत्या के बाद लिट्टे का आतंक खत्म तो हो गया लेकिन श्रीलंका और भारत समेत दुनिया के अन्य देशों में फैले इसके समर्थक अभी भी चुनौती बने हुए हैं। इसके बचे हुए नेता दुनिया के कई देशों में फैले हुए हैं जो एक बार फिर इस संगठन को खड़ा करना चाहते हैं। जिनसे लगातार सतर्क रहने की जरूरत है।

अमित शाह कैसे बने मोदी के विश्वासपात्र

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

अमित शाह पहली बार एक दशक पहले राष्ट्रीय मंच पर तब आए थे जब उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण चुनावी राज्य में भाजपा के लिए उल्लेखनीय बदलाव किया था। 2014 के आम चुनाव में पार्टी ने अपनी 80 सीटों में से 71 सीटों पर अभूतपूर्व जीत हासिल की।

अमित शाह अपने से जुड़े किसी विवाद पर सफाई देने में देरी नहीं करते। वे तुरंत सारी बात साफ कह देते हैं। बीते दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि अगर एनडीए सत्ता में आई तो अमित शाह देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि भाजपा में 75 साल से अधिक उम्र के बाद किसी नेता को कोई पद नहीं मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे।

अमित शाह को अक्सर भारत का "दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति" कहा जाता है। वह एक उत्कृष्ट संगठनकर्ता और चतुर राजनीतिज्ञ हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने में उनकी खास भूमिका थी। उनकी असाधारण सफलता का रहस्य क्या है? इस बारे में उनके कुछ करीबी पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति उनकी गहरी निष्ठा, स्नेह, और कड़ी मेहनत को श्रेय देते हैं। वे प्रधानमंत्री के सबसे खासमखास सहयोगी और विश्वासपात्र नेता हैं।

अमित शाह पहली बार एक दशक पहले राष्ट्रीय मंच पर तब आए थे जब उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण चुनावी राज्य में भाजपा के लिए उल्लेखनीय बदलाव किया था। 2014 के आम चुनाव में पार्टी ने अपनी 80 सीटों में से 71 सीटों पर अभूतपूर्व जीत हासिल की। अमित शाह ने दशकों में भाजपा के लिए कई चुनावी जीत और वोट जीतने वाली नीतियां तैयार की हैं। चाहे वह ग्राम परिषद हो या संसद, वे चुनाव को बहुत गंभीरता से लेते हैं। अमित शाह के लिए, हर चुनाव किसी युद्ध को जीतना जैसा होता है। मोदी और शाह की वजह से ही भाजपा 1984 के चुनाव में दो सीटों से 2019 में 303 सीटों पर पहुंची।

अब दस साल हो गए, अमित शाह को राष्ट्रीय राजनीति में आए हुए। उनके व्यक्तित्व, उनके स्वभाव और उनके लक्ष्य के बारे में बहुत सारी बातें जनमानस के पटल पर आ चुकी हैं। आधुनिक चाणक्य, घनघोर मेहनती, अद्भूत संगठनकर्ता जैसी तमाम उपमाएं भी उन्हें मिल चुकी हैं। परंतु उनके बारे में बहुत कुछ कहे जाने के बाद भी अमित शाह खुद बहुत कुछ नहीं कहते। संभवतः भारतीय राजनीति में वे अकेली शख्सियत हैं, जिनका काम पहले बोलता है, वह खुद बाद में बोलते हैं।

> अमित शाह स्वभाव के कठोर नहीं है, अपने कार्यकर्ताओं को जोड़ कर रखना और हमेशा जूझने के लिए तैयार किए रखना उनके नेतृत्व क्षमता का स्वाभाविक पक्ष है। पर विपक्ष के कुछ नेताओं के लिए वे एक बेहद कड़क राजनेता हैं। कारण वे लक्ष्य के प्रति समर्पित व्यक्ति हैं, व्यक्ति के लिए समर्पित राजपुरूष नहीं। उनके सामने किसी की चालबाजी नहीं चलती। चाहे नेता हो या पत्रकार। वह शब्दों की मर्यादा नहीं भूलते, पर अमर्यादित भाषा का प्रतिकार बखूबी कर लेते हैं और सरल परंतु उपयुक्त शब्दों से चुप कराना जानते हैं। वह सौम्य होने का दिखावा भी नहीं करते। उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ उनका कोई सरोकार या संबंध नहीं रहा है। ना उन्हें इस बात से कोई फर्क पड़ता है कि लालू उनको फासिस्ट कहते हैं और उनकी मोटापा पर तंज कसते हैं। अमित शाह इकहरे चरित्र के नेता हैं।

2014 से पहले दिल्ली में उन्हें कम ही लोग जानते थे। 2014 के मई में लोकसभा का चुनाव परिणाम जब आया और उत्तरप्रदेश के 80 लोक सभा सीटों में भाजपा 71 सीटों पर बाजी मार गई, तब पहली बार लोगों को यह पता चला कि कोई चुनावी चौसर का महारथी गुजरात से आया है, नाम उसका है अमित शाह। ऐसा नहीं था कि 2014 से पहले वह भाजपा में नए थे। वह 1997 से ही चुनावी राजनीति में हैं और 2014 से पहले गुजरात के गृहराज्यमंत्री से लेकर दर्जनों पद संभाल चुके थे। पर दिखावे को उन्होंने तब भी नहीं अपनाया और अब भी उससे दूर हैं।

संभवतः जून 2014 में राजस्थान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक बैठक में तय किया गया कि अमित शाह को केवल एक चुनाव के लिए दिल्ली भेजे जाने के बजाय स्थाई रूप से उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में कोई बड़ा दायित्व दिया जाए। उन्हें यह दायित्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मिला।

उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिए अमित शाह एक आदर्श राजनेता और बेहद सक्षम गृहमंत्री हैं, जो बार्डर स्टेट में हैं या फिर नक्सली सक्रियता से परेशान हैं। अमित शाह भी अपने विपक्षी मुख्यमंत्रियों के अच्छे कामों की तारीफ करने में कोई कोताही नहीं बरतते। उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को नक्सल पर अंकुश लगाने और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह को खालिस्तानी अमृतपाल सिंह के मामले को अच्छे से हैंडिल करने के लिए अमित शाह ने खुले मंच से तारीफ की।

2009 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को देश भर में कुल मतदान के 18.80 प्रतिशत वोट मिले थे। मोदी के 2014 के राष्ट्रीय राजनीति में अवतार लेने के बाद भाजपा का वोट प्रतिशत 31 हुआ। लेकिन अगले पांच साल में भाजपा की सदस्यता और वोट में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई। 2019 के आम चुनाव में 37.36 प्रतिशत वोट मिले। यह वह समय था जब प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी पूरे पांच साल रहे और अमितशाह भाजपा के अध्यक्ष रहे। दोनों की जोड़ी ने भारत को लगातार दूसरी बार बहुमत वाली सरकार तो दी ही साथ ही भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का गौरव दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्य के दौरान तक अमितशाह खाटी कार्यकर्ता बने रहे। उनको मिलने जाने वाले पार्टी के कार्यकर्ता और नेता आज भी यह कहते हैं कि अमित भाई जिस तन्मयता से लोगों की बातें सुनते हैं और कम शब्दों में उसकी मीमांसा कर अपना पक्ष रखते हैं वह बिरले ही कोई और करता है।

राज करना जैसे शब्द अमित शाह के कोष में नहीं है। काम करना उनका नैसर्गिक स्वभाव है। इसलिए जो काम दूसरों के लिए पर्वत की तरह भारी होता है, अमित शाह के लिए वही काम आसान हो जाता है। कौन कह सकता था कि सैकड़ों वर्षों से जिस राम मंदिर के निर्माण का आंदोलन चल रहा था, उसका फैसला कोई सरकार में बिना किसी हो हल्ला के कर सकती थी। जिस तीन तलाक के मुद्दे को भारतीय राजनीति मे अछूत माना जाता था, उसे कोई सरकार डंके की चोट पर उठा सकती है और सदन के दोनों सदनों से एक विधेयक के जरिए तीन तलाक को समाप्त भी कर सकती है। किसी को यकीन था क्या कि किसी दिन कश्मीर से धारा 370 हट भी सकती है। पर यह सब हुआ। इसके लिए प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छा तो अमितशाह की कुशल रणनीति को श्रेय दिया जाना चाहिए।

अमित शाह स्वभाव के कठोर नहीं है, अपने कार्यकर्ताओं को जोड़ कर रखना और हमेशा जूझने के लिए तैयार किए रखना उनके नेतृत्व क्षमता का स्वाभाविक पक्ष है। पर विपक्ष के कुछ नेताओं के लिए वे एक बेहद कड़क राजनेता हैं। कारण वे लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं। उनके सामने किसी की चालबाजी नहीं चलती। चाहे नेता हो या पत्रकार। वह शब्दों की मर्यादा नहीं भूलते, पर अमर्यादित भाषा का प्रतिकार बखूबी कर लेते हैं और सरल परंतु उपयुक्त शब्दों से चुप कराना जानते हैं। वह सौम्य होने का दिखावा भी नहीं करते। उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ उनका कोई सरोकार या संबंध नहीं रहा है। ना उन्हें इस बात से कोई फर्क पड़ता है कि लालू उनको फासिस्ट कहते हैं और उनकी मोटापा पर तंज कसते हैं। अमित शाह इकहरे चरित्र के नेता हैं। वह जो तय करते हें उससे डिगते नहीं। संगठन और सरकार के बीच समन्वयक की उनकी भूमिका आज भी वैसी ही है। इसीलिए पार्टी और सरकार के फैसले में कहीं भी विरोधाभास नहीं होते। अमित शाह अपने ढंग के अकेले नेता हैं।

प्रसंगवश

जनांदोलन ने घुटने टेक दिए

आजादी का आंदोलन केवल सत्ता परिवर्तन तक ही सीमित न रहे, इसके लिए महात्मा गांधी ने देश में ग्राम स्वराज, सामाजिक-परिवर्तन और आर्थिक-स्वावलंबन को हमेशा आजादी से जोड़ कर देखा था। किंतु आजादी का आंदोलन अंग्रेज हटाओ तक पहुंचकर कर कुर्सी के किस्से में बदल गया और आजादी के बाद गांधी के ग्राम स्वराज, सामाजिक-परिवर्तन और आर्थिक-स्वावलंबन के सपने बिखर गए, फिर जेपी ने भी जब समग्र क्रांति का नारा दिया तब भी उनके सोच में संसद के साथ ही जनता के बीच मोर्चा जमा हुआ था। लेकिन समग्र क्रांति का आंदोलन इंदिरा हटाओ तक पंहुच कर कुर्सी के किस्से में बदल गया।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1948 में जब गांधी सबसे अधिक प्रासंगिक थे, गांधी चले गए और 1978 में जब जेपी सबसे अधिक प्रासंगिक थे, जेपी चले गए। यूपी और बिहार में जेपी के अनुयायी गद्दी पर बैठे, समग्र क्रांति का क्या हुआ? समग्र क्रांति का सपना बिखर गया। यही बात फिर हुई, भ्रष्टाचार के विरोध में जनांदोलन उठा और लोकपाल की बात आई। लोगों का सपना था कि देश भ्रष्टाचार-मुक्त होगा।

> मनमोहन-सरकार गिरी, किन्तु फिर से कुर्सी का नया किस्सा चल पड़ा। कुर्सी ने नए-नए नारे और मुद्दे खड़े किए ताकि भ्रष्टाचार का मुद्दा दिखाई ही न दे। सत्ता बदली किन्तु और क्या बदला? अन्ना भी कुर्सी के किस्से में समा गए।

मनमोहन-सरकार गिरी, किन्तु फिर से कुर्सी का नया किस्सा चल पड़ा। कुर्सी ने नए-नए नारे और मुद्दे खड़े किए ताकि भ्रष्टाचार का मुद्दा दिखाई ही न दे। सत्ता बदली किन्तु और क्या बदला? अन्ना भी कुर्सी के किस्से में समा गए। जन-आंदोलन ने कुर्सी के सामने फिर से घुटने टेक दिए। कुर्सी का किस्सा जिन्दाबाद। जन-आंदोलन बेचारा कुटा-पिटा-लुटा, बार-बार ठगा हुआ। ये जितने वाद हैं, वे सब छलकपट के वाद हैं, अव्वलवाद है किस्सा कुर्सी का। कुर्सीवाद।

जीने का आधार सुरक्षित कर ही विकास की सोचें

आज कोई भी दावा नहीं कर सकता है कि जिस हवा में हम सांस लेते हैं, वह स्वच्छ है। कोई सबसे पवित्र नदी से भी फिल्टर किए बिना पानी नहीं पी सकता है और कोई यह गारंटी नहीं दे सकता है कि हमारा भोजन रसायनों से रहित है।

घर में रहने के लिए हम कई नियम बनाते हैं। हम रसोई में खाना बनाते हैं, बाथरूम में नहाते हैं और शयन कक्ष में सोते हैं। हम इसमें अदला-बदली नहीं करते। पृथ्वी हमारा और बड़ा घर है। क्या हमें पृथ्वी पर रहने के लिए भी ऐसे ही नियम नहीं बनाने चाहिए? लेकिन अभी तक हमें किसी ने ऐसे नियम नहीं सिखाए। वे किसी भी स्कूल या कॉलेज के पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं हैं, न ही आर्थिक और तकनीकी प्रगति के लिए किन्हीं दिशा निर्देशों में उन्हें शामिल किया गया है।

पृथ्वी पर रहने का हमारा पहला नियम यह होना चाहिए कि अगर पारिस्थितिकी तंत्र में सीमित संसाधन हैं तो हमारा उपभोग भी सीमित ही होना चाहिए। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और जनसंख्या में बढ़ोतरी के बावजूद हमारे ग्रह का आकार नहीं बढ़ रहा है। हमारे विकास के साथ पानी, मिट्टी और खनिजों की मात्रा भी नहीं बढ़ रही है और न ही प्राकृतिक संसाधन बढ़ सकते हैं। मनुष्य मौजूदा परमाणुओं के अलावा एक भी नया परमाणु और नहीं बना सकता। अगर हमारी आमदनी निश्चित हो तो हमारे खर्च भी तय होने चाहिए। पृथ्वी पर भी हमारे समक्ष कुछ उपभोग - सीमा होनी चाहिए। लेकिन हम आए दिन इसका उल्लंघन कर रहे हैं। यदि हम केवल पिछले तीन दशकों की तुलना करें, तो जनसंख्या 2 अरब बढ़ गई है,

डॉ. धनंजय मणि त्रिपाठी
शिक्षक, गोरखपुर

वाहन एक अरब बढ़ गए हैं, बिजली की खपत लगभग दोगुनी हो गई है। लेकिन पृथ्वी का आकार बिल्कुल नहीं बदला है।

जीडीपी वृद्धि की पहली आवश्यकता भी लगातार बढ़ता उत्पादन और लगातार बढ़ती खपत ही प्रतीत होती है। लेकिन पृथ्वी की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर बढ़ती वृद्धि असंभव है। मैं लोगों से अक्सर पूछता हूं कि लगभग 100 साल पहले महात्मा गांधी ने ये क्यों कहा था कि 'दुनिया में हर किसी की जरूरत के लिए पर्याप्त है, लेकिन हर किसी के लालच के लिए नहीं?' इसका उत्तर किसी को पता नहीं है।

अर्थ ओवरशूट डे ऐसा पैरामीटर है, जो मनुष्य के पारिस्थितिकी-पदचिह्न की तुलना में पृथ्वी की जैविक-क्षमता को मापता है। इसके मुताबिक 2023 में, मनुष्यों के पारिस्थितिकी पदचिह्न पृथ्वी की क्षमता से 70 प्रतिशत अधिक हो गए थे। यानी हम 1.7 पृथ्वियों के बराबर संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन पृथ्वी तो एक ही है। हम उससे अधिक उपभोग कैसे कर सकते हैं, जो पृथ्वी हमें स्थायी रूप से प्रदान कर सकती है? अगर आप लंबे समय तक अपने शरीर को उसकी क्षमता से ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो वह जर्जर होने लगता है। इसी तरह से पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र का भी विघटन हो रहा है।

> जीडीपी वृद्धि की आवश्यकता भी बढ़ता उत्पादन और लगातार बढ़ती खपत ही प्रतीत होती है। लेकिन पृथ्वी की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर बढ़ती वृद्धि असंभव है।

हवा, पानी, मिट्टी जैसे प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन इसी के संकेत हैं। वर्तमान में हमारा विकास पर्यावरण के ह्रास की कीमत पर हो रहा है। सभी गैर-आवश्यक वस्तुएं जो मानव अस्तित्व के लिए अनिवार्य नहीं हैं- जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन हवा, पानी और मिट्टी जैसी सभी आवश्यक वस्तुओं का भारी क्षरण हो रहा है। हवा, पानी, मिट्टी की कीमत पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अर्थव्यवस्था को बढ़ाना आधुनिकता है या मूर्खता? विवेकशील बनें। पहले अपने जीने के आधार को सुरक्षित रखें और फिर विकास की सोचें। खपत को सीमित करना ही एकमात्र विकल्प है। कोई भी विज्ञान और प्रौद्योगिकी हमें इस पर काबू पाने में मदद नहीं कर सकती। उपभोग बढ़ाने के लिए अधिक उत्पादन करना होता है, अधिक संसाधनों का उपयोग करना होता है और अधिक पैसा खर्च करने होते हैं। लेकिन उपभोग को सीमित करने के लिए हमें उन कार्यों को करने से बचना होगा, जिन्हें आसानी से टाला जा सकता है। उपभोग को सीमित करना आसान है, क्योंकि इसके लिए किसी चीज की आवश्यकता नहीं है। यह तुरंत किया जा सकता है। अपने बच्चों के लिए एक रहने योग्य ग्रह छोड़कर जाएं।

सोशल फोरम

मंदिर क्यों जाते हैं

आधुनिक काल में परंपराओं के पुनर्गठन और आदतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। ये एक-दूसरे से अभिन्न रुप से जुड़ी हैं। इस प्रक्रिया ने नई छलांग नव्य आर्थिक उदारीकरण के दौर में लगाई। इसने धर्म के प्रति समाज की भावनाएं बदलीं। धर्म और परंपरागत संस्कारों का पुनर्गठन किया। अब भगवान की मूर्ति पूजा, मंदिर जाना, नदी स्नान आदि इवेंट और जश्न के रुप में मनाए जाते हैं। जश्न मनाने की संस्कृति सैलिब्रिटी संस्कृति है। सैलीब्रिटी कल्चर कृत्रिम प्रस्तुति की संस्कृति है।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

धर्म क्या है? मंदिर क्यों जाते हैं? पूजा क्यों करते हैं? पूजा कैसे करनी चाहिए? पवित्रता किसे कहते हैं? आदि सवालों पर हमने सोचना बंद कर दिया है।

अब सारी चीजें पॉपुलर कल्चर और सैलीब्रिटी कल्चर से प्रभावित हो रही हैं। अब धर्म का नहीं सैलीब्रिटी कल्चर का अनुकरण करने लगे हैं। मंदिरों में हम जो विभिन्न तिथियों पर कार्यक्रम देखते हैं और खास दिन अचानक बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों की भीड़ देखते हैं या फिर दैनंदिन रुप में मंदिर जाने वालों को देखते हैं तो वे क्यों जाते हैं? कौन सी चीज है जो उनको प्रेरित करती है?

वे असल में अपनी भावनाओं की सर्जनात्मक अभिव्यक्त करने के लिए मंदिर जाते हैं। विभिन्न रुपों में अपने दुख-सुख-आनंद आदि को अभिव्यक्त करने के लिए मंदिर जाते हैं। मंदिर जाना, वस्तुतः अभिव्यक्ति का प्राचीनतम सार्वजनिक मानवीय कर्म है। मंदिर जाना, नदी स्नान करना आदि प्राचीनतम सार्वजनिक अभिव्यक्ति के रुप हैं।

अभिव्यक्ति के लिए सार्वजनिक स्पेस जरुरी है। इसने आधुनिक काल में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रत्येक क्षेत्र में, प्रत्येक नागरिक के लिए विकास किया। जिस तरह धर्म अधिकार है, उसी तरह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी जनता का अधिकार है। यही वजह है धर्म और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मानवाधिकार है। मंदिर जाने वाले सामूहिक तौर पर आनंद लेते हैं। कहने के लिए मंदिर जाना धार्मिक गतिविधि है। लेकिन असल में यह मानवाधिकार है।

-फेसबुक वॉल से

लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज से कम मतदान एक गंभीर मुद्दा

पहले दो-चरण का चुनाव 19 और 26 अप्रैल को हुआ था। 7 और 13 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे-चरण के बाद 379 लोकसभा सीटों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गया है। इस प्रकार से लोकसभा की कुल 543 सीटों में से दो-तिहाई से अधिक सीटों पर मतदान चुनाव पहले चार-चरणों में समाप्त हो चुका हैं। शेष 164 सीटों पर चुनाव बाकी तीन-चरण 20, 25 मई और 1 जून को होंगे।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली बार होगा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी- कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 में 400 से कम सीटों पर आम चुनाव लड़ रही है। सीटों की संख्या में कमी मुख्य रूप से सबसे पुरानी पार्टी की गठबंधन प्रतिबद्धताओं के कारण है। कांग्रेस इन चुनावों में विपक्ष के इंडी गठबंधन का हिस्सा है। 2019 में लड़ी गई कम से कम 101 सीटों को कांग्रेस ने 2024 के आम चुनावों में इंडी गठबंधन के सहयोगियों को दे दी है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या भाजपा के प्रभुत्व को दर्शाती है। जबकि 2024 में कांग्रेस द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या इंडी गठबंधन में कांग्रेस द्वारा उदारवादी आत्मसमर्पण को प्रतिबिंबित करती है। हालांकि गठबंधन सरकार की हमेशा अंतर्निहित सीमाएं होती हैं लेकिन मतदाताओं के सामने आज यक्ष प्रश्न यह है कि उनका मत सामर्थ्य वाली 'मजबूत सरकार' के लिए हो या फिर विकलांग 'मजबूर सरकार' के लिए हो?

लोकसभा चुनाव -2024 के वोट प्रतिशत पर नजर डालें तो पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71

डॉ. भारत
पंजाब विवि, चंडीगढ़

> मतदाता के अंतर्मन में क्या चल रहा है उसकी अंतरात्मा की आवाज क्या पुकार कर रही है यह न तो कोई जानता है और न ही कोई ठोस अनुमान लगा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता हमेशा राजा होता है।

प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण में क्रमशः 64.58 और 67.25 प्रतिशत मतदान हुआ। चारों का औसत 66.17 प्रतिशत आता है जो कि बहुत उत्साहवर्धक नहीं है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज से देखें तो कम मतदान प्रतिशत अच्छी खबर नहीं है अपितु एक गंभीर मुद्दा है। हालांकि, अभी चार चरण का मतदान बचा हुआ है। अभी भी घटनाओं और आश्चर्यों की गुंजाइश है, जो चुनाव का रुख बदल सकते हैं। परन्तु खास बात है कि भारतीय चुनाव आयोग की तरफ से किए गए कई प्रयासों के बावजूद कम मतदान प्रतिशत कई सवाल खड़े करता है। मतदान प्रतिशत में गिरावट का कारण क्या है? कम मतदान प्रतिशत कार्यकर्ताओं की उदासीनता है या फिर मतदाताओं की उदासीनता? कम मतदान के नतीजों से किस दल को फायदा और किस दल को नुकसान होगा? मतदाताओं को जगाने और उन्हें मत देने के लिए प्रेरित करने की रणनीति बनाने के लिए कौन जिम्मेदार है... भारतीय चुनाव आयोग या राजनीतिक दल?

मतदान का उच्च प्रतिशत जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक माना जाता है। कम मतदान से किसे चुनावी फायदा होगा और किसको घाटा, वास्तव में इसका कोई हिसाब नहीं होता है। कई बार मतदान प्रतिशत गिरता है फिर भी सरकार जीत कर वापसी करती हैं और कई बार मतदान प्रतिशत कम होने से सरकारों को हार का भी सामना करना पड़ता है। भारतीय संविधान देश के नागरिकों को मतदान का अधिकार देता है जो राजनीतिक राय व्यक्त करने का एक माध्यम है। मतदान नागरिकों को नागरिकता के महत्व का एहसास करने में मदद करता है। मतदान का अधिकार सामाजिक जागरूकता को सक्रिय करता है और राजनीतिक सहयोग को सशक्त बनाता है। बहुत से मतदाता यह सोचते हुए मतदान नहीं करते कि एक मत से कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन एक लोकतांत्रिक देश के रूप में, भारत चुनाव की नींव पर बना है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र माने जाने वाले भारत की चुनाव प्रणाली हमेशा कारगर और सही साबित हुई है। मतदान करना भारतीय नागरिक का न सिर्फ अधिकार है बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है।

मतदाता के अंतर्मन में क्या चल रहा है उसकी अंतरात्मा की आवाज क्या पुकार कर रही है यह न तो कोई जानता है और न ही कोई ठोस अनुमान लगा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता हमेशा राजा होता है क्योंकि उसका मत भावी सरकार के भाग्य का फैसला करने में निर्णायक होता है। 4 जून 2024 को वोटों की गिनती के साथ ही लोगों की राजनीतिक इच्छा सार्वजनिक हो जाएगी और नई सरकार के लिए अगले पांच वर्षों के लिए सत्ता की बागडोर संभालने का सूर्योदय होगा।

विश्वसनीयता बनाए रखने को प्रयास जरूरी

बात 2019 के चुनाव की है। मेरी ड्यूटी पीठासीन अधिकारी की थी। भरपूर ट्रेनिंग के बाद अंततः वो दिन भी आ गया। जब हमें चुनाव सामग्री और सामान ले अपने बूथ की तरफ प्रस्थान करना था। चुनाव सामग्री के साथ हमें बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और विविपैट दिया गया। हमे ट्रेनिंग में बताया गया था कि पूरे सिस्टम को लेने के बाद आपको उसे चेक करना है कि उसकी बैटरी वगैरह सही है या नहीं। सिस्टम सही होने पर ही ले जाना है अन्यथा शिकायत दर्ज करनी है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हमे जो विविपैट दिया गया था। उसका डोर टूटा हुआ था। यानी जहां से हाथ डाल हम पर्चियों को निकालेंगे उसी डोर का एक कब्जा टूटा हुआ था। मैंने खराब विविपैट को लेने से मना कर दिया और इसे बदलने के लिए कहा। इस पर वहां बैठे व्यक्ति ने कहा कि पहले इसे ठीक कर आपको देते हैं अन्यथा दूसरा देंगे क्योंकि इसके सीरियल नंबर की एंट्री आपके साथ हो चुकी है। उस व्यक्ति ने एक दूसरे आदमी को बुलाया और इसे ठीक करने के लिए कहा। दूसरे व्यक्ति ने एक नया डोर मंगवाया और उसे थोड़ा बेंड कर दोनों तरफ लगे होल में उसके बाहर निकले हिस्सों को फंसा दिया। डोर अब बिल्कुल सही हो गया था और बंद करने पर सील लगाने वाले होल भी सेट बैठ रहे थे। मैं विविपैट लेकर मतदान के लिए तो चला गया। लेकिन उसके डोर को सेट करने का दृश्य मेरी आंखों के सामने घूमता रहा। मैं यही सोच रहा था कि जिस तरह इसे लगाया गया, क्या उसी तरह खोला भी जा सकता है। क्योंकि सील तो नीचे लगी होती है।

खैर आज मशीन से चुनाव पर बहुत लोग संदेह करते हैं। और इसे फूल प्रूफ नहीं मानते। इसे लेकर सबसे पहले बीजेपी ने ही सवाल उठाए थे। उसके बाद देश की मुख्य विपक्षी पार्टियों ने भी इस पर संदेह जाहिर किया। कुछ लोगों का मानना है कि परिणामों से छेड़छाड़ नही हो सकती। कुछ इसके विपरीत कहते हैं, फिर से बैलेट पेपर से चुनाव की बात भी करते हैं। लेकिन भारत की आबादी को देखते हुए बैलेट पेपर एक समय खाने वाली प्रक्रिया है और इससे बाहुबलियों की बन आएगी। आज जरूरत लोगों के संदेह निवारण की है और इसके लिए चुनाव आयोग को ज्यादा पारदर्शिता लाने की जरूरत है। अभी जिस तरह चुनाव के बाद दिए गए आंकड़ों में 5 से 6 प्रतिशत का अंतर हो गया। उससे भरोसा घटता है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में बाकायदा एक याचिका भी लगाई गई है कि आंकड़े 48 घंटे के अंदर दिए जाने चाहिए। क्योंकि पहले चरण के आंकड़े 11 दिन बाद और दूसरे चरण के 4 दिन बाद दिए गए। चुनाव आयोग को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए बहुत प्रयास करने की जरूरत है। जिसमे सभी विविपैट की पर्चियों का मिलान की एक प्रमुख मांग भी है।

एक नजर

सेना और पुलिस भर्ती के लिए लगाया कैंप

अल्मोड़ा, अमृत विचार : पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एसएसपी देवेंद्र पींचा द्वारा पुलिस लाइन अल्मोड़ा में प्रतिसार निरीक्षक विजय विक्रम की देखरेख में ग्रामीण बेरोजगार युवक युवतियों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कैंप में युवाओं को लंबी कूद, बॉल थ्रो, दौड़ आदि का अभ्यास कराया जा रहा है। युवाओं को प्रशिक्षक भवान सिंह और महिला आरक्षी प्रेमा आर्या द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले युवा प्रत्येक दिवस प्रात: साढ़े पांच बजे से आठ बजे तक और शाम पांच बजे से सात बजे तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं।

जिलाधिकारी पिथौरागढ़ रीना जोशी ने हरी झंडी दिखाकर 49 सदस्यीय दल को यात्रा के लिए किया रवाना

कैलाश यात्रियों का पहला दल धारचूला हुआ रवाना

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : आदि कैलाश यात्रियों का पहला दल सीमांत जिले में पिथौरागढ़ में रात्रि विश्राम के बाद अपने अगले पड़ाव धारचूला के लिए रवाना हो गया है। मंगलवार को डीएम रीना जोशी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रियों के इस दल को रवाना किया और उन्होंने श्रद्धालुओं को सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं भी दी।

बीती रात हल्द्वानी से 49 सदस्यीय आदि कैलास यात्रियों का पहला दल पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय पहुंचा। यहां पर्यटक आवास गृह के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने ढोल नगाड़ों के साथ यात्रियों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार सुबह गुरुरानी की पहल पर यात्रियों ने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम का हिस्सा बनते हुए हिमालय बचाओ की शपथ ली। गुरुरानी ने बताया कि यात्रियों को उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए प्रभागीय वनाधिकारी बलवंत सिंह शाही के माध्यम से विभागीय दरों पर गोपेश्वर वन अनुसंधान केंद्र से भोजपत्र के पौधे मंगवाए गए हैं। जिन्हें यात्रियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त पौधों को यात्री कालापानी, नाभीढांग, ज्योलिंगकोग में रौपेंगे। जिसके लिए भारत तिब्बत सीमा पुलिस के कमांडेंट परमेंद्र सिंह के नेतृत्व में काला पानी, नाभीढांग व जौलिगकोंग स्थित आइटीबीपी चौकी में कार्यरत कर्मचारियों से सहयोग लिया जा रहा है। मंगलवार को दल के रवाना होने से पूर्व जिलाधिकारी रीना जोशी यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कैलाश यात्रा को लेकर जिला प्रशासन काफी गंभीर है। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा यात्रा दल को हरी झंडी दिखाने के बाद अलग अलग प्रदेशों के श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए धारचूला के लिए रवाना हो गए। यात्रा दल की रवानगी के दौरान हर सिंह, शेर सिंह, विजय बोरा, सौरभ खोलिया, राजेंद्र रावल, दीपक, गोपाल, नरेंद्र थापा व प्रथम यात्रा दल के कोऑर्डिनेटर पदम सिंह रावल आदि मौजूद रहे।

कैलाश यात्रियों को रवाना करतीं जिलाधिकारी रीना जोशी। ● अमृत विचार

महिलाओं को मशरूम उत्पाद का दिया प्रशिक्षण

अल्मोड़ा : एसबीआई के आरसेटी की ओर से हवालबाग के फल्यांट में क्षेत्र की महिलाओं के लिए दस दिवसीय मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। प्रशिक्षण के पहले दिन विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की चालीस महिलाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षकों ने महिलाओं को मशरूम उत्पादन की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ताकि महिलाएं स्वरोजगार से जुडकर आय अर्जित कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को पैकेजिंग और मार्केटिंग के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने महिलाओं को बताया कि इस व्यवसाय को शुरू कर महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं। इसलिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें और आर्थिक स्वावलंबन की ओर बढ़ने का प्रयास करें।

प्रदेश के संसाधनों का दोहन कर रही सरकार : उलोवा

अल्मोड़ा : उत्तराखंड लोक वाहिनी ने मंगलवार को नगर में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान संगठन के सदस्यों ने प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य गठन के बाद भी प्रदेश की सरकारों का पहाड़ों के विकास के प्रति भाव नहीं बदला है। प्रदेश में राज कर रही सरकारें केवल संसाधनों के दोहन में लगी हुई हैं। वक्ताओं ने कहा कि राज्य की राजधानी और उच्च न्यायालय गैरसैंण में स्थापित कर राज्य सरकार को इस विवाद का स्थाई समाधान निकाल लेना चाहिए। उलोवा कार्यकर्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड विरोधी सोच रखने वाले नेताओं व अधिकारियों को अपनी सोच बदलनी होगी। बैठक की अधयक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता जगत रौतेला व संचालन पूरन चंद्र तिवारी ने किया। इस मौके पर अजयमित्र बिष्ट, जंगबहादुर थापा, दयाकृष्ण कांडपाल, बिशन दत्त जोशी, अजय मेहता, हारिस मुहम्मद, रेवती बिष्ट, कलावती तिवारी आदि मौजूद रहे।

प्यास नहीं बुझा पा रही सरयू पेयजल योजना

पिछले कई दिनों से ठप है जागेश्वर, लमगड़ा व दन्या क्षेत्र के तमाम गावों में पानी की आपूर्ति, ग्रामीण परेशान

▸▸ परेशान ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जागेश्वर विधानसभा के एक बड़े क्षेत्र को पेयजल की सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई सरयू पंपिंग पेयजल योजना अब स्थानीय लोगों की प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो रही है। इस योजना से पिछले कई दिनों से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है।

जिस कारण प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जागेश्वर विधानसभा के लमगड़ा, दन्या समेत अनेक क्षेत्रों की पेयजल किल्लत को देखते हुए यहां कुछ सालों पहले करोड़ों रुपये की लागत से सरयू पेयजल पंपिंग योजना का निर्माण किया गया था। लेकिन अब योजना क्षेत्र के लोगों की पस बुझाने में लगातार नाकाम साबित हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक ओर जहां बारिश न होने के कारण सरयू नदी का जलस्तर लगातार गिर रहा है। वहीं पंपिंग योजना में आए दिन आ रहे फाल्ट के कारण प्रभावित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था हो सके। इसके लिए क्षेत्र के भैंसोड़ी गधेरे से इस योजना के लिए करीब 32 लाख रुपये की लागत से एक अलग पेयजल लाइन बनाई जानी थी। लेकिन अभी तक इस लाइन का निर्माण भी नहीं हो सका है। पेयजल किल्लत के कारण अब लोग निजी वाहनों से दूरदराज के नदी धारों से पानी की व्यवस्था करने को मजबूर हैं। लेकिन तमाम शिकायतों के बाद भी विभाग पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर सका है। स्थानीय लोगों ने पेयजल समस्या को देखते हुए विभाग के अधिकारियों से अब ठोस कार्रवाई करने की मांग उठाई है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर पेयजल समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो वह आंदोलन की रणनीति बनाने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

पानी की निकासी की व्यवस्था करें दुरुस्त

▸▸ विधायक मनोज तिवारी ने रानीधारा क्षेत्र का किया भ्रमण

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर के रानीधारा मोहल्ले में बरसाती पानी के लोगों के घरों में घुसने की समस्या की शिकायत के बाद विधायक मनोज तिवारी ने रानीधारा क्षेत्र का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को शीघ्र उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बीते दिनों नगर में हुई मूसलाधार बारिश के दौरान सीवर लाइन के निर्माण के दौरान सड़कों के किनारे एकत्र मलबा बरसाती पानी के साथ लोगों के घरों में घुस गया था। जिस कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और उनका काफी नुकसान भी हुआ। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने नगरपालिका, जल निगम व संबंधित अधिकारियों व विधायक मनोज तिवारी से की। शिकायत के बाद विधायक मनोज तिवारी एसडीएम अल्मोड़ा, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका, अधिशासी अभियंता जल निगम, नायब तहसीलदार व अन्य अधिकारियों के साथ रानीधारा मोहल्ले में पहुंचे। यहां पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि सीवरेज के निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरिश के दौरान सड़क के किनारे एकत्र मलबा बरसाती पानी के साथ उनके घरों में घुस रहा है और रास्तों में भी कीचड़ पैदा हो रहा है। जिससे इधर उधर जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों की समस्याएं सुन विधायक तिवारी ने अधिकारियों को तत्काल इस समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि सड़कों के किनारे एकत्र मलबे को तत्काल हटाया जाए। साथ ही बरसाती पानी की निकासी की भी ठोस व्यवस्था करने के निर्देश विधायक ने अधिकारियों को दिए हैं।

रानीधारा क्षेत्र का भ्रमण कर समस्याएं सुनते विधायक तिवारी। ● अमृत विचार

जल जीवन मिशन के कार्यों को समय पर करें पूराः जिलाधिकारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ डीएम ने बैठक लेकर निर्माण कार्यों की समीक्षा की

अमृत विचार : सीमांत जिले पिथौरागढ़ की जिलाधिकारी रीना जोशी ने मंगलवार को कलक्ट्रेट में बैठक कर जल जीवन मिशन योजना के पहले और दूसरे चरण के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों को पारदिर्शता के साथ समयबद्ध तरीके से सम्पन्न करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि जन जन को स्वस्थ रखने के लिए उन्हें शुद्ध पेयजल मुहैया कराना काफी जरूरी है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया होगा तो वह निश्चित रूप से स्वस्थ रहेंगे। इसलिए अधिकारी इस कार्य को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह जल जीवन मिशन योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से सम्पन्न कराना सुनिश्वित करें। उन्होंने कहा कि इस योजना से कोई भी गांव अथवा तोक लाभान्वित होने से वंचित ना रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी प्रकार की अनियमितता मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसलिए अधिकारी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं और जहां योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। वहां लोगों तक इसका अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। डीएम जोशी ने बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी को ग्राम प्रधान, पंचायत राज सदस्य, टेक्निकल और राजस्व की संयुक्त सर्विलांस टीम बनाने के भी निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि यह टीम रोस्टर के तहत जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों की गुणवत्ता की प्रगति के संबंध में ग्रामीणों से फीडबैक लेगी और जहां योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। वहां के पानी की गुणवत्ता का सैंपल लेते हुए रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएगी। बैठक में डीडीओ रमा गोस्वामी, अधिशासी अभियंता नितिन गरखाल आदि रहे।

विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मौजूद छात्र छात्राएं।

छात्र संसद का गठन, शपथ दिलाई

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्यालय क्रियाकलाप की सक्रियता के लिए छात्र संसद का गठन किया गया।

बाद में कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में पुरातन छात्र व वर्तमान में यूनियन बैंक के प्रबंधक मनीष जोशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। कहा कि संसद के गठन का मुख्य उद्देश्य स्कूल के विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सहयोग एवं सहकारिता की भावना का विकास करना है। कार्यक्रम का संचालन छात्र सांसद प्रमुख आचार्य पूरन सिंह बोरा ने किया। प्रधानाचार्य राकेश चंद्र पांडे ने छात्र संसद क महत्व बताया। प्रधानमंत्री के रूप में कर्तव्य पांडे, उप प्रधानमंत्री संध्या खर्कवाल, सेनापति आयुष पांडे, उप सेनापति नैतिक गड़कोटी, बाल पत्रकार दीर्घ पांडे एवं अन्य मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। कार्यक्रम में वन विद्यालय के प्रबंधक दरबान सिंह करायत, डॉ. देवी दत्त जोशी आदि मौजूद रहे।

कलश यात्रा के साथ कालिका मंदिर में भागवत कथा शुरू

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : मां पूर्णागिरि धाम के पुजारियों और दुकानदारों के सहयोग से मां पूर्णागिरि धाम के पास कालिका मंदिर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। मंगलवार को मां पूर्णागिरि धाम में पूजा-अर्चना के साथ भारी संख्या में महिलाओं द्वारा कालिका मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

इस कार्यक्रम में मां पूर्णागिरि धाम के पुजारियों और मेला क्षेत्र की दुकानदारों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इधर मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन चंद्र तिवारी ने बताया कि हर रोज अपराह्न 1 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा। कथा प्रवचन 20 मई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 21 मई को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। यहां श्रीमद् भागवत कथा में बाल व्यास कपिल देव द्वारा प्रवचन दिया जा रहा है। कथा को सुनने के लिए मां पूर्णागिरि धाम के पुजारी, दुकानदार और मां पूर्णागिरि धाम में आने वाले श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रीमद् भागवत कथा में मां पूर्णागिरि धाम के पुजारी किशन चंद्र तिवारी, भुवन चंद्र पांडे, हेम तिवारी, मोहन पांडे, भैरव पांडे,जगदीश तिवारी, राजू तिवारी, नेत्र बल्लभ तिवारी, मथुरा दत्त रहे।

मां पूर्णागिरि धाम क्षेत्र में निकाली गई भव्य कलश यात्रा। ● अमृत विचार

वर्ग पहेली-70

बाएं से दाएं

1.1. तलवार 2. काले रंग की एक चिड़िया 3. राजस्थान में एक जिले का नाम।

2.1. किसी चीज़ को निकालने के लिए ज़मीन आदि खोदा जाना 2. मिट्टी हटाकर गहरा गड्ढा करना, खनना 3. खुदने के रूप में अंकित या चिह्नित होना।

5. पैर में पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र जिससे टखने से कमर तक का भाग ढका रहता है, पाजामा, सुथना, तमान, इज़ार।

6.1. किसी चीज़ के किनारे पर सजावट के लिए बनाई गई लटकन, शोभा के लिए किसी वस्तु पर लगाया जाने वाला लहरदार किनारा या लटकन 2. छोर, किनारा, सिरा 3. किसी उत्सव या समारोह आदि में इमारतों पर लगाई जाने वाली बिजली के छोटे छोटे बल्बों की शृंखला 4. देवताओं की पूजा के समय बजाई जाने वाला झांझ। 9. रखेवाला, दानेदार।

ऊपर से नीचे

1.1. मुकुट, ताज, शिरोमणि 2. प्राचीन समय में प्रचलित एक प्रकार का केश-विन्यास।

3.1. साम्राज्य, विशाल राज्य 2. प्रभुत्वसंपन्न राज्य 3. प्रभुत्व, आधिपत्य 4. उद्योग जगत में बहुत बड़ी कंपनी या कई कंपनियों का समूह।

4.1. युवावस्था या उससे कुछ पहले की अवस्था का पुरुष, युवा 2. पुत्र, बेटा 3. राजा का पुत्र, राजकुमार, युवराज 4. (पुराण) सनक

5.1. एक प्रसिद्ध सवारी जिसमें सवार आराम से बैठता या लेटता है और जिसे कहार या मज़दूर कंधे पर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं, डोली, शिविका 2. पालक नामक साग।

7.1. सजाने की क्रिया या भाव 2. सजावट की सामग्री 3. सज्जा, सजावट, सज-धज 4. संगीत में प्रयुक्त वाद्य यंत्र 5. युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले अस्त्र-शस्त्र, युद्ध सामग्री, आयुध 6. सवारी के लिए घोड़े को तैयार करने का सामान 7. मेलजोल 8. अनुकूलता।

8. स्वर, आवाज़। (मु.)-में सुर मिलाना : किसी की हां में हां मिलाना, किसी का समर्थन करना।



वर्ग पहेली -69 का हल

1 बा	का		2 इ		3 जी	
ल		4 अ	म	ल	ता	सी
	5 उ		र		जा	
	प		जें		ग	
6 अ	धि	शा	सी		ता	
गि						
7 या	र	बा	श		8 ब	च

सुडोकू -149

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1				2		3		
	4		5			6		
	2		6					
6				3				
7								4
5				9				3
		1			7		9	
		6	2					
				1				6

सुडोकू -148 का हल

1	5	7	8	9	2	3	4	6
8	4	2	3	5	6	1	9	7
9	6	3	7	4	1	8	2	5
7	3	6	2	8	4	5	1	9
2	9	1	5	3	7	6	8	4
5	8	4	6	1	9	7	3	2
4	2	8	1	7	5	9	6	3
6	1	5	9	2	3	4	7	8
3	7	9	4	6	8	2	5	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 मई बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी पूर्णरात्रि तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 15.25 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज आप किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं और किसी को इस बारे में पता नहीं है तो लोगों को इसके बारे में पता चलने की संभावना है। उनके द्वारा आपके प्रेम संबंधों में खटास उत्पन्न करने की कोशिश भी की जाएगी।

वृष — आज आपकी उम्र चालीस वर्ष से कम है तो आपका शारीरिक स्वास्थ्य तो उत्तम रहेगा,लेकिन मानसिक तनाव होने की आशंका है। कोई चिंता आपको घेरे रह सकती है। ऐसे में योग अवश्य करें। सकारात्मक ऊर्जा का विशेष प्रभाव देखने को मिलेगा।

मिथुन — आज उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे लोगों को थोड़ा आराम मिलेगा तथा वे अपना ज्यादातर समय रचनात्मक कार्यों में दे पाएंगे। विवाह की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को अपने मित्र पक्ष की ओर से विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है।

कर्क — आज आप पहले से किसी के साथ रिलेशन में हैं तो आपका अपने साथी के प्रति विश्वास कम होने की आशंका है जिससे आपसी मतभेद और बढ़ जाएंगे। छात्रों को करियर को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — आज पिछले कुछ दिनों से आपके व्यापार में जो मंदी चल रही थी वह आज लाभ में बदल जाएगी। आपको बस चौकन्ना रहने की आवश्यकता है जिससे आप विभिन्न क्षेत्रों से लाभ अर्जित कर सकते हैं। साथ ही खर्चे कम होंगे जिससे बचत ज्यादा होगी।

कन्या — आज आप स्कूल में हैं तो आप अपने भविष्य के लिए तैयारियां शुरू कर देंगे। नई चीजों को सीखने पर बल देंगे,जो आगे चलकर कॉलेज व उच्च शिक्षा में बहुत काम आएगी। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

तुला — आज विवाहित लोगों को अपने जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा व दोनों का एक दूसरे के प्रति विश्वास और ज्यादा मजबूत होगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा करेंगे। पारिवारिक मामलों को अच्छी तरह सुलझा लेंगे।

वृश्चिक — आज परिवार के सभी सदस्य आपसे संतुष्ट दिखाई देंगे व किसी के मन में कोई गलत भावना नहीं होगी। पड़ोसियों के साथ कुछ नया करने का विचार कर सकते हैं जिससे समाज में प्रतिष्ठा में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

धनु — आज कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों को अपने सहपाठियों का सहयोग मिलेगा। आप अपना कौशल अपनी रुचि के क्षेत्रों में दिखाएंगे,जो आगे चलकर आपके काम भी आएगा। महिलाओं को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

मकर — आज परिवार में कुछ बातों को लेकर आपसी मतभेद अवश्य हो सकते हैं,लेकिन वे आपकी सूझ-बूझ से आसानी से सुलझ जाएंगे। इस दौरान माता-पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें,क्योंकि उनके अस्वस्थ होने की आशंका है।

कुंभ — आज विवाहित लोग अपने पार्टनर को खुलकर समय देंगे जिससे दोनों के बीच आपसी रिश्ता और अधिक मजबूत बनेगा। आपको अपने जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा। यात्राओं के लिए दिन अच्छा है।

मीन — आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन थोड़ा आशंकित रहेगा व भविष्य को लेकर चिंता बनी रहेगी। ऐसे में अपने ऊपर मायूसी को हावी न होने दें व संयम बनाए रखें। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जुआरी — सुबह : 10.28
- इंसानियत — दोपहर : 03.21

&pictures
- नो प्रॉब्लम — सुबह : 11.15
- चुप — रात : 08.00

SONY PIX
- क्लैश ऑफ द टाइटन्स — सुबह : 10.59
- कैप्टेन फिलिप्स — रात : 08.43

ZEE CINEMA
- लवशुदा — सुबह : 10.10
- पुकार — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- रॉकेट्री : द नंबी इफेक्ट — सुबह : 09.44
- गब्बर इज बैक — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा-सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा-शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी - मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

बीयरशिवा पब्लिक स्कूल चिलियानौला का दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

दसवीं में प्रशंसा ने 98 फीसदी अंकों के साथ किया टॉप

संवाददाता रानीखेत

अमृत विचार : बीयरशिवा पब्लिक स्कूल चिलियानौला का 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

दसवीं की छात्रा प्रशंसा तिवारी ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया। दूसरे स्थान पर जीत सिंह 91 और तीसरे स्थान पर तनिष्का बिष्ट 90.8 प्रतिशत रहीं। बारहवीं कला वर्ग में नैना परगाई ने 96.2प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम , विज्ञान वर्ग की छात्रा अनुष्का चिलवाल ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व 95 प्रतिशत अंक के साथ विशेष तीसरे स्थान पर रहे। वाणिज्य में सोनिया ने 92 और रितिका ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधक तिलकराज तलवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

98.40 प्रतिशत अंकों के साथ जिला टॉपर बनीं महक

टनकपुर : लोहाघाट खूनाबोहरा के गुरुकुलम एकेडमी की इंटर की छात्रा महक राय की मेहनत रंग लाई। सीबीएसई का नतीजा आया, तो महक ने अपनी मेहनत की खुशबू खूब बिखेरी। 98 .40 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में सबसे अधिक नंबर लाने वाली छात्रा बनीं। बात यह रही कि उन्होंने ये अंक कला संकाय के विषयों के साथ हासिल किए हैं। इतिहास में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए। जबकि राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र और शारीरिक शिक्षा में उन्हें 98-98 प्रतिशत नंबर मिले हैं। पिता नवल किशोर राय दुकानदार हैं, जबकि मां तनुजा राय गृहणी। महक राय कठिन विषयों को अधिक समय देती थी। महक कामयाबी का श्रेय माता-पिता के साथ ही स्कूल के गुरुजनों को देती हैं।

दसवीं में पीयूष रहे टॉपर

पीयूष

निखिल

टनकपुर : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की दसवीं की परीक्षा में मानेश्वर होली विजडम स्कूल के पीयूष सुतेड़ी ने 97 .60 फीसदी अंकों के साथ चम्पावत जिले में शीर्ष पर रहे। वहीं इंटर बोर्ड में पूर्णागिरि धाम के पुजारी पंडित सुभाष पांडेय व गृहणी मां मंजू देवी के बेटे निखिल पांडेय ने शानदार प्रदर्शन किया है। केंद्रीय विद्यालय एक में पढ़ने वाले निखिल ने 96 .60 फीसदी अंक हासिल किए हैं। कंप्यूटर साइंस में इंजीनियर बनने का लक्ष्य बनाने वाले निखिल ने कंप्यूटर साइंस में 99 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं।

शहीद हवलदार जोशी का शव लोहाघाट पहुंचा, अंत्येष्टि आज

संवाददाता, लोहाघाट/ चम्पावत

अमृत विचार : मध्य प्रदेश के राजगढ़ में सोमवार को हुए सड़क हादसे में शहीद हुए लोहाघाट के डुंगरी निवासी हवलदार का अंतिम संस्कार बुधवार को सैन्य सम्मान के साथ पंचेश्वर घाट में होगा। पार्थिव शव मंगलवार देर शाम उनके आवास पहुंचा। शव के घर में पहुंचते ही कोहराम मच गया। शोक में डूबे परिजन शव से लिपट गए।

मूल रूप से डुंगरी दिगालीचौड़ निवासी हवलदार केडी जोशी का परिवार इस वक्त लोहाघाट के सेरीगैर में रहते हैं। हवलदार केडी जोशी मप्र के राजगढ़ में सेना के जिस वाहन में सवार थे, उस वाहन और बस के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में हवलदार जोशी सहित पांच लोगों की सोमवार को मौत हो गई थी। झांसी में ईएमई बटालियन में तैनात हवलदार जोशी भोपाल में अग्निवीरों को प्रशिक्षण देने के लिए आए थे। मंगलवार देर शाम सेरीगैर स्थित आवास में हवलदार जोशी का पार्थिव शव पहुंचने पर लोगों का हुजूम उमड़ गया।

हवलदार केडी जोशी।

दूषित पानी की समस्या से नहीं मिली निजात

अल्मोड़ा : नगर के लोगों को दूषित पानी की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। मंगलवार को नगर में मटमैले और बदबूदार पानी की आपूर्ति हुई। जिस कारण लोगों को नौलों और धारों की शरण लेनी पड़ी। पिछले कई दिनों से नगर में गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। जिस कारण लोग परेशान हैं। दूषित और बदबूदार पानी आपूर्ति होने की शिकायत कई संगठनों और नगर के लोगों द्वारा विभाग के अधिकारियों से की गई। लेकिन इसके बाद भी विभाग नगरवासियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने में नाकाम साबित हो रहा है। नगर के उपभोक्ताओं ने कहा कि अगर विभाग द्वारा शीघ्र इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह विभागीय अधिकारियों के घेराव की रणनीति बनाएंगे।

एक नजर

कवियों ने अपनी रचनाओं से किया प्रभावित

रानीखेत : रानीखेत किताब कौतिक के समापन दिवस पर आयोजित कवि सम्मेलन में रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोष्ठी की अध्यक्षता वयोवृद्ध साहित्यकार डॉ. बिशन दत्त जोशी और मंच संचालन विमल सती ने किया। कवि सम्मेलन की शुरुआत डॉ. बिशन दत्त जोशी ने वंदना 'ईजू आज सरस्वति का खुटमा..' से की। दिनेश तिवारी ने कहा- 'पहाड़ कहां हो रहा है शिफ्ट।'प्रीति पंत ने मां को समर्पित अपनी पंक्तियों में कहा, 'ईजा जो बच्चों की चिंता करने वाली..।' ज्योति साह ने कहा-प्रकृति ने जीवन को सार्थक करने के लिए दो धूरी बनाई।' मिथिलेश मिश्रा ने कहा 'अब इंसान बिक रहा। काव्यकार देवकीनंदन कांडपाल ने कुमाऊंनी रचना 'दि जगा थान में, छिट्टा भैट ध्यान में..सुनाई। अल्मोड़ा से आए साहित्यकार राजेंद्र सिंह बोरा उर्फ त्रिभुवन गिरी महाराज ने -शिखर हैं दबे बर्फ़ से, ठिठुर रहे हैं जंगल सारे से प्रशंसा बटोरी। कृष्ण कुमार सती ने 'जंगल की आग और हम कुमाऊंनी 'कविता प्रस्तुत की। विमल सती ने कहा- जब भी गिरा धरा पे, तू पीड़ा से भर गई..' तथा जिया रवि नागर ने 'मुझको शक्ति बना..कविता सुनाई।

गंगोत्री व यमुनोत्री में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़

2023 में यमुनोत्री धाम पहुंचे थे सबसे ज्यादा 12045 तो इस बार 12148 पहुंची संख्या, प्रशासन ने संभाला मोर्चा

चारधाम यात्रा

- गंगोत्री धाम में 2023 में 13670 तो 13 मई को रिकॉर्ड 18973 यात्री पहुंचे
- गंगा सप्तमी स्नान से गंगोत्री धाम में स्थानीय देव डोलियों के साथ श्रद्धालु पहुंच रहे

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में इस बार पहुंचे तीर्थयात्रियों ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। खासकर दो दिनों से रिकॉर्ड भीड़ जुटने से धामों में मंदिर समिति ने देर रात तक दर्शन कराया है। जबकि यमुनोत्री की भीड़ और गंगा सप्तमी पर बड़ी संख्या में गंगोत्री में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

इससे धाम में खासी चहल पहल देखने को मिल रही है। इधर, रिकॉर्ड भीड़ जुटने पर पुलिस-प्रशासन ने देर रात तक व्यवस्था बनाई है। चारधाम में इस बार रिकॉर्ड तीर्थयात्री जुट रहे हैं। करीब 6 किमी पैदल दूरी पर यमुनोत्री धाम में भी रिकॉर्ड यात्री दर्शन को पहुंच रहे हैं।

यमुनोत्री धाम में 2023 में 28 मई को सर्वाधिक 12045 तीर्थयात्री पहुंचे थे, जो पिछले कई सालों के रिकॉर्ड था। लेकिन इस साल बीते दिवस यमुनोत्री में 12148 तीर्थयात्रियों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बना लिया है। यमुनोत्री में दर्शन को तीर्थयात्रियों की भीड़ जुटने का सिलसिला जारी है। इसके लिए प्रशासन ने बैरियर और गेट सिस्टम लागू कर दिया है। अब यमुनोत्री धाम में दर्शन सुचारू रूप से हो रहे हैं। लेकिन यमुनोत्री की भीड़ गंगोत्री धाम में पहुंचने से दबाव बढ़ गया है। यहां दो दिनों से रिकॉर्ड तीर्थयात्रियों ने दर्शन किये हैं। पिछले साल यमुनोत्री के बाद गंगोत्री में 29 मई को रिकॉर्ड 13670 तीर्थयात्री एक दिन में पहुंचे थे, जो इस साल गत दिवस 18973 हो गया है। यह अब तक का सर्वाधिक तीर्थयात्रियों के पहुंचने का रिकॉर्ड कायम हो गया है। जबकि आज गंगा सप्तमी पर टिहरी और उत्तरकाशी जिले की देव डोलियों के पहुंचने से दबाव और बढ़ गया है। इससे व्यवस्था बनाने में प्रशासन, पुलिस और मंदिर समिति को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है।

गंगोत्री धाम में संकरे मार्ग पर बड़ी बसों के फंसने से ज्यादा दिक्कतें उठानी पड़ रही है। इससे वाहनों का दबाव बढ़ने से गंगोत्री तक वाहन कतार में चल रहे हैं। हालांकि यहां भी प्रशासन ने उत्तरकाशी रामलीला मैदान, हीना, भटवाड़ी, गंगनानी, सुक्की, झाला, हर्षिल, धराली से रुक रुक कर वाहन छोड़े जा रहे हैं। इससे गंगोत्री धाम में देर रात तक तीर्थयात्रियों के पहुंचने क्रम जारी रहा। प्रशासन के अनुरोध पर देर रात तक गंगोत्री मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं के दर्शन कराए। साथ ही प्रशासन, पुलिस एवं मंदिर समिति ने तीर्थयात्रियों को जलपान कराया गया। गंगोत्री में तीर्थयात्रियों की सुविधा को रात 2 बजे तक बाजार खुला रहा। सुबह तक धाम में तीर्थयात्रियों को व्यवस्थित आवाजाही कराई जा रही है।

यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

> यमुनोत्री धाम में गेट सिस्टम के बाद पूरा ट्रैफिक गंगोत्री मार्ग की तरफ आ गया। इससे कुछ स्थानों पर संकरी सड़क पर बड़ी बसें फंसने से वाहनों का दबाव बढ़ गया। गंगोत्री में देर रात तक दर्शन कराए गए। यात्रा मार्ग पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गए हैं। साथ ही भोजन, पानी, मेडिकल व्यवस्था तीर्थयात्रियों को उपलब्ध कराई जाने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल दोनों धामों में भीड़ नियंत्रित हैं। **-डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट**, जिलाधिकारी, उत्तरकाशी

> प्रशासन के अनुरोध पर देर रात तक मंदिर में तीर्थयात्रियों के दर्शन कराए गए। मंदिर समिति ने देर पहुंचे श्रद्धालुओं को जलपान की व्यवस्था कराई। गंगा सप्तमी पर्व पर बड़ी संख्या में देव डोलियां और यात्री गंगा स्नान को आते हैं। तीर्थयात्रियों को कोई असुविधा न हो, मंदिर समिति पूरे सहयोग को तैयार है।
> **-हरीश सेमवाल**, अध्यक्ष, श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति

दृष्टिहीन छात्र को बस से उतारा, जांच के आदेश

- रोडवेज के लोहाघाट डिपो की बस के चालक, परिचालक की करतूत, टनकपुर से दिल्ली आनंद विहार जा रहा था छात्र

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : एक नेत्रहीन छात्र के साथ रोडवेज के एक परिचालक और चालक ने शर्मनाक बर्ताव किया। परिवहन निगम के लोहाघाट डिपो के परिचालक और चालक ने दिल्ली जा रहे दिव्यांग छात्र को टनकपुर में बस से उतार दिया। नेत्रहीन छात्र ने टनकपुर कोतवाली से लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों तक गुहार लगाई लेकिन कोई राहत नहीं मिली।

दिल्ली पहुंचने के बाद छात्र ने मेल के जरिए रोडवेज के महाप्रबंधक से कार्रवाई का आग्रह किया। जिस पर लोहाघाट के सहायक महाप्रबंधक से मामले की जांच करने को कहा गया। बताया जाता है कि सूखीढांग के पास तलियाबांज गांव के सदानंद जोशी के नेत्रहीन बेटे नवीन चंद्र जोशी दिल्ली में पढ़ाई करते हैं। छात्र नवीन 11 मई की शाम लोहाघाट डिपो की बस में टनकपुर से दिल्ली जाने के लिए सवार हुए। जब बस रवाना हुई तो छात्र नवीन ने दिव्यांग होने की जानकारी दी तो परिचालक ने बदसलूकी करते हुए उसे बस से उतार दिया। इस अपमानजनक बर्ताव से आहत छात्र ने टनकपुर कोतवाली में जाकर मित्र पुलिस से न्याय की गुहार की लेकिन पुलिस ने छात्र की कोई मदद नहीं की। जिला प्रशासन का रवैया भी सहानुभूतिपूर्वक नहीं रहा। दूसरी बस से दिल्ली पहुंचने के बाद नवीन ने रोडवेज के परिचालक और चालक के रवैये की शिकायत करते हुए महाप्रबंधक को मेल भेज। जीएम पवन मेहरा ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए परिचालक का जवाब तलब किया है।

नवीन चंद्र जोशी।

उत्तर प्रदेश

महिला से सामूहिक दुष्कर्म में शिक्षक समेत दो पर रिपोर्ट

संवाददाता, रामपुर/केमरी

अमृत विचार : लिफ्ट देकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में केमरी पुलिस ने शिक्षक सहित दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि 29 सितंबर 2023 को वह अपनी दवा लेने के लिए केमरी गई थी। शाम करीब पांच बजे रामपुर के लिए केमरी बस अड्डे के पास सवारी का इंतजार कर रही थी। तभी एक बाइक पर सवार दो लोग उसके पास आकर रुक गए। उन्होंने महिला से पूछा कि तुम्हें कहां जाना है। महिला ने बताया कि उसे रामपुर जाना है। बाइक सवारों ने उसे रामपुर छोड़ने की बात कहकर बाइक पर बैठा लिया। आरोप है कि दोनों उसे केमरी क्षेत्र में ही सुनसान जंगल में ले गए। वहां तमंचे के बल पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों महिला को छोड़ कर भाग गए। पीड़िता किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। तब परिजन उसे केमरी थाने ले गए। उसने एक आरोपी नाम प्रेमपाल थाना डिडौली जनपद अमरोहा बताया। महिला के अनुसार प्रेमपाल खजुरिया न्याय पंचायत पनवड़िया स्थित कंपोजिट स्कूल में शिक्षक है। पीड़िता ने दूसरे आरोपी का नाम मिलक निवासी नेत्रपाल बताया। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सरकारी शिक्षक सहित दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सौतेले भाई की हत्या में दोषी को उम्र कैद

अमरोहा : न्यायालय ने सौतेले भाई की हत्या करने के आठ साल पूराने मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव दाउद सराय का है। यहां किसान बेगनाथ का परिवार रहता है। बताया गया कि बेगनाथ ने पहली पत्नी की मौत के बाद मोहम्मदी सराय निवासी कमलेश से दूसरी शादी की थी। उसकी पहली पत्नी से तीन बेटे थे। जबकि कमलेश के भी पहले से ही तीन बच्चे थे। कमलेश का बेटा शेर सिंह बेगनाथ की पहली पत्नी के तीनों बेटे रूपचंद, गुड्डू उर्फ विकास और वेद प्रकाश से रंजिश रखता था। 18 फरवरी 2017 को शेर सिंह बेगनाथ के घर आया था। आरोप है कि उसने अपने सौतेले भाई वेद प्रकाश की हत्या की तथा दूसरे भाई गुड्डू को घायल कर दिया।

हापुड़ में सड़क हादसे में छह दोस्तों की मौत

संवाददाता, हापुड़

अमृत विचार : गढ़ मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के समीप सोमवार की देर रात बेकाबू कार डिवाइडर को तोड़ते हुए ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रुप से घायल हो गया। सभी मृतक आपस में दोस्त बताये गए हैं।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि बीती रात लगभग साढ़े 12 बजे दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग नौ पर टोल प्लाजा से पहले अल्लाबख़्शपुर गांव के निकट दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही नीले रंग की एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ कर हवा में उछलते हुए विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से जा टकराई। आमने-सामने की भीषण टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार सभी लोग बुरी तरह कार में फंस कर रह गए। इस दौरान ट्रक चालक व कंडक्टर, ट्रक छोड़कर मौके से भाग गए। वाहनों के टकराने से हुए धमाके की आवाज़ सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार में फंसे लोगों को जैसे तैसे बाहर निकाला। और आनन फानन में उन्हें एंबुलेंस के जरिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा रोहित सैनी (33), अनूप सिंह गुर्जर (38), संदीप प्रजापति (35), , निक्की जैन (33) राजू जैन (36) तथा विपिन सोनी (35) को मृत घोषित कर दिया गया जबकि गंभीर घायल सचिन निवासी डालू हेड़ा (मेरठ) को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बिजनौर की महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट, दो अन्य महिलाएं भी शिकायत करने पहुंचीं

अमृत विचार : शहर की एक दरगाह के पास चादर बेचने वाला युवक कई वर्षों से महिलाओं का उत्पीड़न कर रहा है। दुष्कर्म की पीड़ित बिजनौर निवासी एक जायरीन ने हिम्मत जुटाई तो अन्य पीड़ित महिलाएं भी सामने आईं।

एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है और दो अन्य महिलाओं की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद बुधवार को उसे जेल भेजा जाएगा। दुष्कर्म करने का वीडियो उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने में अहम होगा। शहर में एक विख्यात दरगाह में देश- विदेशों से जायरीन आते हैं। महीने और सालों तक यहां रहकर इलाज भी कराते हैं। दरगाह में टिनशेड डालकर रहने वाला राहत मिस्त्री दरगाह के बाहर चादर बेचता है। बिजनौर निवासी एक महिला ने सोमवार को एसएसपी से शिकायत कह कि पति की मौत के बाद वह अपने बच्चे के साथ इलाज कराने के लिए दरगाह आई थी और यहीं रह रही थी। लगभग 15 दिन पहले राहत उसे बहला फुसलाकर अपनी दुकान में ले गया और दुष्कर्म किया। विरोध पर मुंह में कपड़ा ठूंसकर मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि वह दरगाह में इलाज के लिए आने वाली किशोरियों, युवतियों और महिलाओं का उत्पीड़न करता है। उनके साथ दुष्कर्म करता है।

इसके बाद दो अन्य महिलाएं राहत की शिकायत करने कोतवाली पहुंचीं। बताया कि राहत उनके साथ दुष्कर्म की कोशिश कर चुका है। पुलिस ने तीनों महिलाओं की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ चल रही है। सदर कोतवाल विजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने बताया कि आरोपी का वीडियो सामने आया था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार को जेल भेजा जाएगा।

राहुल गांधी मामले में फिर टली सुनवाई अब 27 को पेशी

सुलतानपुर, अमृत विचार: विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल के मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष के वकील ने राहुल गांधी की तरफ से हाजिरी माफी दी। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट रिक्त होने के कारण मामले में राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 27 मई की तारीख नियत की गई है। बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था।

ब्रिज कार्य के चलते कल बदलेगा 5 ट्रेनों का समय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लालकुआं-मुरादाबाद अनारक्षित स्पेशल ट्रेन निरस्त एक अन्य का रूट बदला

अमृत विचार : उत्तर रेलवे के मुरादाबाद-बरेली खंड के रामपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 एवं 2 पर फुट ओवर ब्रिज के हटाए जाने के कार्य के कारण गुरुवार को 5 ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है। एक जोड़ी ट्रेन निरस्त की है जबकि एक अन्य का रूट बदला गया है। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह ने दी।

मेरठ सिटी से 16 मई को चलने वाली मेरठ सिटी-लखनऊ जं. राज्यरानी एक्सप्रेस (22454) मेरठ सिटी से 240 मिनट री-शेड्यूल कर चलाई जाएगी। जम्मूतवी से 15 मई को चलने वाली जम्मूतवी-गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस (15652) जम्मूतवी से 240 मिनट, लालगढ़ से 15 मई को चलने वाली लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस (15910) लालगढ़ से 240 मिनट, काठगोदाम से 16 मई को चलने वाली काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस (15036) काठगोदाम से 150 मिनट, रामनगर से 16 मई को चलने वाली रामनगर-मुरादाबाद एक्सप्रेस (25036) रामनगर से 150 मिनट देर से शेड्यूल की गई है। लालकुआं से 16 मई को चलने वाली लालकुआं-मुरादाबाद अनारक्षित स्पेशल (05331) निरस्त रहेगी। मुरादाबाद से 16 मई, को चलने वाली मुरादाबाद-लालकुआ अनारक्षित स्पेशल (05332) निरस्त रहेगी। उधर नई दिल्ली से 16 मई को चलने वाली नई दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस (12040) निर्धारित मार्ग कटघर-रामपुर-लालकुआं के स्थान पर कटघर-काशीपुर-लालकुआं के रास्ते चलाई जाएगी।

टॉफी देने के बहाने चार साल की बच्ची से दुष्कर्म

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव निवासी 70 साल के बुजुर्ग ने चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया। एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 मई की शाम उनकी चार साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। पड़ोस में रहने वाला टीकाराम टॉफी दिलाने के बहाने उनकी बेटी को ले गया। अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। काफी देर तक बच्ची के न दिखने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। बच्ची टीकाराम के घर पर बदहवास मिली। आरोपी वहां से भाग गया। उझानी कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी को जेल भेजा गया है। मेडिकल परीक्षण व आगे की जांच की जा रही है।

भगवान राम कहां पैदा हुए, यह कांग्रेस को नहीं मालूम

महोबा, अमृत विचार : मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधा। कांग्रेस झूठ बोलती है। कांग्रेस सोचती है कि जहां वोट मिलते हैं वहीं काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान राम कहां पैदा हुए, यह कांग्रेस को नहीं मालूम है। मुख्यमंत्री मंगलवार को कस्बा पनवाड़ी के मेला ग्राउंड में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश से आतंकवाद खत्म किया। जम्मू-कश्मीर में तनावपूर्ण हालात के जिम्मेदार कांग्रेस के लोग थे। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस का अब काम खत्म हो गया है। इस बार भी मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की देश में सरकार बनने जा रही है। पूरे पाकिस्तानियों के होश ठिकाने लगाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो बिना जात-पात देखे किसको शिखर पर पहुंचा दे, किसी को पता नहीं। अपना उदाहरण देते हुए कहा कि मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को भाजपा ने इतना बड़ा सम्मान दिया। यह उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। भाजपा की इसी खूबी के कारण दूसरे दलों के लोग भागकर भाजपा में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से भाजपा का पूरे देश में तेजी से ग्राफ बढ़ रहा है। कहा कि प्रदेश में पहले से कई काम अधूरे पड़े थे। सीएम ने कहा कि कोविड काल में देश की 142 करोड़ जनता के प्राण बचाने का काम मोदी सरकार ने किया। किसी का एक पैसा खर्च नहीं हुआ।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी कार, दो मरे

आगरा, अमृत विचार : जिले के डौकी इलाके में लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को मेंटेनेंस कार्य कर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली में अचानक तेज रफ्तार कार घुस गई। हादसे में कार सवार 21 वर्षीया युवती और छह माह के बच्ची की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए, जिन्हें एंबुलेंस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली से गलत दिशा पर जाली लगाई जा रही थी कि तभी लखनऊ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ट्रैक्टर में घुस गई। रास्ते से गुजर रही एक प्राइवेट एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर कार सवार छह माह की बच्ची और 21 वर्षीया लड़की की मौत हो गई। उन्होने बताया कि कन्नौज के रहने वाले रवि गुप्ता अपनी पत्नी ज्योति और छह माह की पुत्री राधा और साली सोनाली के साथ कन्नौज से दिल्ली जा रहे थे। रास्ते में हुए हादसे में रवि गुप्ता की छह महीने की पुत्री राधा और 21 वर्षीया साली सोनाली की मौत हो गई।

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले में फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले में सपा नेता आज़म खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीन फातिमा की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर 3 घंटे तक चली सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई।

मालूम हो कि आजम खान और उनके परिवार ने रामपुर एमपी/एमएलए कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने वाले फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए जमानत देने और सजा को रद्द करने के लिए आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दाखिल की थी। बता दें कि रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में रामपुर के गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र होने का मामला दर्ज कराया था। आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आजम खान, उनके बेटे और उनकी पत्नी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए रामपुर एमपी/एमएलए कोर्ट ने तीनों को 7 साल की सजा सुनाई थी। इससे पहले गत वर्ष एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रहे ट्रायल पर रोक लगाने वाली आजम खान की याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसी तरह अब्दुल्ला आजम के जन्म प्रमाण पत्र को लेकर वर्ष 2017 में रामपुर की स्वार सीट से बसपा पार्टी प्रत्याशी नवाब काजिम अली खान ने भी आपत्ति दर्ज कराई थी और हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में अब्दुल्ला के स्कूल और बर्थ सर्टिफिकेट में दो अलग-अलग जन्मतिथियों का हवाला देते हुए उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की थी।

कश्मीर में चुनाव नहीं लड़कर भी भाजपा खेल रही जीत-हार का खेल

चुनाव : जम्मू-कश्मीर

राजपुरुष

अमृत विचार। जम्मू और कश्मीर से चार साल पहले अनुच्छेद 370 हटाने वाली भाजपा कश्मीर घाटी में लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ रही है। लेकिन दिलचस्पी पूरी दिखा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कश्मीर की तीनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। इसके बावजूद बड़ा सवाल यही है कि अबकी बार 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रहे भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन ने आखिरकार कश्मीर घाटी की तीनों सीटों पर प्रत्याशी उतारने से किनारा क्यों कर लिया। वह भी तब जब भाजपा बाकी देश में एक-एक सीट जीतने के लिए पूरा जोर लगा रही है।

एक ओर जहां भाजपा की इस रणनीति को लेकर राजनीतिक विश्लेषक और विपक्षी दलों के नेता कह रहे हैं कि भाजपा ने ऐसा घाटी में लोगों के बीच फैले ग़ुस्से को बाहर आने से रोकने के लिए किया है, तो दूसरी तरफ यह मानने वालों की कमी नहीं है कि भाजपा के इस फैसले में बड़ी दूरदर्शिता छिपी है। यही वजह है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी भाजपा को चुनाव नहीं लड़ने के लिए घेर तो रही हैं, लेकिन भाजपा की सियासी चाल से संशकित भी नजर आ रही हैं। उनका कहना है कि भाजपा घाटी में अल्ताफ बुखारी की जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी और सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कान्फ्रेंस को समर्थन देकर विधान सभा चुनाव के लिए अपनी मजबूत जमीन तैयार करने के काम में जुटी है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का यह डर बेवजह भी नहीं है, गृह मंत्री अमित शाह पिछले दिनों जम्मू में राज्य की भाजपा इकाई को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के लिए कह भी गए थे। उन्होंने साफ कहा था कि हम कश्मीर में कमल खिलाने की जल्दबाजी में नहीं हैं। बस एक बात याद रखें, लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टियों को वोट नहीं जाने दें। राज्य में विधानसभा चुनाव बरसात के बाद प्रस्तावित हैं। भाजपा नेता पार्टी के लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के फैसले को लंबी छलांग के लिए दो कदम पीछे लेने की रणनीति बताते हैं। माना जा रहा है कि भाजपा घाटी में लोकसभा चुनाव में पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी को परोक्ष समर्थन दे रही है। इसके पीछे पार्टी की रणनीति है कि विधानसभा चुनाव में कश्मीर में यह दल उसकी मदद करें। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अपनी पार्टी भले ही नेशनल कॉन्फ्रेस और पीडीपी के मुकाबले छोटे दल हैं, लेकिन उनका अपना खास वोट बैंक है। अनंतनाग-राजौरी और बारामुला लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की अपनी पैठ भी बहुत कमजोर नहीं हैं। यहां पार्टी ने जनजातीय आबादी को अपने पक्ष में मोड़ा है।

नेकां के अस्तित्व और पीडीपी की साख का सवाल

अमृत विचार। अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदलने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के तहत जम्मू संभाग की दो लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने के साथ ही कांग्रेस लद्दाख में चुनाव लड़ रही है, जबकि कश्मीर की तीनों सीटों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने प्रत्याशी उतारे हैं। लेकिन घाटी की तीनों सीटों पर पीडीपी भी चुनाव लड़ रही है। श्रीनगर में 13 मई को चौथे चरण में मतदान हो चुका है। अब बारामूला लोकसभा सीट पर 20 मई और अनंतनाग-राजौरी में 25 मई को वोट पड़ने हैं। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने तीन सीटें और भाजपा ने तीन सीटें जीती थीं। लेकिन धारा 370 हटने के बाद अब जम्मू-कश्मीर में पांच लोकसभा सीटें हैं। दरअसल 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर राज्य था, जिसमें लद्दाख भी शामिल था, तब यहां छह लोकसभा सीटें थीं। फिलहाल घाटी की तीनों सीटों पर हालात यह हैं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा है। माना तो यहां तक जा रहा है कि अब तक वर्चस्व कायम रखने वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। श्रीनगर लोकसभा सीट पर रिकार्ड 38 फीसदी मतदान के बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार शिया नेता आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी को पीडीपी के युवा अध्यक्ष वहीद पारा, अपनी पार्टी के अशरफ मीर तथा डीपीएपी के अमीर अहमद भट्ट ने कांटे की टक्कर दी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में श्रीनगर सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला ने पीडीपी उम्मीदवार आगा सैयद मोहसिन को हराकर 70,050 वोटों के बड़े अंतर से सीट जीती थी।

बारामुला में उमर की राह नहीं आसान

- बारामुला लोकसभा सीट से जहां 20 मई को मतदान होना है, चुनाव लड़ रहे नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की राह आसान नहीं नजर आ रही है। यहां पीपुल्स कान्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन के अलावा निर्दलीय इंजीनियर रशीद व पीडीपी के पूर्व राज्यसभा सदस्य मीर मोहम्मद फैयाज नेशनल कॉन्फ्रेंस की उम्मीदों पर पलीता लगा रहे हैं।

महबूबा को अनंतनाग से जीत का भरोसा

- अनंतनाग राजौरी लोकसभा सीट से पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती चुनाव लड़ रही हैं। वह कह चुकी हैं कि भाजपा यहां उनके खिलाफ अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टी का समर्थन कर रही है। अपनी पार्टी ने इस सीट से जफर इकबाल मन्हास को मैदान में उतारा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस से इस सीट पर मियां अल्ताफ अहमद मैदान में हैं।

लद्दाख सीट पर लगातार तीसरी बार कमल खिलाने की चुनौती

अमृत विचार । केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लद्दाख लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद जमयांग सेरिंग नामग्याल के स्थान पर लेह पर्वतीय विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी पार्षद ताशी ग्यालसान को मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी सेरिंग नामग्याल से हो रहा है। लेकिन यहां त्रिकोणीय संघर्ष के आसार नजर आ रहे हैं। इसकी वजह कारगिल के संगठनों की तरफ से चुनाव लड़ रहे हाजी हनीफा हैं, जो मुकाबले में आने की जद्दोजहद कर रहे हैं।

क्षेत्रफल को लिहाज से देश के सबसे बड़े लोकसभा क्षेत्र लद्दाख में भाजपा के लिए इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। पार्टी टिकट कटने से नाराज मौजूदा सांसद जमयांग को मनाने में कामयाब रही है, लेकिन जनता के एक वर्ग में केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद मांगे पूरी नहीं होने से थोड़ी नाराजगी है। पार्टी ने इसके लिए पूरी ताकत भी झोंक रखी है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू यहां डेरा डाले हैं। 2019 में भाजपा के जामयांग सेरिंग नामग्याल ने निर्दलीय उम्मीदवार सज्जाद हुसैन को 10 हजार से ज्यादा मतों से हराया था। निर्दलीय असगर अली करबलाई तीसरे और कांग्रेस चौथे नंबर पर रही थी। 2014 में लद्दाख से भाजपा के थुपस्तान छेवांग सांसद चुने गए थे। लद्दाख में करीब दो लाख मतदाता हैं। यहां 20 मई को मतदान होना है।

जम्मू व उधमपुर में कांग्रेस रोक पाएगी जीत की हैट्रिक

- उधर, जम्मू से आने वाली दोनों लोकसभा सीटों पर पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा ने कमल खिलाया था। इन दोनों सीटों पर मतदान हो चुका है। जम्मू से इस बार जुगल किशोर शर्मा जीत की हैट्रिक लगाने उतरे थे, उन्होंने 2014 में भी जीत हासिल की थी। इस बार यहां उनका मुकाबला रमन भल्ला से हुआ है, जिन्हें इंडिया गठबंधन के तहत नेशनल कॉन्फ्रेंस का समर्थन प्राप्त था। उधर, उधमपुर सीट पर भाजपा सांसद केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और कांग्रेस के चौधरी लाल सिंह के बीच मुकाबला हुआ है। डॉ. जितेंद्र सिंह के लिए भी उधमपुर सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है, वह 2014 और 2019 में यहां से चुनाव जीत चुके हैं। पार्टी को इस बार भी दोनों सीटों पर जीत मिलने की पूरी उम्मीद है



हिमाचल में बढ़ी सियासी गर्मी, पहली जून को राज्य की सभी चार लोकसभा सीटों पर मतदान

दांव पर लगे हैं दावे बड़े, शह और मात की हो रही जोर आजमाइश

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा पिछले दो चुनावों से राज्य में कर रही क्लीन स्वीप, इस बार लगा पाएगी जीत की हैट्रिक
- पिछले चुनाव में तीन लाख से ज्यादा मतों से भाजपा ने खिलाया था राज्य की सभी सीटों पर कमल

हिमाचल में मौसम अभी हिंदी पट्टी के अन्य राज्यों से ठंडा है, लेकिन सियासी गर्मी है कि बढ़ती ही जा रही है। राज्य की चार लोकसभा सीटों के लिए पहली जून को मतदान होना है। 2014 और 2019 की मोदी लहर में प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार क्लीन स्वीप करके हैट्रिक लगाने का दावा कर रही है। लेकिन राज्य में कांग्रेस की सरकार होने से इस बार मुकाबला पहले जैसा आसान नहीं है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा की चारों सीटों पर जीत का अंतर तीन लाख या इससे ऊपर था। ऐसे में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस मत अंतर को पाटना है। फिलहाल कांग्रेस और भाजपा दोनों ओर से जनता का समर्थन पाने की जोर आजमाइश जोर पकड़ती जा रही है। हिमाचल की राजनीति कांग्रेस और भाजपा के बीच झूलती रही है। ऐसे में कई बार जनता का मन भांपना मुश्किल हो जाता है। इसके चलते ही यहां कई बार दिग्गजों को भी हार का स्वाद चखना पड़ा है। हिमाचल में ऐसे दर्जनों बड़े नेता हैं, जिनका करारी शिकस्त से सामना हो चुका है। लोकसभा चुनाव में बड़े नेताओं में धूमल, शांता, वीरभद्र सिंह और प्रतिभा सिंह को हार का सामना करना पड़ा है। राज्य में अभी सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार का साढ़े तीन साल का कार्यकाल शेष है, इसलिए फिलहाल सत्ता विरोधी लहर की बात बेमानी है। ऐसे में 10 साल बाद लोकसभा सीट जीतकर कांग्रेस के लिए खाता खोलने का पूरा अवसर है।



2019 का परिणाम

लोस सीट	दल	प्रत्याशी	वोट मिले
कांगड़ा	भाजपा	किशन कपूर	7,25,218
	कांग्रेस	पवन काजल	2,47,595
लोस सीट	**दल**	**प्रत्याशी**	**वोट मिले**
मंडी	भाजपा	रामस्वरूप शर्मा	6,47,189
	कांग्रेस	आश्रय शर्मा	2,41,730
लोस सीट	**दल**	**प्रत्याशी**	**वोट मिले**
शिमला	भाजपा	सुरेश कुमार कश्यप	6,06,183
	कांग्रेस	धनी राम शांडिल	2,78,668
लोस सीट	**दल**	**प्रत्याशी**	**वोट मिले**
हमीरपुर	भाजपा	अनुराग ठाकुर	6,82,292
	कांग्रेस	राम लाल ठाकुर	2,83,120



सुखविन्दर सिंह सुक्खु ।

सीएम सुक्खू की सरकार का पैमाना होंगे परिणाम

- हिमाचल में लोकसभा चुनाव में भाजपा पर अपने हैवीवेट प्रदर्शन को दोहराने का दबाव है तो कांग्रेस के सामने साख बचाने की चुनौती है। प्रदेश में सरकार होने के बाद भी हाल के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस ने बड़ा झटका झेला है। डेढ़ वर्ष पहले हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 68 में 40 सीटें जीती थीं। लेकिन छह विधायकों के विद्रोही हो जाने से अब उसके पास 34 विधायक हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव के परिणाम से यह भी पता चलेगा कि जनता राज्य की कांग्रेस सरकार से कितनी संतुष्ट है।

कंगना रनौत।

विक्रमादित्य सिंह।

मंडी में क्वीन और किंग की लड़ाई में किसके सिर पर सजेगा जीत का ताज

- मंडी लोकसभा सीट पर इस बार देश भर की निगाह है। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत यहां से भाजपा की प्रत्याशी हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस के युवा नेता विक्रमादित्य सिंह से है। लोग इसे किंग और क्वीन की लड़ाई भी बता रहे हैं। विक्रमादित्य हिमाचल सरकार में लोक निर्माण मंत्री हैं। उनकी मां प्रतिभा सिंह हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और मंडी लोकसभा सीट से ही सांसद हैं। विक्रमादित्य शिमला (ग्रामीण) विधानसभा क्षेत्र से दो बार के विधायक हैं। उनके पिता और मां दोनों ने इस सीट पर तीन-तीन बार जीत दर्ज की है। कंगना रनौत की दो महीने पहले ही राजनीति में एंट्री हुई है। उनकी लंबे समय से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा थी। मंडी लोकसभा सीट का इतिहास काफी दिलचस्प है। ये सीट कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा के खाते में आती-जाती रही है। पिछले 2019 के चुनाव में यहां भाजपा के राम स्वरूप वर्मा को चार लाख से ज्यादा मतों से जीत मिली थी।

अनुराग ठाकुर की जीत का पंजा रोक पाएगा कांग्रेस का हाथ

अनुराग ठाकुर।

हमीरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर इस बार जीत का पंजा लगाने उतरे हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहे तेजतर्रार युवा नेता अनुराग ने पहला चुनाव वर्ष 2008 में लड़ा था, इसके बाद से लगातार 2009, 14 और 19 में जीत हासिल की थी। साल 2019 में उन्होंने लगभग चार लाख मतों से जीत हासिल करके कमल खिलाया था। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र को भाजपा का गढ़ माना जाता है। 1967 के बाद 2014 तक हुए 15 चुनावों में भाजपा ने यहां नौ बार जीत दर्ज की है। अनुराग ठाकुर के पिता और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमा धूमल भी इस सीट से तीन बार सांसद रहे हैं। कांग्रेस ने हमीरपुर सीट से निष्ठावान पदाधिकारी सतपाल रायजादा पर दांव लगाया है।

कांगड़ा में आनंद शर्मा के सामने भाजपा से बड़ी समय की चुनौती



आनंद शर्मा।

कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने इस बार अपने दिग्गज नेता आनंद शर्मा को प्रत्याशी बनाकर ब्राह्मण कार्ड खेला है। वह कभी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़े हैं। राज्यसभा सदस्य ही निर्वाचित होते रहे हैं। आनंद की राह में सबसे बड़ी चुनौती सीमित समय मिलना है। उन्हें प्रचार के लिए तीन हफ्ते का समय ही मिला है, जबकि भाजपा यहां काफी पहले से अपना मैदान सजाए बैठी है। पार्टी ने अपने सांसद की जगह डॉ राजीव भारद्वाज को प्रत्याशी बनाया है। उनका यह पहला चुनाव है, लेकिन वह काफी समय से प्रचार में जुटे हैं। भाजपा संगठन पन्ना प्रमुख सम्मेलन और मोर्चों के कार्यक्रमों की श्रृंखला पूरी कर चुका है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने अनुसूचित जनजाति वर्ग से किशन कपूर को टिकट दिया था और वह प्रदेश में सबसे अधिक मतों से चुनाव जीते थे। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में राजपूत, अन्य पिछड़ा वर्ग व ब्राह्मण मतदाता अधिक हैं। यहां 34 प्रतिशत राजपूत, 32 प्रतिशत ओबीसी, 20 प्रतिशत ब्राह्मण व 14 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति मतदाता हैं।

शिमला में भाजपा की जीत का चौका, कैच करने के लिए खड़े सुल्तानपुरी

विनोद सुल्तानपुरी ।

शिमला लोकसभा सीट पर 2009 से भाजपा का कब्जा है। पार्टी इस बार जीत का चौका मारना चाहती है। यहां से भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप दूसरी बार चुनाव में मैदान में उतरे हैं। उन्होंने पहली बार जब 2019 में लोकसभा का चुनाव लड़ा था, तब पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। सुरेश कश्यप ने सवा तीन लाख से ज्यादा वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी को मात दी थी। वह हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस बार सुरेश का मुकाबला कसौली से कांग्रेस के विधायक विनोद सुल्तानपुरी से है। सुल्तानपुरी को राजनीति पिता से विरासत में मिली है। उनके पिता केडी सुल्तानपुरी शिमला संसदीय सीट से छह बार सांसद रह चुके हैं। हालांकि सुल्तानपुरी कांग्रेस से 2012 और 2017 के विधानसभा चुनाव में हार गए थे। लेकिन साल 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर कसौली से जीत हासिल की थी। उन्होंने इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल को हराया था।

हजारीबाग में दो भाजपा विधायक आमने-सामने

चुनाव डेस्क

मनीष जायसवाल।

जयप्रकाश भाई पटेल।

- कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए विधायक पर दांव लगाकर मुकाबला बनाया रोचक
- कांग्रेस के लिए पूर्व मंत्री यशवंत सिन्हा कर रहे प्रचार, पौत्र ने भी थामा हाथ का साथ

अमृत विचार। झारखंड की हजारीबाग लोकसभा सीट पर इस बार दो विधायकों के बीच रोचक मुकाबला हो रहा है। भाजपा ने इस सीट पर मनीष जायसवाल को उम्मीदवार बनाया है तो कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को टिकट दिया है। लोकसभा चुनाव में आमने-सामने आए दोनों विधायक वर्ष 2019 में झारखंड विधानसभा चुनाव में हजारीबाग की ही दो सीटों से चुनाव जीतकर विधायक बने थे। अब इस मुकाबले में बड़ा सवाल यही है कि हजारीबाग में इस बार भाजपा को अपने गढ़ में शिकस्त मिलेगी या लगातार चौथी बार कमल खिलेगा।

हजारीबाग लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार सदर सीट के विधायक मनीष जायसवाल को टक्कर दे रहे मांडू सीट के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल (जेपी पटेल) को पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने पहले समर्थन देने का ऐलान किया था, अब चुनाव प्रचार में भी हिस्सा लेना शुरू कर दिया है। इससे मुकाबला कांटे का होने का आसार बनते जा रहे हैं। मनीष जायसवाल जहां लगातार दो बार विधायक चुने गए हैं, वहीं जयप्रकाश भाई पटेल तीन बार। सियासत के मैदान में दोनों विधायक अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। जेपी पटेल मांडू सीट से भाजपा विधायक और विधानसभा में भाजपा के सचेतक थे। उनके भाजपा छोड़ने की किसी को उम्मीद नहीं थी। लेकिन भाजपा को उसके गढ़ में पस्त करने के लिए कांग्रेस ने व्यूह रचना की। जेपी पटेल भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए और पार्टी ने उन्हें हजारीबाग से लोकसभा का उम्मीदवार बना दिया।

हजारीबाग के मौजूदा भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने चुनाव लड़ने से मना करते हुए संसदीय राजनीति से सन्यास का ऐलान कर दिया था, दरअसल उन्हें अपना टिकट कटने का अंदेशा हो गया था। जयंत सिन्हा पूरे चुनाव में कहीं सक्रिय नहीं हैं। यहां तक कि भाजपा की किसी बैठक तक में नहीं शामिल हुए हैं। अब उनके बेटे आशिर सिन्हा के कांग्रेस में शामिल होने की जानकारी सामने आ रही है।

दोनों के बीच पहले भी हो चुकी है भिड़ंत

- मनीष जायसवाल और जेपी पटेल 2011 में भी एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। उस समय मांडू के विधानसभा उपचुनाव में जेपी पटेल जेएमएम और मनीष जायसवाल जेवीएम के उम्मीदवार थे। जीत जेपी पटेल की हुई थी। पटेल के पिता टेकलाल महतो जेएमएम के कद्दावर नेता रहे हैं। वो मांडू से पांच बार विधायक और गिरिडीह से एक बार जेएमएम के सांसद रहे हैं। पिता की सीट से जेपी पटेल जेएमएम के टिकट पर विधायक चुने गए थे, लेकिन बाद में भाजपा में चले गए और 2019 में भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे।

मांगा समर्थन

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने जनसंपर्क किया और मतदाताओं से संविधान बचाने के नाम पर वोट मांगा।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 930
रामपुर : शिवालिक-990 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 70 मसूरी- 55 अंगूरी- 53 बासमती- 100 दाल दलहन :काला चना- 120 साबुत चना दाल- 85 मूंग साबुत- 105 राजमा- 160 दाल उड़द- 120 साबुत मसूर दाल- 72 मसूर दाल- 74 उड़द साबुत- 115 काबुली चना- 87-120 अरहर दाल- 160 लोबिया/करमानी- 98 सोयाबीन- 55-60 मूंगफली- 75 मटर (सूखी)- 45 मक्का- 23

एलाइड ब्लेंडर्स को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

नई दिल्ली। ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 1,500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, निर्गम में 1,000 करोड़ रुपये के ताजा शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 500 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल हैं। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड ने जनवरी में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे।

हर्ष बवेजा ने संभाला आरईसी के निदेशक- वित्त का कार्यभार

नई दिल्ली। आरईसी लि. ने मंगलवार को कहा कि हर्ष बवेजा ने कंपनी के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाल लिया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 10 मई को इसकी मंजूरी दी थी। बिजली मंत्रालय के तहत आने वाली आरईसी ने कहा कि हर्ष बवेजा ने निदेशक (वित्त) का पदभार संभाल लिया है। बवेजा की नियुक्ति लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) की सिफारिश के बाद की गई है। चार्टर्ड अकाउंटेंट होने के साथ-साथ बवेजा के पास कई संस्थानों में वित्तीय एवं व्यावसायिक कार्यों के प्रबंधन के क्षेत्र में 33 साल से अधिक का अनुभव है।

यात्री वाहनों की मजबूत मांग से बिक्री 1.3% बढ़ी

यात्री कारों की बिक्री में 23% की आई गिरावट, दोपहिया 31% और तिपहिया वाहनों की बिक्री में 14.5% का इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में यात्री वाहनों की थोक बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 1.3% बढ़कर 3,35,629 इकाई हो गई। अप्रैल, 2023 में यह 3,31,278 इकाई थी। यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 1,79,329 इकाई रही, जो अप्रैल, 2023 की 1,48,005 इकाई से 21% अधिक है। हालांकि, यात्री कारों की बिक्री 23% घटकर 96,357 इकाई रह गई, जो अप्रैल, 2023 में 1,25,758 इकाई थी। पिछले महीने वैन की बिक्री 15% बढ़कर 12,060 इकाई हो गई, जो अप्रैल, 2023 में 10,508 इकाई थी।



आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 31% बढ़कर 17,51,393 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 13,38,588 इकाई थी। बाइक बिक्री 34% बढ़कर 11,28,192 इकाई रही जो अप्रैल, 2023 में 8,39,274 इकाई थी। स्कूटर की थोक बिक्री सालाना आधार पर 25% बढ़कर 5,81,277 इकाई हो गई जबकि पिछले साल अप्रैल में यह 4,64,389 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 14.5% बढ़कर 49,116 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 42,885 इकाई थी। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत मोटर वाहन उद्योग के लिए काफी अच्छी रही है। सभी खंडों ने अप्रैल, 2023 की तुलना में अप्रैल, 2024 में वृद्धि दर्ज की है।

पीएचएफ ने किया ईवी ऋण पोर्टफोलियो का विस्तार

नई दिल्ली। पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड ने एल5 श्रेणी में इलेक्ट्रिक कार्गो वाहनों की खरीद के लिए ऋण उत्पादों को शामिल करके अपने इलेक्ट्रिक वाहन ऋण पोर्टफोलियो को बढ़ाया है। कंपनी ने कहा कि अब इनमें इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन और प्रयुक्त ई-रिक्शा ऋण शामिल है। नए शामिल किये गये इलेक्ट्रिक वाहन उत्पाद मौजूदा इलेक्ट्रिक रिक्शा, ई-लोडर और अन्य एल3 ईवी ऋण उत्पादों के अतिरिक्त हैं जो पहले से ही उपलब्ध हैं। कंपनी अचल संपत्ति के बदले बंधक ऋण और ई-वाहनों मुख्य रूप से ई-रिक्शा, ई-लोडर और ईवी- दुपहिया वाहनों के वित्तपोषण की पेशकश करती है। कंपनी के सीईओ शल्य गुप्ता ने कहा पीएचएफ लीजिंग ससटेनेबल परिवहन के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और भारत में इसका मतलब इलेक्ट्रिक वाहनों से है।

कीमतों में गिरावट से भारत का पाम तेल आयात 34 % बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक कीमतों में गिरावट से अप्रैल में भारत का पाम तेल आयात सालाना आधार पर 34.11% बढ़कर 6,84,000 टन पर पहुंच गया है।

एसईए ने कहा कि अप्रैल में भारत के कुल 13,04,409 टन खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 52% थी, जिसमें सूरजमुखी और सोयाबीन तेल का आयात 6,20,315 टन था। इसमें कहा गया है कि गैर-खाद्य तेलों सहित कुल वनस्पति तेल आयात अप्रैल में 26% बढ़कर 13,18,528 टन हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 10,50,189 टन था। एसईए ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मंदी से सोयाबीन तेल की कीमतें 40 डॉलर प्रति टन गिर गईं, जबकि सूरजमुखी तेल की कीमत पिछले महीने 15 डॉलर प्रति टन कम हो गई। पाम तेलों में आरबीडी पामोलीन का आयात

- अप्रैल में भारत के कुल खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 52 % रही

बढ़कर 1,24,228 टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,12,248 टन था। सीपीओ (कच्चा पाम तेल) का आयात पहले के 3,93,856 टन से 36% बढ़कर 5,36,248 टन हो गया, जबकि कच्चे पाम कर्नेल तेल का आयात 3,990 टन से छह गुना होकर 23,618 टन हो गया। नरम तेलों में, सोयाबीन तेल का आयात 2,62,455 टन से बढ़कर 3,85,514 टन हो गया। हालांकि, सूरजमुखी तेल का आयात 2,49,122 टन से घटकर 2,34,801 टन रह गया। एसईए ने कहा, एक मई तक भारत के पास 22.45 लाख टन खाद्य तेल का भंडार था।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	86500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	95000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74000
गिन्नी (प्रति नग)	55150-55350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,600
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,450
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	83,000
चांदी तैयार	83,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,300
सोना जेवरात गिन्नी	71,300
चांदी पक्की	828 (अनुमानित)

शेयर बाजार में तीसरे दिन तेजी सेंसेक्स 328 अंक और चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

- खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार को मिला समर्थन

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 328 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं निफ्टी 22,200 अंक के स्तर से ऊपर चला गया। अप्रैल महीने में खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई सेंसेक्स 328.48 अंक यानी 0.45% की बढ़त के साथ 73,104.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 510.13 अंक तक चढ़ा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 113.80 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,217.85 अंक पर बंद हुआ। धातु और वाहन शेयरों की अगुवाई में यह तेजी आई। वहीं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली और औषधि कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से गिरावट आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

खुदरा वायदा, विकल्प कारोबार में तेजी चिंता का विषयः सीतारमण

मुंबई, एजेंसी

- 10 में से नौ निवेशकों को वायदा और विकल्प कारोबार में होता है नुकसान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आगाह किया कि खुदरा निवेशकों के जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प कारोबार में आने और इसमें 'बेलगाम तेजी' भविष्य में परिवारों की जमा-पूंजी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है।

उन्होंने शेयर बाजार बीएसई में कार्यक्रम में कहा कि वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में खुदरा कारोबार में कोई भी बेलगाम तेजी न केवल बाजार के लिए बल्कि निवेशकों की भावनाओं और परिवार के स्तर पर जमा-पूंजी को लेकर भी आने वाले समय में समस्याएं पैदा कर सकती है। सीतारमण ने कहा कि पारिवारिक बचत में एक पीढ़ीगत बदलाव हुआ है। हम उसे सुरक्षित रखना चाहते हैं। बाजार नियामक सेबी के अध्ययन से पता चला है कि 10 में से नौ खुदरा निवेशकों को वायदा और विकल्प कारोबार में नुकसान होता है। वित्त मंत्री ने बीएसई से कड़े अनुपालन और मजबूत नियामकीय मानकों के जरिये निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए सेबी के साथ मिलकर काम करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि बीएसई और एनएसई को प्रणालीगत जोखिम को कम करना चाहिए तथा बाजार की स्थिरता सुनिश्चित करनी चाहिए।

घटिया आयोडीन युक्त नमक मामले में टाटा केमिकल्स से हटा जुर्माना

नागपुर। बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने 2016 में महाराष्ट्र के बुलढाणा में खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा जारी उस आदेश को रद कर दिया है, जिसमें टाटा केमिकल्स लिमिटेड और अन्य कंपनियों पर घटिया आयोडीन युक्त नमक बनाने व बिक्री करने के लिए जुर्माना लगाया गया था।

न्यायमूर्ति अनिल एल. पानसरे ने अपने आदेश में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को भविष्य में ऐसे मामलों में प्रक्रियात्मक अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उचित सलाह या परिपत्र जारी करने का भी निर्देश दिया। टाटा केमिकल्स लिमिटेड व अन्य बनाम महाराष्ट्र राज्य से जुड़े मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 71 (6) के तहत 13 अक्टूबर, 2016 के आदेश के खिलाफ अपील की गई थी। कोर्ट ने फैसले में मामले में कई गंभीर विसंगतियों और प्रक्रियात्मक खामियों को रेखांकित किया।

राष्ट्रीय

एक नजर

आचार संहिता बन गई है मोदी संहिताः तृणमूल कांग्रेस

नई दिल्ली। टीएमसी ने आदर्श आचार संहिता के मोदी आचार संहिता में बदलने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को रोकने के लिए कदम उठाए। इस मामले पर निर्वाचन आयोग को एक पत्र सौंपने के बाद टीएमसी के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले और सागरिका घोष ने मीडिया को संबोधित किया और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ निर्वाचन आयोग की निष्क्रियता पर निराशा व्यक्त की।

एसआईए ने द. कश्मीर के तीन जिलों में छापेमारी की

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में बिहार के एक व्यक्ति की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने की घटना की जांच के सिलसिले में मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों में एसआईए ने कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) के अधिकारियों ने तड़के अनंतनाग, कुलगाम और शोपियां जिले में 11 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने कहा, एसआईए द्वारा यह छापेमारी 17 अप्रैल को बिजबेहरा के जबलीपोरा में रेहड़ी-पटरी लगाने वाले राजा साह की हत्या के बारे में बिजबेहरा थाने में दर्ज प्राथमिकी की जांच के सिलसिले में की गई ताकि इस हत्या के पीछे की बड़ी आपराधिक साजिश का पता लगाया जा सके।

त्रिपुरा की जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा उग्रवादी फरार

अगरतला। प्रतिबंधित संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) का एक सदस्य त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले में स्थित केंद्रीय कारागार से फरार हो गया। सिपाहीजला के जिलाधिकारी नागेश कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन के सदस्य स्वर्ण कुमार के केंद्रीय कारागार से फरार होने की जानकारी मंगलवार सुबह तक हुई जब कैदियों की हाजिरी लगाई जा रही थी। उन्होंने बताया, दक्षिण त्रिपुरा के संतीरबाजार इलाके में हुई हत्या के मामले में उसे दोषी ठहराया गया था और उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है। वह केंद्रीय कारागार में सजा काट रहा था।

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

मुंबई। अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर पिछले महीने हुई गोलीबारी के सिलसिले में मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 34 वर्षीय हरपाल सिंह के रूप में हुई है। वह हरियाणा के फतेहाबाद का निवासी है।

चौथे चरण के बाद राजग को 270 सीटें: शाह

उत्तर 24 परगना के बोनगांव की सभा में केंद्रीय गृह मंत्री ने ईवीएम पर टीएमसी प्रमुख को घेरा

बोनगांव, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के बाद भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 338 लोकसभा सीटों में से 270 सीटें हासिल कर ली हैं तथा एक जून को चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक 400 से अधिक सीटें हासिल हो जाएंगी।

शाह ने उत्तर 24 परगना में मतुआ समुदाय के गढ़ बोनगांव में केंद्रीय मंत्री एवं मौजूदा सांसद शांतनु ठाकुर के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ईवीएम को दोष देने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस



अध्यक्ष ममता बनर्जी की आलोचना की। उन्होंने बंगाल के मतदाताओं से 42 में से 30 से अधिक सीटें भाजपा के लिए सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए कहा, ममता दीदी आप तब खुश थीं जब आपने ईवीएम वोटिंग के जरिये सत्ता हासिल की और मुख्यमंत्री के रूप में अपने तीन कार्यकाल पूरे किये, लेकिन अब आप आसन्न हार की आशंका के कारण उन्हीं इलेक्ट्रॉनिक मशीनों को दोष दे रही हैं। उन्होंने कहा कि चिटफंड घोटाला, शिक्षक नियुक्ति घोटाला, नगर निकाय नियुक्ति घोटाला, मवेशी और कोयला तस्करी घोटाले के किसी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी को जेल जाना होगा।

सीएए का क्रियान्वयन नहीं रोक सकतीं ममता

बनगांव। शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के बारे में झूठ फैला रही हैं तथा वह अपने घुसपैठियों के वोट बैंक को खुश करने के लिए मतुआ समुदाय और दलितों को नागरिकता देने का विरोध कर रही हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मतुआ समुदाय की नागरिकता को लेकर चिंताओं को दूर करने के प्रयास के तहत आश्वासन दिया कि समुदाय के सदस्यों को सीएए के तहत नागरिकता मिलेगी।

जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से अनुच्छेद 370 हटाने के परिणाम दिख रहे

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से अनुच्छेद 370 निरस्त करने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले के परिणाम सामने आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में श्रीनगर लोकसभा सीट पर करीब 38 प्रतिशत मतदान होने के एक दिन बाद गृह मंत्री ने यह टिप्पणी की है। श्रीनगर में 2019 के लोकसभा चुनाव में 14.43 प्रतिशत, 2014 में 25.86 प्रतिशत, 2009 में 25.55 प्रतिशत और 2004 में 18.57 प्रतिशत मतदान हुआ था। शाह ने एक्स पर लिखा, मतदान प्रतिशत के जरिए भी अनुच्छेद 370 निरस्त करने के मोदी सरकार के फैसले के परिणाम सामने आ रहे हैं। इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों का लोकतंत्र में विश्वास बढ़ा है और इसकी जड़ें गहरी हुई हैं। शाह ने कहा कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि के माध्यम से, जम्मू-कश्मीर के लोगों ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जिन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने का विरोध किया था।

मालीवाल मामले पर आप ने तोड़ी चुप्पी, कहा- दोषी पर होगी कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

आप नेता संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार ने सोमवार को सीएम आवास पर पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से बदसलूकी की। मालीवाल के केजरीवाल के निजी स्टाफ पर हमले का आरोप लगाने के एक दिन बाद सिंह ने मंगलवार को कहा कि आप प्रमुख केजरीवाल इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे। भाजपा ने मांग की कि संजय सिंह के बयान पर पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि यह निंदनीय घटना है और आप मालीवाल के साथ है।

कल सुबह मालीवाल केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं। वह ड्राइंग रूम में इंतजार कर रही थीं, तो विभव ने उनसे दुर्व्यवहार किया। केजरीवाल ने इस घटना का संज्ञान लिया है और कड़ी कार्रवाई करेंगे।

- केजरीवाल के निजी सहायक पर मालीवाल ने बदसलूकी करने का लगाया है आरोप

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि संजय सिंह का यह बयान कि पार्टी इस मामले में कार्रवाई करेगी, काफी शर्मनाक है। किसी महिला के खिलाफ हिंसा के बाद तुरंत गिरफ्तारी होनी चाहिए थी।

मालीवाल की सुरक्षा को लेकर आयोग चिंतित : रेखा शर्मा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने आप राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैं स्वाति मालीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हूं, उन पर ऐसा कौन सा दबाव है कि वह आगे आकर पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करा पा रही हैं। साहसी बनिये स्वाति, बोलिए।

मुंबई में होर्डिंग गिरने से मरने वालों की संख्या हुई 14

मुंबई, एजेंसी

- घाटकोपर के एक पेट्रोल पंप पर गिर गई थी 100 फुट लबी होर्डिंग
- मृतकों के परिवार को दिया जाएगा पांच -पांच लाख रुपये मुआवजा

मुंबई के घाटकोपर इलाके में होर्डिंग गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है, जबकि 74 लोग घायल हैं। नगर निगम अधिकारियों ने मंगलवार सुबह यह जानकारी दी।

सोमवार को मुंबई में आई धूल भरी आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान घाटकोपर के एक पेट्रोल पंप पर 100 फुट लंबी अवैध होर्डिंग गिर गई थी। मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार सुबह छेड़ा नगर स्थित पेट्रोल पंप पर तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों में से 31 लोगों को राजावाड़ी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने मुंबई दमकल विभाग और अन्य एजेंसियों के साथ चलाए जा रहे बचाव अभियान के लिए दो टीम तैनात की हैं।

जीआरपी की जमीन से होर्डिंग हटाएगी बीएमसी

मुंबई। बीएमसी मुंबई के पूर्वी हिस्से छेड़ा नगर में हुए हादसे के बाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की जमीन पर लगे बाकी होर्डिंग मंगलवार को हटाना शुरू कर देगी। एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय निकाय ने जीआरपी की जमीन पर लगे बाकी होर्डिंग को हटाने की योजना तैयार की है। इससे पहले बीएमसी ने कहा था कि उसने पेट्रोल पंप पर होर्डिंग लगाने के लिए मैसर्स एगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किया है।

मुख्यमंत्री शिंदे ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर ने कहा है कि होर्डिंग गिरने की घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार रात घटनास्थल का दौरा किया और शहर में लगे सभी होर्डिंग का ऑडिट कराने का आदेश दिया। उन्होंने कहा, अवैध और खतरनाक होर्डिंग को तत्काल हटाया जाएगा। शिंदे ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। सरकार इसकी जांच कराएगी और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा।

साइबर अपराध करने वालों की तुरंत करें शिकायत

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने की दी सलाह

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन एजेंसियों के नाम पर लोगों को धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले साइबर अपराधियों की जालसाजी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने तथा इसकी शिकायत तत्काल साइबर अपराध हेल्पलाइन पर करने की सलाह दी है।

मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के नाम पर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट जैसी वारदातों को अंजाम देने के संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। सरकार की ओर से नागरिकों को इस प्रकार की जालसाज़ी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने की सलाह दी जाती है। ऐसी कॉल आने पर नागरिकों को तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम डॉट गो व डॉट इन पर सहायता के लिए इसे रिपोर्ट करना चाहिए।

टीएमसी विधायक से धक्का मुक्की में चार महिलाओं की गिरफ्तारी के बाद संदेशखालि में प्रदर्शन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में लोगों ने स्थानीय विधायक समेत टीएमसी नेताओं से कथित तौर पर धक्का-मुक्की करने के आरोप में चार महिलाओं की गिरफ्तारी पर आपत्ति जताते हुए मंगलवार को बागडीपाड़ा इलाके में प्रदर्शन किया। महिलाओं ने दावा किया कि उन्होंने हाथों में लाठियां लेकर रात भर पहरेदारी की। संदेशखालि में लोगों के समूह ने सोमवार को बरहमाजूर इलाके में टायरों में आग लगाकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने भाजपा के नेताओं की छवि खराब करने के लिए प्रसारित किए कथित वीडियो के खिलाफ भी प्रदर्शन किया। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं को सोमवार को अदालत ने चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संदेशखालि में कथित वीडियो के खिलाफ रविवार को प्रदर्शन किया और यौगलत सूचना फैलाने के लिए टीएमसी के स्थानीय विधायक सुकुमार महता का घेराव किया।

- बरहमाजूर इलाके में सड़क पर टायर डालकर लगाई आग

एचडी रेवन्ना यौन शोषण से जुड़े अपहरण मामले में जेल से हुए रिहा

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु की विशेष अदालत ने अश्लील वीडियो कांड से जुड़े हाई-प्रोफाइल अपहरण मामले में फंसे होलेनारासीपुरा से जनता दल (एस) विधायक एचडी रेवन्ना को सोमवार को सशर्त जमानत पर रिहा करने के आदेश के बाद मंगलवार को उन्हें परप्पाना अग्रहारा जेल से सशर्त रिहा कर दिया गया। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट के दिए शर्त के अनुसार वह देश से बाहर नहीं जा सकते और पीड़ितों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं कर सकते। बचाव पक्ष ने अदालत में तर्क दिया कि अपहृत महिला ने पुलिस या मजिस्ट्रेट को दिए बयानों में रेवन्ना का उल्लेख नहीं किया था।

आंबेडकर, भगत सिंह के नामों के दुरुपयोग वाली याचिका नामंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध वाली अर्जी पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

उच्चतम न्यायालय ने व्यक्तिगत फायदे के लिए स्वतंत्रता सेनानियों के नामों का दुरुपयोग रोकने के लिए केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर विचार करने से मंगलवार को इनकार कर दिया।

विनय पाठक नाम के व्यक्ति ने जनहित याचिका दायर करते हुए कहा था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल अधिकार को विस्तारित कर किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय प्रतीकों या स्वतंत्रता संघर्ष के नायकों की तस्वीरों एवं नामों का दुरुपयोग अपने फायदे के लिए नहीं करने देना चाहिए। याचिका में आरोप लगाया गया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा अपने संबोधन के दौरान पृष्ठभूमि में स्वतंत्रता सेनानी डॉ. भीमराव आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पूछा कि यह न्यायालय एक राजनीतिक अखाड़ा क्यों बन गया है। पीठ ने कहा कि याचिका में चुनिंदा तरीके से किसी को निशाना बनाया जा रहा है। न्यायालय की अनिच्छा को भांपकर याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका वापस ले ली।

चुनावी बॉण्डः जांच की याचिका को सूचीबद्ध करने का अनुरोध

नई दिल्ली। दो गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने उच्चतम न्यायालय से चुनावी बॉण्ड को लेकर जांच कराने संबंधी जनहित याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने का मंगलवार को अनुरोध किया। याचिका में चुनावी बॉण्ड योजना में राजनीतिक दलों, कॉरपोरेट समूहों और जांच एजेंसियों के अधिकारियों से जुड़े बदले में लाभ पहुंचाने के कथित मामलों की एसआईटी द्वारा अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता प्रशांत भूषण की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि याचिका को सुनवाई के लिए जल्द से जल्द सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति खन्ना ने भूषण से कहा, यह प्रधान न्यायाधीश के कार्यालय के विचारार्थ है। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को केंद्र सरकार द्वारा लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया थ।

आज का मुकाबला

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
पंजाब किंग्स
शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
हर्षल पटेल (पंजाब)	12	20
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	12	18

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	13	661
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	13	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

लक्ष्मण सर्वश्रेष्ठ विकल्प, लैंगर और गंभीर भी दौड़ में

कोच की खोज

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर पद के लिये दोबारा आवेदन नहीं करते हैं तो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख और भारत के पूर्व महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस पद पर उनकी जगह लेने के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टेस्ट और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिये अलग अलग कोच रखने की संभावना से इनकार कर दिया है लिहाजा एक ही कोच की तलाश होगी। द्रविड़ का करार टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो जायेगा लेकिन उनके पास दोबारा आवेदन करने का अधिकार होगा। बीसीसीआई ने 27 मई तक आवेदन मांग हैं।

वीवीएस लक्ष्मण

जस्टिन लैंगर


गौतम गंभीर

वीवीएस लक्ष्मण : अगर वह आवेदन करते हैं तो वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे । 49 वर्ष के लक्ष्मण तीन साल से एनसीए के प्रमुख हैं और भारतीय क्रिकेटरों की अगली नस्ल को बखूबी जानते हैं । उनके कोच रहते भारत ने एशियाई खेल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला और इंग्लैंड, न्यूजीलैंड तथा आयरलैंड में श्रृंखलाएं खेली है।

गौतम गंभीर : पिछले दस साल में शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेल चुके गंभीर को हर प्रारूप की समझ है। उनके तकनीकी कौशल को नकारा नहीं जा सकता है। केकेआर के कप्तान के तौर पर दो आईपीएल खिताब के अलावा लखनऊ सुपर जाइंट्स को पहले दोनों साल में प्लेआफ तक ले जाने का श्रेय उन्हें हासिल है। उनके जैसा स्वाभिमानी व्यक्ति स्वयं इस पद के लिये आवेदन करता है या नहीं। विराट कोहली का अगले तीन साल तक तो खेलना तय लग रहा है और ऐसे में उनके आपसी रिश्ते जगजाहिर हैं तो यह कठिन सफर हो सकता है। वैसे गंभीर और मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा की अच्छी पटती है।

जस्टिन लैंगर : एशेज और टी20 विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई कोच लैंगर अच्छे रणनीतिकार और अनुशासन के मामले में सख्त हैं। उन्होंने कहा वह भारत का कोच बनने की संभावना पर विचार कर सकते हैं लेकिन यह मानसिक रूप से काफी दबाव वाला काम है।

पराग के घरेलू मैदान पर प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित करेंगे रॉयल्स

गुवाहाटी, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को यहां जब नॉकआउट में अपनी जगह सुनिश्चित करने उतरेगी तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सबसे प्रभावी क्रिकेट प्रतिभाओं में शामिल रियान पराग को अपने घरेलू प्रशंसकों से भव्य स्वागत की उम्मीद होगी।

दस टीम की तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद रॉयल्स को अंतिम चार में जगह पक्की करने के लिए गुवाहाटी में अपने अगले दो 'घरेलू' मैचों में से एक में जीत सुनिश्चित करने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों से गुवाहाटी रॉयल्स का दूसरा घरेलू मैदान रहा है और पराग की क्षमताओं पर छह साल तक निवेश को देखते हुए यह फ्रेंचाइजी का एक रणनीतिक कदम था। पराग के लिए इस साल घर वापसी खास है क्योंकि सलामी बल्लेबाज नहीं होने के बावजूद उन्होंने 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन ने पराग को अगली टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का दावेदार बना दिया है जहां उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है।

दिल्ली ने लखनऊ को दिया 209 रन का लक्ष्य

अभिषेक और स्टब्स ने जड़े तेज तर्रार अर्धशतक, पंत ने खेली 33 रन की पारी, नवीन को मिले दो विकेट

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद (57) और अभिषेक पोरेल (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 64वें मैच लखनऊ सुपर जायंट्स को दिया 209 रनों का लक्ष्य दिया।

अरुण जेटली स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में जेक फ्रेजर मक्गर्क (शून्य) का विकेट गवां दिया। अशरद खान ने जेक फ्रेजर को नवीन उल हक के हाथों कैच आउट कराकर लखनऊ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद अभिषेक पोरेल और शे होप ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 92 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में रवि बिश्नोई ने शे होप को केएल राहुल के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेज दिया। होप ने 27 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (38) रन बनाए। 12वें ओवर की पहली गेंद पर नवीन उल हक ने अभिषेक पोरेल को आउटकर लखनऊ को तीसरी सफलता दिलाई। पोरेल ने 33 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए 58 रनों की पारी खेली।

17वें ओवर में कप्तान रिषभ पंत 23 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। नवीन उल हक की गेंद पर पंत का कैच हुड्डा ने ब्राउड्री पर पकड़ा। ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद (57) रनों की पारी खेली। अक्षर पटेल 14 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 208 का स्कोर खड़ा किया। लखनऊ की ओर से नवीन उल हक को दो विकेट मिले। अशरद खान और रवि बिश्नोई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

शाही होप का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते रवि बिश्नोई। ● एजेंसी

92 रन की साझेदारी दूसरे विकेट के लिए अभिषेक पोरेल और शाही होप ने की

57 रन की नाबाद पारी खेल कर ट्रिस्टन स्टब्स ने दिल्ली को पहुंचाया 200 के पार

दिल्ली 208/4 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
जैक मैकगुर्क कैच नवीन बो अरशद खान	0	2	0/0
अभिषेक पोरेल कैच पूरन बो नवीन	58	33	5/4
शाही होप कैच राहुल बो रवि बिश्नोई	38	27	3/2
ऋषभ पंत कैच दीपक हुड्डा बो नवीन	33	23	5/0
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	57	25	3/4
अक्षर पटेल नाबाद	14	10	2/0

गेंदबाजी : अरशद 3-0-45-1, मोहसिन 4-0-29-0, नवीन 4-0-51-2, रवि बिश्नोई 4-0-26-1, कुणाल 2-0-20-0, दीपक 1-0-9-0, युद्धवीर 2-0-28-0

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रद	रन रेट
कोलकाता (क्वा)	13	9	3	19	1	+1.428
राजस्थान	12	8	4	16	0	+0.349
चेन्नई	13	7	6	14	0	+0.528
हैदराबाद	12	7	5	14	0	+0.406
बेंगलुरु	13	6	7	12	0	+0.387
दिल्ली	13	6	7	12	0	-0.482
लखनऊ	12	6	6	12	0	-0.769
गुजरात (बा)	13	5	7	11	1	-1.063
मुंबई (बा)	13	4	9	8	0	-0.271
पंजाब (बा)	12	4	8	8	0	-0.423

खेल डायरी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम प्रो लीग के लिए यूरोप रवाना

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम यूरोप में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए मंगलवार सुबह एंटवर्प, बेल्जियम के लिए रवाना हो गई। भारत वर्तमान में शीर्ष स्तर पर नीदरलैंड्स और ऑस्ट्रिलया के बाद पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के तहत बेल्जियम चरण 22 मई को शुरू होगा और 30 मई को समाप्त होगा जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और 12 जून को समाप्त होगा। भारत दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा। भारतीय टीम का 22 से 26 मई के बीच एंटवर्प में मेजबान बेल्जियम ओर अर्जेंटीना के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी। लंदन में एक से नौ जून तक जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।

मनिका करियर की सर्वश्रेष्ठ 24वीं विश्व रैंकिंग पर

नई दिल्ली। शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गईं और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं। टूर्नामेंट से पहले 39वें स्थान पर काबिज 28 वर्षीय खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनिका ने जेद्दा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अपने इस प्रदर्शन से 15 स्थान की लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। मनिका ने सऊदी स्मैश में अंतिम आठ के सफर के दौरान कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की वैंग मान्यु (दूसरी वरीयता प्राप्त) को हराकर उलटफेर किया था।

तोक्यो में खेलकर खुशी थी पर पेरिस में अधिक एकाग्र रहूंगी : दीक्षा

नई दिल्ली। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने जब तोक्यो खेलों में ओलंपिक में पदार्पण किया था तो वह वहां प्रतिस्पर्धा करके ही खुश थीं लेकिन तब से वह अधिक संतुलित और स्थिर हो गई हैं और बधिर ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता आगामी पेरिस खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक है। पिछले हफ्ते 100 लेडीज यूरोपीई टूर स्पर्धाओं में भाग लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनीं 24 वर्षीय दीक्षा जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक से पहले यूरोप में कई टूर्नामेंट खेलेंगी। इस सप्ताह बर्लिन में अमुंडी जर्मन मास्टर्स से शुरूआत करने वाली दीक्षा ओलंपिक की तैयारी के लिए कम से कम नौ टूर्नामेंट खेलेंगी और लगभग सभी टूर्नामेंट यूरोप में होंगे।

मनु और विजयवीर 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक ट्रायल के फाइनल में

भोपाल। ओलंपियन मनु भाकर और पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता विजयवीर सिद्धू ने चौथे और आखिरी ओलंपिक चयन ट्रायल में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा जीत ली। मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी में मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला 42 स्कोर किया। विजयवीर ने पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल ओएसटी टी4 में फाइनल में 34 स्कोर किया। अभिद्या पाटिल (35) दूसरे और सिमरनप्रीत कौर बरार (30) तीसरे स्थान पर रही। ईशा सिंह और रिदम सांगवान चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरूषों की रैपिड फायर स्पर्धा में विजयवीर ने पांच शॉट की दूसरी श्रृंखला के बाद बढत बना ली।

गौरव सेमीफाइनल में, शिवा एलोरडा कप से बाहर

अस्ताना (कजाखस्तान)। भारत के गौरव चौहान एलोरडा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में मंगलवार को पुरूषों के 92 प्लस किलो सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि शिवा थापा पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। गौरव ने स्थानीय मुक्केबाज डेनियल सापारबे को 3-2 से हराया। वहीं छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63.5 किलोवर्ग में 4-1 से मात दी। संजय (80 किलो) भी एशियाई खेलों के चैंपियन चीन के टी टांगलाटिहान से 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

क्वार्टर फाइनल में इगा का मुकाबला कीज से

रोम, एजेंसी

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सोमवार को यहां एंजेलिक कर्बर को हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्वियातेक ने कर्बर को 7-5, 6-3 से शिकस्त के साथ बाहर का रास्ता दिखाया। पिछले हफ्ते मैड्रिड में खिताब जीतने वाली स्वियातेक की यह लगातार नौवीं जीत है।

रोम में दो बार की चैंपियन स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की मेडिसन कीज से भिड़ेंगी। जिन्होंने सोरेना क्रिस्टिया को सीधे सेट में हराया। मैच के दौरान पर्यावरण के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन भी देखने को मिला। पोलैंड की स्वियातेक 2013 में सेरेना विलियम्स के बाद मैड्रिड और रोम में लगातार खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। अमेरिका की कोको गॉफ और हमवतन डेनियले कोलिन्स ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई। गॉफ ने पॉला बेडोसा को हराया जबकि कोलिन्स ने ईरीना कामेलिया बेगु को शिकस्त दी।



बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में

रोम। रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की युगल जोड़ी माटेओ अर्नाल्डी और फ्रांसेस्को पासारो की जोड़ी को हराकर इटालियन ओपन 2024 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी की क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत दर्ज है। उन्होंने 52 मिनट तक चले मुकाबले में अर्नाल्डी और पासारो की जोडी को 6-2, 6-2 से हराया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का मुकाबला सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी से होगा। बोलेली और वावसोरी ने की जोड़ी क्रिस्टोफर यूबैंक्स और जॉन पीयर्स को हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंची है।

अच्छा है इंपेक्ट प्लेयर नियम : शास्त्री

चेन्नई, एजेंसी

मौजूदा आईपीएल में 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम की भले ही तीखी आलोचना हो रही हो लेकिन भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इसका समर्थन करते हुए कहा है कि इससे करीबी मुकाबले देखने को मिलते हैं। पिछले सत्र में प्रतियोगिता में लागू किया गया नियम इस सत्र में बहस का विषय रहा है। कुछ विशेषज्ञों और वर्तमान खिलाड़ियों का कहना है कि यह ऑलराउंडरों की भूमिका को खत्म कर रहा है।

शास्त्री ने कहा जब कोई नया नियम आता है तो ऐसे लोग होंगे जो यह बताने की कोशिश करेंगे कि यह सही क्यों नहीं है, लेकिन समय के साथ, जब आप स्कोर देखते हैं- 200 और 190 रन- और फिर कुछ खिलाड़ियों ने उस अवसर का अधिकतम लाभ उठाया, तो लोग इसके बारे में अपनी सोच पर फिर विचार करने लगेंगे। शास्त्री ने नियम का समर्थन करते हुए कहा कि खेल को समय के साथ विकसित होना होगा। उन्होंने कहा इंपेक्ट प्लेयर (नियम) अच्छा है। आपको समय के साथ विकसित होना होगा।

इंपेक्ट प्लेयर नियम हटने से बड़े स्कोर नहीं बनेंगे : पोंटिंग

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम खत्म होने के बाद भी आईपीएल मुकाबलों में बड़े स्कोर बनते रहेंगे। इंपेक्ट प्लेयर नियम टीमों को मैच के दौरान किसी भी समय टॉस के दौरान घोषित मूल एकादश में से किसी एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। जैसे कि रोहित शर्मा ने इसे ऑलराउंडर के लिए नुकसानदायक बताया है क्योंकि उन्हें गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिलता जबकि गांगुली जैसे कुछ अन्य इसे अच्छा बता रहे हैं।

चैंपियंस लीग के करीब पहुंची एस्टन विला

बर्मिंघम, एजेंसी

स्थानापन्न खिलाड़ी जॉन डुरेन के अंतिम पांच मिनट में दागे दो गोल की मदद से एस्टन विला ने सोमवार को यहां लीवरपूल को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया और टीम चैंपियंस लीग में जगह बनाने के करीब पहुंच गई।

एस्टन विला की टीम अगर जीत दर्ज करती तो उसका इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष चार में रहते हुए 1983 के बाद पहली बार यूरोपीय कप के लिए क्वालीफाई करना तय हो जाता। एस्टन विला की टीम दूसरे ही मिनट में पिछड़ गई जब गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने आत्मघाती गोल दागा। योरी टिलेमैन्स ने जल्द ही स्कोर 1-1 कर दिया। लीवरपूल ने हालांकि कोडी गेप्को और जेरेल क्वानशा के गोल से 3-1 की बढ़त बनाई। लीवरपूल की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन मैदान पर उतरे डुरेन ने 85वें और 88वें मिनट में गोल दागकर एस्टन विला के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। एस्टन विला की टीम अभी पांचवें स्थान पर चल रहे टोटेनहैम से पांच अंक आगे है। विला को अभी एक जबकि टोटेनहैम को दो मैच खेलने हैं। लीग की शीर्ष चार टीम चैंपियन्स लीग में जगह बनाती हैं। लीवरपूल की टीम एस्टन विला से 14 अंक आगे तीसरे स्थान पर है।

गोल के बाद खुशी मनाते एस्टन विला के खिलाड़ी।

रियल सोसीदाद को हराकर बार्सीलोना दूसरे स्थान पर पहुंचा

बार्सीलोना। बार्सीलोना स्पेनिश लीग में सोमवार को यहां रियल सोसीदाद पर 2-0 की जीत के साथ गिरोना को पछाड़कर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। पहले हाफ में सोसीदाद के शेराल्डो बैकर के गोल को ऑफ साइड करार दिया गया। बार्सीलोन के राफिन्हा का शॉट 38वें मिनट में गोल पोस्ट से टकरा गया जिसके दो मिनट बाद लेमिन यमाल ने टीम को बढ़त दिलाई। राफिन्हा ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके बार्सीलोना की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना की टीम 35 मैच में 76 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। गिरोना के इतने ही मैचों में 75 अंक हैं।

गोल्डन बॉल ट्रॉफी चोरी, नीलामी रोकना चाहते हैं उत्तराधिकारी

पेरिस। महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के उत्तराधिकारी उस ट्रॉफी की नीलामी को रोकने की कोशिश करने के लिए मुकदमा दायर करेंगे जो उन्हें 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की खिताबी जीत के बाद दी गई थी। उनके वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। यह ट्रॉफी दशकों से गायब थी और हाल ही में दोबारा सामने आई। अगुटेस ऑक्शन हाउस ने पिछले हफ्ते कहा था कि अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया था। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद हैंड ऑफ गॉड गोल और सदी का सर्वश्रेष्ठ गोल किया था। माराडोना के उत्तराधिकारियों का कहना है कि ट्रॉफी चोरी हो गई थी और मौजूदा मालिक इसे बेचने का हकदार नहीं हो सकता। पैराडॉक्स लॉयर्स फर्म के साथ काम करने वाले वकील जाइल्स मोरू ने कहा कि वह गोल्डन बॉल को नीलामी से हटाने के लिए पेरिस के पास नैनटेरे न्यायिक अदालत के अध्यक्ष से तत्काल अनुरोध करेंगे।

बॉलीवुड हलचल

कान्स में जलवा बिखेरेंगी ऐश्वर्या और अदिति

मुंबई। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी, कान्स फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेती नजर आएंगी। 14 से 25 मई तक फ्रांस के कांस शहर में 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस साल फेस्टिवल के प्रतिष्ठित (पाल्मे डी''ओर) कैटेगरी में इंडियन फिल्ममेकर पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमैजिन एज लाइट' प्रदर्शित की जाएगी। कान्स फिल्म फेस्टिवल का एक्सक्लूसिव कंटेंट फ्रांस में फ्रांस टेलीविजन पर मौजूद होगा। फेस्टिवल के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी इसकी लाइव स्ट्रीमिंग होगी, जहां पर आप इस फेस्टिवल को देख सकेंगे। इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल की थीम है- मेनी वेज टू बी एन आइकन। इसका मतलब है, एक आइकन बनने के कई तरीके। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरेंगी। इससे पहले ऐश्वर्या राय कान्स फिल्म फेस्टिवल में जूरी मेंबर भी शामिल हो चुकी हैं।कांस के रेड कारपेट को फैशन वर्ल्ड में काफी अहम माना जाता है। यहां वॉक करने वाले सेलेब्स फिल्मों के प्रमोशन के साथ नए डिजाइनर्स के आउटफिट्स भी शोकेस करते हैं। इसके साथ ही फ्रांस को भी अपनी संस्कृति को पेश करने का मौका मिलता है। ऐश्वर्या राय बच्चन वर्ष 2002 से अब तक तकरीबन हर साल कांस में शामिल होती आई हैं।

ड्यून प्रोफेसी में काम करेंगी तब्बू

मुंबई। बॉलीवुड की अभिनेत्री तब्बू अमेरिकन सीरीज ड्यून : प्रोफेसी में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि लाइफ ऑफ पाई और द नेमसेक जैसी इंग्लिश फिल्मों में काम करने के बाद तब्बू अब अमेरिकी टीवी की दुनिया में अपना डेब्यू करने जा रहीं हैं। तब्बू को पॉपुलर अमेरिकन फिक्शन सीरीज ड्यून : प्रोफेसी में एक बड़ी भूमिका मिली है। कहा जा रहा है कि तब्बू इस सीरीज में सिस्टर फ्रांसेस्का की भूमिका निभाती नजर आएंगी। सीरीज का पहला भाग 2019 में आया था, जिसका टाइटल था ड्यून : द सिस्टरहुड। प्रीक्वल सीरीज ड्यून : प्रोफेसी ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन द्वारा लिखित नॉवेल सिस्टरहुड ऑफ ड्यूनसे प्रेरित है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

जागरूकता रैली

बीएसएफ के जवानों ने युवाओं के साथ उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज के पास भारत-बांग्लादेश सीमा पर जल संरक्षण, शिक्षा और स्वच्छ पर्यावरण के लिए साइकिल रैली निकाली। ● एजेंसी

मुंबई में इंजीनियर से 3.7 करोड़ की ठगी

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ शेयर बाजार में बड़ा मुनाफा कमाने का झांसा देकर इंजीनियर से 3.7 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। मंगलवार को एक अधिकारी ने जानकारी दी।

एक निजी कंपनी में कार्यरत वाशी के रहने वाले 43 वर्षीय इंजीनियर ने 17 फरवरी 2024 को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर में निवेश करने संबंधी लिंक देखा था। नवी मुंबई साइबर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक ने बताया कि इंजीनियर ने लिंक पर क्लिक किया और शेयर में निवेश करने से अच्छा लाभ कमाने की जानकारी प्राप्त की। लिंक पर संपर्क करने के लिए मोबाईल नंबर भी दिया गया था। बाद में, पीड़ित ने ठगी करने वालों में से एक के साथ व्हाट्सएप पर चैट करना शुरू कर दिया था।

दिल को दुरुस्त रखने में मददगार डार्क चॉकलेट, इसके हैं कई हेल्थ बेनिफिट्स

चॉकलेट का सेवन हर बार नुकसानदेह नहीं, बल्कि कई बार फायदेमंद भी हो सकता है, जैसे कि प्योर डार्क चॉकलेट का सेवन। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपको कई हार्ट प्रॉब्लम से बचा सकते हैं। लोग अक्सर चॉकलेट को हेल्थ के लिए खराब मानते हैं, क्योंकि इसमें हाई कैलोरी, शुगर और फैट्स हैं, जो वजन बढ़ाने से लेकर डायबिटीज के खतरे तक को बढ़ाता है। लेकिन प्योर डार्क चॉकलेट खाना आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, खासतौर पर हार्ट से बचाता है। नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ के अनुसार कोकोआ से बने डार्क चॉकलेट को कम मात्रा में खाने से आपको एंटीऑक्सीडेंट और खनिज भी मिल जाते हैं और हार्ट डिजीज से बचने में मदद मिलती है। लेकिन इसका फायदा आपको तभी होगा जब आप बिना शुगर वाली डार्क चॉकलेट का सेवन करें। यहां डार्क चॉकलेट मिलने वाले फ़ायदों के बारे में जानते हैं।

हृदय रोग के जोखिम को कम कर सकता है

सप्ताह में 3 बार कम मात्रा में चॉकलेट खाने से हृदय रोग का खतरा 9 प्रतिशत तक कम होता। डार्क चॉकलेट में मौजूद यौगिक एलडीएल के ऑक्सीकरण के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने के साथ कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करता, जिससे ब्लॉकेज सहित कई गंभीर हार्ट डिजीज का खतरा कम हो जाता है।

थकावट दूर होती है

अगर आप बहुत जल्दी थक जाते हैं। तो अपने खाने में चॉकलेट को शामिल करें, इससे थकावट दूर होती है और सांस लेने की तकलीफ में आराम मिलता है।

धमनियां रहती हैं स्वस्थ

डार्क चॉकलेट में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट रक्त संचार को बढ़ाने के साथ व्हाइट ब्लड सेल्स को ब्लड वेसल्स की दीवारों से चिपकने से रोकती है। इससे आर्टीज में कोलेस्ट्रॉल जम नहीं पाता है और अटैक का रिस्क भी कम होता है।

बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करती है

डार्क चॉकलेट में 70% कोकोआ होता है, जो एंटीऑक्सीडेंट्स का बहुत अच्छा स्रोत होता है। कई पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जैसे कि पॉलीफेनोल्स, फ़्लैवेनॉल्स और कैटेचिन आदि। डार्क चॉकलेट में मौजूद पॉलीफेनोल्स एलडीएल यानी कि बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करती है।

ब्लड प्रेशर होता है कंट्रोल

कोकोआ में बायोएक्टिव कंपाउंड धमनियों में रक्त के प्रवाह में सुधार कर सकते हैं और रक्तचाप को भी कंट्रोल करता है। फ्लावोनॉल्स एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है इस तरह से हाई ब्लड प्रेशर के रिस्क को कम कर के हार्ट अटैक का खतरा भी कम होता है।

एक नजर

अफगानिस्तान में बाढ़ से करीब 40 हजार बच्चे बेघर

काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान के बगलान प्रांत और अन्य क्षेत्रों में शुक्रवार को आयी मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ आने से करीब 40 हजार बच्चे बेघर हो गये। ग्लोबल चैरिटी सेव द चिल्ड्रन ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में चैरिटी के कंट्री डायरेक्टर अरशद मलिक ने कहा बच्चे सहमे हुये हैं, कई ने अपना सब कुछ खो दिया है। न केवल उनका घर और स्कूल परिसर क्षतिग्रस्त हुआ, बल्कि वो भी जगह नष्ट हो गयी जहां वे खेलते थे। उन्होंने अपने आसपास उन सभी को भी खो दिया है, जिनसे वे परिचित थे। अब उनकी दिनचर्या पहले जैसी नहीं रही।

मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन का सह-अध्यक्ष पद छोड़ेगीं

न्यूयॉर्क। मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। उन्होंने और उनके पूर्व पति बिल गेट्स ने इस गैर-लाभकारी संस्था की स्थापना की थी और उसे पिछले 20 वर्षों में दुनिया के सबसे बड़े परोपकारी संगठनों में से एक बनाया। मेलिंडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा गहन चिंतन और विचार के बाद मैंने बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका से इस्तीफा देने का फैसला किया है, फाउंडेशन में मेरा आखिरी दिन सात जून होगा।

ड्यून प्रोफेसी का हिस्सा बनीं अभिनेत्री तब्बू

लॉस एंजिलिस। अभिनेत्री तब्बू निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे की लोकप्रिय सीरीज ड्यून प्रोफेसी में अभिनय करेंगी। वेरायटी की खबर के मुताबिक तब्बू सिस्टर फ्रांसेस्का की भूमिका में नजर आएंगी। यह किरदार बेहद बुद्धिमान, तेज-तर्रार, खूबसूरत और साहसी सिस्टर का है। ड्यून : प्रोफेसी ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के उपन्यास सिस्टरहुड ऑफ ड्यून पर आधारित है। पहले इसका शीर्षक ड्यून : द सिस्टरहुड था। निर्माताओं ने अभी तक ड्यून : प्रोफेसी के प्रीमियर की तारीख की घोषणा नहीं की है।

ब्रिटेन को लेजर हथियारों से युक्त छह नए जहाज मिलेंगे

लंदन। ब्रिटेन की नौसेना को छह नए मल्टी-रोल सपोर्ट जहाज (एमआरएसएस) मिलेंगे। यह जहाज ड्रोन लॉन्च करने में सक्षम और ड्रैगनफायर लेजर से लैस होंगे। द टेलीग्राफ अखबार ने ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स के हवाले से खबर दी है। रिपोर्ट में सोमवार को कहा गया कि नए जहाजों का निर्माण शुरू हो गया है। इन जहाजों में हेलीकॉप्टरों के लिए एक हैंगर भी होगा।

चाबहार पोर्ट डील पर बौखलाया अमेरिका, दे दी भारत को चेतावनी

कहा- भारत विदेश नीतियों पर खुद फैसला करे, ईरान से व्यापार बढ़ाया तो बैन का खतरा

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत-ईरान के बीच चाबहार पोर्ट डील साइन होने के बाद अमेरिका ने वॉर्निंग दी है। अमेरिका ने कहा है कि ईरान से व्यापार करने की वजह से भारत पर पाबंदियों का खतरा रहेगा। दरअसल, अमेरिकी विदेश विभाग के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल से सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान चाबहार पोर्ट की डील पर सवाल किया गया।

इस पर जवाब देते हुए पटेल ने कहा हमें जानकारी मिली है कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विदेश नीतियों और दूसरे देशों के साथ अपने रिश्तों पर भारत खुद फैसले करेगा, लेकिन जो भी देश ईरान के साथ व्यापार में शामिल होगा, उस पर प्रतिबंध लगने का खतरा बना रहेगा।

भारत ने सोमवार को ईरान के चाबहार में शाहिद बेहेशती पोर्ट को 10 साल के लिए लीज पर लेने से जुड़ी डील की। इस समझौते के लिए भारत से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को ईरान भेजा गया था। भारत और ईरान दो दशक से चाबहार पर काम कर रहे हैं। अब पोर्ट का पूरा मैनेजमेंट भारत के पास होगा। पोर्ट के जरिए अफगानिस्तान व सेंट्रल एशिया से व्यापार का नया रूट मिल जाएगा। इससे पाकिस्तान की जरूरत भी खत्म हो जाएगी। यह पोर्ट एक तरह से भारत और अफगानिस्तान को व्यापार के लिए ऑप्शनल रास्ता मुहैया कराएगा। भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड पोर्ट में 120 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी।

इसलिए चाबहार पोर्ट भारत के लिए जरूरी

भारत दुनियाभर में अपने व्यापार को बढ़ाना चाहता है। चाबहार पोर्ट इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। भारत इस पोर्ट की मदद से ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के साथ सीधे व्यापार कर सकता है। ईरान और भारत ने 2018 में चाबहार पोर्ट तैयार करने का समझौता किया था। पहले भारत से अफगानिस्तान कोई भी माल भेजने के लिए उसे पाकिस्तान से गुजरना होता था। हालांकि, दोनों देशों में सीमा विवाद के चलते भारत को पाकिस्तान के अलावा भी एक विकल्प की तलाश थी। चाबहार बंदरगाह के विकास के बाद से अफगानिस्तान माल भेजने का यह सबसे अच्छा रास्ता है। भारत अफगानिस्तान को गेंहू भी इस रास्ते से भेज रहा है। अफगानिस्तान के अलावा यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशियाई देशों के भी रास्ते खोलेगा। इन देशों से गैस और तेल भी इस पोर्ट के जरिए लाया जा सकता है। चाबहार को पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट की तुलना में भारत के रणनीतिक पोर्ट के तौर पर देखा जा रहा है। ग्वादर को बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट के तहत चीन विकसित कर रहा है। भारत इस पोर्ट के चीन और पाकिस्तान पर भी नजर रख पाएगा।

● भारत को 10 साल के लिए मिला चाबहार पोर्ट

ईरान पर अमेरिका ने लगा रखे है प्रतिबंध

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ईरान पर लगभग सभी व्यापार प्रतिबंध लगा चुका है। अमेरिकी सरकार ने देश में ईरान की सारी संपत्तियों को भी ब्लॉक कर रखा है। साथ ही अमेरिका ने सहयोगियों देशों को भी ईरान की सहायता करने और हथियार की ब्रिकी करने से रोक रखा है। अमेरिका ने ये पाबंदियां ईरान के परमाणु कार्यक्रम, मानवाधिकारों का उल्लंघन और आतंकी संगठनों को समर्थन देने की वजह से लगाई हैं। इसी के साथ ईरान वह देश है जिसपर अमेरिका ने सबसे ज्यादा प्रतिबंध लगाए हुए हैं। पिछले महीने ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन्स से हमला किया था, जिसके बाद अमेरिका ने उस पर नए सिरे से प्रतिबंध लगाए थे। अमेरिका ने ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स, ईरान रक्षा मंत्रालय और ईरानी शासन से जुड़ी मिसाइलें और ड्रोन प्रोडक्शन वाली कंपनीज पर कार्रवाई की थी।

संरा में फिलिस्तीन की सदस्यता का भारत ने किया समर्थन

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के अपने समर्थन को रेखांकित करते हुए कहा है कि सीधी एवं सार्थक बातचीत के जरिये हासिल द्विराष्ट्र समाधान ही अशांत क्षेत्र में टिकाऊ शांति लाएगा। भारत ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक मसौदा प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया था।

इस प्रस्ताव में कहा गया है कि फिलिस्तीन (पूर्ण सदस्यता पाने की) योग्यता रखता है और इसे संयुक्त राष्ट्र के पूर्ण सदस्य का दर्जा मिलना चाहिए तथा इस विषय पर सुरक्षा परिषद अनुकूल तरीके से पुनर्विचार करे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में सोमवार को कहा कि अपने पुराने रुख को बरकरार रखते हुए, हम संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता का समर्थन करते हैं और इसलिए हमने इस प्रस्ताव के समर्थन में वोट दिया है।

उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि फिलिस्तीन की अर्जी पर सुरक्षा परिषद आने वाले समय में पुनर्विचार करेगी और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना लिया जाएगा। शुक्रवार को एक आपात विशेष सत्र के लिए 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक हुई, जहां संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह के प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में नये सदस्य को शामिल करने को पिछले साल मई में यूएई ने पेश किया था।

यूएन में कार्यरत भारतीय सेना के पूर्व अफसर की गाजा में मौत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● संयुक्त राष्ट्र ने मामले की पूर्ण जांच कराने का आह्वान किया

गाजा के रफह शहर में हमले की चपेट में आने से संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाले सेवानिवृत्त भारतीय कर्नल की मौत हो गई। 7 अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय कर्मी की मौत का यह पहला मामला बताया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने मामले की पूर्ण जांच कराने का आह्वान किया है जबकि इजराइल ने अलग से हमले की जांच करने का आदेश दिया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को नई दिल्ली में बताया कि भारतीय सेना से 2022 में समय पूर्व सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्नल वैभव अनिल काले (46) दो महीने पहले संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) में सुरक्षा समन्वय अधिकारी नियुक्त किए गए थे। उन्होंने भारतीय सेना में 11 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में सेवाएं दी थीं। काले ने सेना की 11वीं जम्मू-कश्मीर राइफल्स में अपनी सेवाएं दी थीं। सोमवार की सुबह यूएनडीएसएस के अन्य कर्मचारियों के साथ वह संयुक्त राष्ट्र के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन अस्पताल जा रहे थे तभी हमले की चपेट में आ गए। इस हमले में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसकी पहचान नहीं हो सकी है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने जताया दुख : संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं सुरक्षा विभाग (डीएसएस) के एक कर्मचारी की मौत और एक अन्य डीएसएस कर्मचारी के घायल होने पर गहरा दुख जताया। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर सभी हमलों की निंदा की और जांच का आह्वान किया।

वैभव अनिल काले (फाईल फोटो)।

साढ़े चार लाख लोगों ने गाजा का राफा शहर छोड़ा

गाजा/तेल अवीव। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि तटीय पट्टी के दक्षिण में भारी लड़ाई से बचने की कोशिश में एक सप्ताह के भीतर लगभग 4,50,000 लोगों ने गाजा के राफा शहर को छोड़ दिया। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने एक्स पर लिखा राफा में सड़कें खाली हैं क्योंकि परिवार सुरक्षा की तलाश में पलायन कर रहे हैं।

यौन उत्पीड़न के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रोफेसर गिरफ्तार

कन्नूर (केरल)। केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक सहायक प्रोफसर को एक युवती का कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना जिले के एक मनोरंजन पार्क की है। कासरगोड में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंग्रेजी पढ़ाने वाले आरोपी इफ्तिकार अहमद बी को युवती की शिकायत के आधार पर सोमवार को यहां विस्मय मनोरंजन पार्क में रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि एक स्थानीय अदालत से रिमांड मिलने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। घटना उस समय हुई, जब 22 वर्षीय शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्य मनोरंजन पार्क के वेव पूल में समय बिता रहे थे।

पीओके में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में तीन की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

● मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ हुई झड़प

पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ झड़प के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई व छह घायल हो गए।

मंगलवार को मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। पीओके में गेहूं के आटे की ऊंची कीमतों और बिजली के बढ़े हुए दामों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, विवादित क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए गए अर्धसैनिक रेंजर्स पर क्षेत्र से बाहर निकलते समय हमला हो गया।

केरल में एंबुलेंस में आग लगने से मरीज की जलकर मौत

कोझिकोड। केरल के कोझिकोड में मंगलवार तड़के एक सड़क हादसे में एंबुलेंस में आग लगने से मरीज की जलकर मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार आज तड़के तीन बजे एंबुलेंस के बिजली के खंभे से टकराने से उसमें आग लग गई। जिससे एक महिला मरीज की जलकर मौत हो गयी।

उसे तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी इसलिए उसे उलियारी के मालाबार मेडिकल कॉलेज अस्पताल से सुलोचना को एस्टर एमआईएमएस अस्पताल ले जाया जा रहा था। रिपोर्ट के अनुसार चालाक ने नियंत्रण खो दिया जिससे एंबुलेंस बिजली के खंभे से टकरा गयी और फिर पास की एक इमारत में जा घुसी।

व्हाइट हाउस में गोलगप्पे की धूम

वाशिंगटन, एजेंसी

● व्हाइट हाउस के आयोजनों में लगातार शामिल किया जा रहा है भारतीय लोकप्रिय व्यंजन

व्हाइट हाउस में आयोजित होने वाले समारोहों के मेन्यू में भारत का लोकप्रिय स्ट्रीट फूड गोलगप्पा लगातार जगह पा रहा है। पिछले साल भी कई मौकों पर इसे मेन्यू में शामिल किया गया था।

सोमवार को विरासत माह के जश्न के मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा रोज गार्डन में आयोजित किए गए समारोह में मेहमानों को गोलगप्पा भी खिलाया गया। इस समारोह में कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति समेत कई एशियाई अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी लोगों ने शिरकत की। अभी तक व्हाइट हाउस के लिए समारोहों के मेन्यू में समोसा ही देखने को मिलता था लेकिन अब गोलगप्पे को भी कई मौकों पर मेन्यू में शामिल किया जा रहा है।

व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में आयोजित समारोह में भाग लेने के बाद समुदाय के नेता अजय जैन भुटोरिया ने बताया कि पिछले साल जब मैं यहां आया था तो उस समय भी गोलगप्पा/पानीपूरी मेन्यू में शामिल था। इस साल भी मैं उसका स्वाद चखने को उत्सुक था और तभी अचानक एक वेटर पानीपूरी/गोलगप्पा लेकर आया।

सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा से गूंजा व्हाइट हाउस

वाशिंगटन। अमेरिका के व्हाइट हाउस में वार्षिक एशियाई अमेरिकी, नेटिव हवाई और पेसिफिक आइलेंडर (एएएनएचपीआई) विरासत माह का जश्न मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन, उप राष्ट्रपति कमला हैरिस समेत कई एशियाई और अमेरिकी वहां मौजूद थे। व्हाइट हाउस में इस खास उपलक्ष्य पर मरीन बैंड ने सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत की धुन बजाई गई। सोमवार को व्हाइट हाउस में मौजूद भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने इस देशभक्ति गीत की धुन को दो बार बजाया।

खगोल विज्ञान | कम ही लोग जानते हैं उपग्रह आकाशगंगाओ के बारे में

व्यापक क्षेत्र में फैली हुई हैं उपग्रह आकाशगंगा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : आकाशगंगाओं से हर कोई परिचित है, लेकिन उपग्रह आकाशगंगाओं के बारे में कम ही लोग जानते हैं। जिनका अस्तित्व अब तक सीमित माना जाता है, लेकिन हाल की खोज बताती है कि इनकी संख्या अपेक्षा से कहीं अधिक है।

जापान की राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है और इनकी वास्तविकता का पता लगाया है। उपग्रह आकाशगंगाओं की अपनी अलग दुनिया है। इनके बारे में अभी तक हुई खोजबीन बेहद कम हैं। जिस कारण ब्रह्मांड में अपना अलग स्थान रखने वाली उपग्रह आकाशगंगाओं के बारे अधिक लोगों को जानकरी नही है। पूर्व में माना जाता था कि इनकी संख्या मात्र 9 है, जबकि नई खोज बताती है कि यह ब्रह्मांड के एक बढ़े हिस्से में हो सकती हैं। फिलहाल 61 उपग्रह आकाशगंगा हाल में खोजी गई हैं।

जिनमें बड़े और छोटे मैगेलैनिक बादल के उपग्रह आकाशगंगा शामिल हैं। यह खोज 1.4 मिलियन प्रकाश वर्ष के भीतर दायरे में कई गई है। जापान की सुबारू दूरबीन के जरिए यह खोज की गई है। खोजकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि फिलहाल उन्होंने आकाश के केवल 3 प्रतिशत भाग में ही खोज की है।

हमारी आकाशगंगा की परिक्रमा करने वाली अधिकांश उपग्रह आकाशगंगाएँ नवागंतुक हैं, जो छोटे बड़े मैगेलैनिक बादल में सिमटी हैं और इन्हें नवागंतुक माना जाता हैं। इनका विस्तार निरंतर जारी है। इनकी ऑर्बिट के बारे में निश्चित पता अभी नही लग पाया है। बहरहाल यह जानकारी जुटाने के लिए सुबारू दूरबीन से डेटा एकत्र का कार्य चल जिसका पता जल्द लग जाएगा। हवाई के मौना केआ में सुबारू टेलीस्कोप एक 8.2 मीटर व्यास की टेलीस्कोप है।

उपग्रह आकाशगंगा की तस्वीर।

बौनी आकाशगंगा भी कहा जाता है

उपग्रह आकाशगंगा सीमित आकार लिए एक छोटी आकाशगंगा है, जो आकाशगंगा की परिक्रमा करती हैं। इन्हें बौनी आकाशगंगा भी कहा जाता है। यह मेजबान आकाशगंगा की गुरुत्वाकर्षण के आकर्षण के भीतर बंधी हुई कक्षाओं में यात्रा करती है। इनकी विस्तृत जानकारी के लिए अधिक शोध किए जाने की जरूरत है। वैज्ञानिकों का मानना है कि हाल में हुई खोज से इस दिशा में खोज का दायरा बढ़ेगा। जिसमें दुनिया के अनेक देशों के वैज्ञानिक शामिल होंगे।

भारतीय नागरिक ने ट्रक से व्हाइट हाउस पर हमला करने का अपराध स्वीकार किया

वाशिंगटन। अमेरिका में हिटलर वाली तानाशाही लाने के उद्देश्य से व्हाइट हाउस में ट्रक घुसाने वाले भारतीय नागरिक ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। अमेरिका के एक अटॉर्नी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि आरोपी अमेरिका में स्थायी निवासी के तौर पर रह रहा है।

अभियोजन और बचाव पक्ष के बीच हुए समझौते के वक्तव्य के अनुसार मिसूरी में सेंट लुईस के रहने वाले वरशित कांदुला (20) ने भाड़े के एक ट्रक को व्हाइट हाउस के परिसर में घुसा कर वहां पहुंचने का प्रयास किया था। अमेरिकी जिला अदालत के न्यायाधीश डाबनी एल. फ्रेडरिक ने कांदुला को सजा सुनाने के लिए 23 अगस्त की तारीख तय की है। अमेरिकी अटॉर्नी मैथ्यू ग्रेव्स ने सोमवार को कहा कि कांदुला का इरादा लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को नाजी जर्मनी की विचारधारा से प्रेरित तानाशाही वाली सरकार में बदलना और खुद को अमेरिका का सर्वेसर्वा बनाना था।

दीदार

आगरा में इन दिनों ताजमहल देखने आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। ताज महल का दीदार करते पर्यटक। ● एजेंसी